रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, रविवार 02 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 54 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

लोकसभा चुनाव 2024

एग्जिट पोल का दावा

सर्वे में एनडीए को 350 से ज्यादा सीटें, इंडिया गठबंधन 118 पर सिमटेगा

# फिर मोदी सरकार

## 4 जून को आएंगे नतीजे, 542 सीटों पर हुए चुनाव, बहुमत के लिए चाहिए 272 सीटें

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली


चुनाव के अंतिम चरण का वोट संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को प्रचंड बहुमत का अनुमान लगाया गया है.इनके मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालने जा रहे हैं. सर्वेक्षणों में एनडीए के तमिलनाडु व केरल में अपना खाता खोलने और कर्नाटक में फिर से भारी जीत का अनुमान जताया गया है.
'इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया' ने एनडीए को 361-401 सीट मिलने की संभावना जताई है. उसका अनुमान है कि इंडिया गठबंधन को 131-166 सीट से संतोष करना पड़ेगा.
'एबीपी-सी वोटर' ने एनडीए के लिए 353-383 सीटें और इंडिया गठबंधन के लिए 152-182 सीटों का अनुमान लगाया है. 'टुडेज़ चाणक्य' ने भाजपा को 335 और एनडीए को 400 सीटें दी हैं. इसने विपक्षी गठबंधन को 107 सीटें दी हैं. चुनाव में भाजपा ने एनडीए के लिए 400 पार का नारा दिया था. अगर एग्जिट पोल सच साबित हुए, तो मोदी लगातार तीसरी बार जीत दिलाने के मामले में पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे.
'टाइम्स नाउ-ईटीजी' के एग्जिट पोल ने एनडीए और इंडिया को क्रमशः 358 और 152 सीटें दी हैं. सर्वेक्षणकर्ताओं ने कहा कि एनडीए 2019 की अपनी 353 सीटों की संख्या को पार कर सकता है. 'रिपब्लिक टीवी-पी मार्क' ने दावा किया है कि एनडीए 359 सीटें हासिल करेगा और विपक्षी इंडिया गठबंधन को 154 सीट मिलेंगी.

| एजेंसी | एनडीए | इंडिया | अन्य |
|---|---|---|---|
| रिपब्लिक मैट्रिज | 353-368 | 118-135 | 118-135 |
| इंडिया न्यूज डी डायनमिक्स | 371 | 125 | 47 |
| रिपब्लिक पीमारक्यू | 359 | 154 | 30 |
| एनडीटीवी जन की बात | 362-392 | 141-161 | 10-20 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 153-169 | 21-23 |
| इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया | 361-401 | 131-166 | 08-20 |
| एबीपी-सी वोटर | 231-275 | 12-161 | 02-10 |

ये विभिन्न सर्वे एजेंसियों की ओर से जारी अनुमानित आंकड़े हैं.



### 2019 के नतीजे




### यूपी में बीजेपी का दम, दिल्ली में आप साफ

एग्जिट पोल के पूर्वानुमान के मुताबिक, देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में एनडीए के खाते में 69-74 सीटें जा रही हैं. यहां इंडिया को सिर्फ 6-11 सीटों पर ही रुकना होगा. दिल्ली की सभी सात सीटों पर बीजेपी की जीत दिख रही है. वहीं, हरियाणा में बीजेपी को 8-9 सीटें मिल सकती हैं. यहां इंडिया गठबंधन को सिर्फ 1-2 सीटें मिलने की संभावना है.

### झारखंड-बिहार-बंगाल भी भाजपा बहुत आगे

झारखंड में भाजपानीत एनडीए 8-10 सीटें जीत सकता है. वहीं इंडिया गठबंधन के खाते में 4-6 सीटें आने का अनुमान है. पश्चिम बंगाल में बीजेपी को काफी उम्मीदें हैं. हालांकि, भगवा पार्टी पिछली बार की तरह ही इस चुनाव में भी प्रदर्शन करती नजर आ रही है. उसे 26-31 सीटें मिलने का अनुमान है. वहीं, टीएमसी को 11-16 सीटें मिल सकती हैं. बिहार में बीजेपी-जेडीयू गठबंधन पुराना प्रदर्शन दोहराता दिख रहा है. उसके हिस्से में 30-35 सीटें जाती दिख रही हैं. वहीं, राजद की अगुवाई में इंडिया गठबंधन को यहां 7-9 सीटों से ही संतोष करना पड़ सकता है.

### महाराष्ट्र-गुजरात में भी भाजपा का कमाल

महाराष्ट्र में एनडीए 31-35 सीटें जीतती नजर आ रही है. यहां इंडिया गठबंधन को 12-16 सीटें पर ही संतोष करना पड़ सकता है. गुजरात में बीजेपी 2019 की तरफ फिर कमाल करती नजर आ रही है. 26 की 26 सीटों पर जीत का अनुमान है. राजस्थान की बात करें, तो यहां बीजेपी के खाते में 23-25 सीटें जाती दिख रही हैं. छत्तीसगढ़ में 10-11 बीजेपी के खाते में जाने की संभावना है. मध्य प्रदेश में भाजपा को 28-29 सीटें मिल सकती हैं. यहां इंडिया गठबंधन यानी कांग्रेस को 0-1 सीटों से संतोष करना पड़ सकता है.

### एग्जिट पोल

राज्य सीटें

झारखंड-14
भाजपा-8-10
कांग्रेस 2-3
झामुमो 2-3
अन्य 0-1

बिहार-40
भाजपा 13-15
कांग्रेस 1-2
जदयू 9-11
राजद 6-7
एलजेपी 4-5

राजस्थान-25
एनडीए-16-19
इंडिया 5-7
अन्य 1-2

मध्य प्रदेश-29
एनडीए-28
इंडिया-01
अन्य -00

गोवा-2
एनडीए-01
इंडिया-01

गुजरात-25
एनडीए 25
इंडिया 00

छत्तीसगढ़-11
एनडीए 10-11
इंडिया 0-01

केरल-20
एनडीए 2-3
यूडीएफ 17-18
एलडीएफ 0-1

कर्नाटक-29
एनडीए 23-25
इंडिया 3-5
अन्य 00

तमिलनाडु- 39
एनडीए 2-3
इंडिया 33-37
अन्य 00

दिल्ली- 07
एनडीए 6-7
इंडिया 0-1

महाराष्ट्र 48
एनडीए 30-36
इंडिया 13-19

जम्मू कश्मीर 05
एनडीए 02
इंडिया 03

हरियाणा-10
एनडीए 6-8
इंडिया 2-4

पंजाब-13
एनडीए 2-4
इंडिया 7-8
अकाली दल-2-3
अन्य 0-1

हिमाचल प्रदेश-04
एनडीए 04
इंडिया 00

असम-14
एनडीए 9-11
इंडिया 2-4
अन्य 02

उत्तर प्रदेश-80
एनडीए 69-74
इंडिया 6-11

क्रिकेट का सबसे बड़ा रोमांच

## टी-20 वर्ल्ड कप 2024 आज से




### 28 दिन, 55 मैच

एजेंसी। डैलस

टी20 विश्व कप के नौवें संस्करण को शुरू होने में अब बस कुछ घंटे का समय बचा है. भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे मेजबान अमेरिका और कनाडा के बीच मैच से इस टूर्नामेंट की शुरुआत हो जाएगी. भारतीय टीम की नजर दूसरी बार चैंपियन बनने पर है. टीम इंडिया ने 2007 में उद्घाटन संस्करण में यह खिताब अपने नाम किया था. इसके 17 साल बीत गए, लेकिन टीम एक भी बार टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीत पाई. हालांकि, 2014 में भारतीय टीम फाइनल में और 2016-2022 में सेमीफाइनल में जरूर पहुंची, लेकिन खिताब नहीं जीत पाई. अब रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से काफी उम्मीदें हैं. इस साल टी20 विश्व कप के मैच वेस्टइंडीज और अमेरिका के नौ स्थानों पर खेले जाएंगे. इनमें वेस्टइंडीज के छह और अमेरिका के तीन स्थान हैं. यह अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप है और कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं.




- अमेरिका और कनाडा के बीच ओपनिंग मैच आज

समय : शाम 6:00 बजे से
भारतीय समयानुसार

**टी20 विश्व कप में कितनी टीमें भाग ले रही हैं?**
टी20 विश्व कप में 20 टीमें भाग ले रही हैं. मेजबान वेस्टइंडीज और अमेरिका के अलावा भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड, इंग्लैंड, आयरलैंड, कनाडा, स्कॉटलैंड, ओमान, नेपाल, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया की टीमें हिस्सा ले रही हैं.



### टी-20 वर्ल्ड कप फैक्ट

- फाइनल मैच 29 जून को बारबाडोस के केनसिंगटन ओवल मैदान पर खेला जाएगा
- भारत का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से न्यूयॉर्क में होगा
- कप के मैचों का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा

# राजमहल, गोड्डा व दुमका में 69% वोट

शुभम किशोर। रांची

राजमहल, गोड्डा और दुमका में मतदान के साथ शनिवार को झारखंड की सभी 14 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया. इस चरण में करीब 68.95 प्रतिशत मतदान हुआ है. दुमका में 71.07 फीसदी, गोड्डा में 67.45 प्रतिशत मतदान हुआ. वहीं राजमहल में सीट पर करीब 68.35 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया. मतदान औसत और ऊपर जा सकता है. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने जानकारी दी कि राज्य में अंतिम चरण का मतदान भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया. चार जून को कड़ी सुरक्षा में मतगणना कराई जाएगी. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार और राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने संयुक्त प्रेस वार्ता करके बताया कि देर रात तक सभी पोलिंग पार्टी स्ट्रॉन्ग रूम पहुंच जाएंगी.

### कहां कितनी प्रतिशत वोटिंग

| | |
|---|---|
| **राजमहल लोकसभा** | **68 .35%** |
| बरहेट | 63.20% |
| बोरियो | 62.66% |
| लिट्टीपारा | 69.74% |
| महेशपुर | 74.01% |
| पाकुड़ | 69.09% |
| राजमहल | 64.10% |
| **दुमका लोकसभा** | **71.07%** |
| दुमका | 68.65% |
| जामा | 69.80% |
| जामताड़ा | 67.50% |
| नाला | 74.00% |
| सारठ | 67.91% |
| सिकरीपाड़ा | 73.01% |
| **गोड्डा लोकसभा** | **67 .45%** |
| देवघर | 64.68% |
| गोड्डा | 67.42% |
| जरमुंडी | 69.46% |
| मधुपुर | 70.11% |
| महगामा | 64.08% |
| पोरेयाहाट | 68.31% |



### चुनाव कार्य में लगे ड्राइवर की मौत

के रवि कुमार ने बताया के जामताड़ा जिले में चुनाव कार्य में लगे एक प्राइवेट गाड़ी के ड्राइवर की मौत हो गई. ड्राइवर का नाम नारायण दास था और वो बंगाल का रहने वाला था. उन्होंने कहा की जानकारी के अनुसार ड्राइवर पूल पर बैठकर शराब पी रहा था. पूल से नीचे गिरने की घटना से उसकी मौत हुई. वहीं गोड्डा के बूथ नंबर 32 में नसीम शाह नाम के पोलिंग एजेंट को हार्ट अटैक से तबियत बिगड़ गई. जिन्हे उपचार के लिए रांची लाया गया है.

### 40 हजार जवान थे तैनात : एवी होमकर

एवी होमकर ने कहा की 6258 बूथों पर शांतिपूर्ण वोटिंग हुई. उन्होंने कहा की राज्य के चौथे चरण में लगभग 40 हजार जवान लगे थे. चौथे चरण में 130 बूथ नक्सल प्रभावित क्षेत्र में थे. वहा भी चुनाव अच्छे से संपन्न हुआ. चुनाव कार्य में सुरक्षा को लेकर बिहार और बंगाल से जुड़े लगभग 49 लोकेशन को सील किए गए थे.



मतदान खत्म, 8360 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

## अंतिम चरण में पड़े 59.14% वोट



**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें चरण के लिए मतदान शनिवार को संपन्न हो गया. इसी के साथ आम चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई. शनिवार को आठ राज्यों की 57 सीटों पर वोटरों ने अपने वोट दिये. इस चरण में करीब 60 फीसदी मतदान हुआ है. इसी के साथ ईवीएम में कुल 8360 उम्मीदवारों की किस्मत कैद हो गई. सातवें चरण का मतदान समाप्त होने पर निर्वाचन आयोग ने सभी हितधारकों, मतदाताओं, कर्मियों, जवानों आदि धन्यवाद कहा है.

| | |
|---|---|
| बिहार- | 51.27 % |
| चंडीगढ़- | 67.90% |
| हिमाचल- | 68.40% |
| झारखंड- | 68.95% |
| ओडिशा- | 65.68% |
| पंजाब- | 55.98% |
| उत्तर प्रदेश- | 55.60% |
| प. बंगाल- | 69.89% |

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने की बैठक, बनी रणनीति

# हमारे अलायंस को मिलेंगी 295 से ज्यादा सीटें : खरगे

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के दलों ने चुनाव को लेकर शनिवार को अहम बैठक की. बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन 295 सीटों से ज्यादा जीतेगा. खरगे ने कहा, ढाई घंटे की बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई.खासतौर पर नतीजों के समय क्या-क्या कठिनाइयां आ सकती हैं और कैसे उसे ठीक करना है. इंडिया गठबंधन की 295 से ज्यादा सीटें आ रही हैं. इसमें कोई बदलाव नहीं होगा. यह हमारा सर्वे नहीं, बल्कि जनता का सर्वे है. हमारे नेताओं को जो जानकारी मिली है, उस आधार पर आपको बताया है.

खरगे ने कहा कि कांग्रेस के प्रवक्ता टीवी चैनलों की डिबेट में भी शामिल होंगे. देश के सामने हम अपना पक्ष रखेंगे. खरगे ने कहा, मतगणना वाले दिन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए घटक दलों के नेताओं की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता बेहद सतर्क हैं. मैं सब को उनकी सम्मानजनक उपस्थिति के लिए धन्यवाद देता हूं. हमने पूरी ताकत से चुनाव लड़ा और जीत को लेकर आश्वस्त हैं, क्योंकि भारत के लोगों ने हमारा समर्थन किया है. कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाइयों को फॉर्म 17सी को लेकर सतर्क किया है.

वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनने जा रही है. जो समुद्र की ओर चेहरा करके बैठे हैं,उनकी सच्चाई ये है कि उन्होंने जनता की ओर पीठ कर लिया. इस बार जनता भी उनके खिलाफ खड़ी हो गई है.



नई दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद मीडिया से मुखातिब खरगे.

**बैठक में ये हुए शामिल:** खरगे के आवास पर हुई बैठक में खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, फारूक अब्दुल्ला और अखिलेश यादव शामिल हुए. सीताराम येचुरी, डी राजा, तेजस्वी यादव, टीआर बालू, झामुमो के नेता एवं झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) के अनिल देसाई, भाकपा माले के नेता दीपांकर भट्टाचार्य और वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी इस बैठक में भाग लिया.

## दिनेश कार्तिक ने संन्यास लिया

**चेन्नई।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था, लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया.कार्तिक ने 'एक्स' पर लिखा, काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नयी चुनौतियों के लिए तैयार हूं. तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाये हैं.

सूरते-हाल लोड शेडिंग और लो-वोल्टेज ने तोड़ी झारखंड के उद्योगों की कमर

# एक सप्ताह में हो गया 300 करोड़ रुपये का नुकसान


रवि भारती। रांची

झारखंड में पिछले एक सप्ताह में बिजली की कटौती और लो वोल्टेज के कारण उद्योगों को लगभग 300 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है. राज्य में लगभग आठ हजार लघु, मध्यम और बड़े उद्योग हैं. बिजली नहीं होने के कारण पिछले एक सप्ताह में उद्योगों में लगभग 70 हजार लीटर डीजल की अधिक खपत हुई. राजधानी रांची में ही आठ हजार लीटर डीजल की अधिक खपत हुई. सरकार के लाख दावों के बावजूद किसी भी जिले में जीरो पॉवर कट नहीं हो पाया है. न ही एक भी नया पावर प्लांट स्थापित हो पाया है.

**उद्योगों को दी जाती है 500 से 550 मेगावाट बिजली :** राज्य में उद्योगों को 500 से 550 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की जाती है. यह बिजली उद्योगों को छह रुपए प्रति यूनिट की दर से दी जाती है. जबकि जनरेटर से एक यूनिट बिजली उत्पादन में 18 से 19 रुपए खर्च आता है. इस हिसाब से जनरेटर से एक यूनिट बिजली उत्पादन में लगभग 13 रुपए का नुकसान होता है. डीजल से एक मेगावाट बिजली उत्पादन में 12 से 13 हजार रुपए खर्च आता है.

### जिलों में अब तक नहीं हो पाया है जीरो पॉवर कट

- सप्ताह भर में 70 हजार लीटर डीजल की हुई अतिरिक्त खपत




- डीजल से एक मेगावाट बिजली उत्पादन में खर्च है 12 से 13 हजार

### अर्थिंग नहीं होने के कारण लो वोल्टेज की समस्या

राज्यभर में प्रॉपर अर्थिंग नहीं होने के कारण लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है. खासकर गर्मी में अर्थिंग नहीं मिलने के कारण लो वोल्टेज की समस्या आ जाती है. इससे घरेलू उपभोक्ताओं को भी नुकसान होता है. बिजली वितरण निगम का कहना है कि झारखंड पहाड़ी इलाका है. इस कारण प्रॉपर अर्थिंग नहीं मिलती है. वहीं बिजली की मांग अधिक होने और आपूर्ति कम होने से वोल्टेज अप-डाउन की समस्या होती है. अगर आपूर्ति अधिक हो गई, तो हाई वोल्टेज की समस्या होती है. ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट जल जाते हैं. वहीं लो वोल्टेज से भी इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को नुकसान पहुंचता है.

### किस उपकरण के जलने पर घरेलू उपभोक्ताओं को कितना नुकसान

- एसी जला तो कंप्रेशर बनाने व रिफिलिंग कराने पर 9 से 10,000 रुपये खर्च
- **पंखा जला तो 400 से 500 रुपये खर्च**
- कूलर का मोटर जला तो 1000 से 1500 रुपये खर्च
- **रेफ्रीजरेटर जला तो कंप्रेशर बनाने में 5000 से 6000 खर्च**
- साधारण बल्ब फ्यूज हुआ तो 10 से 12 रुपए खर्च
- **एलइडी फ्यूज हुआ तो 90 से 150 रुपये खर्च**




### क्या कहते हैं चैंबर के अध्यक्ष

चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा है कि बिजली की कमी और लो वोल्टेज की समस्या का खामियाजा उद्योगपतियों और व्यवसायियों को उठाना पड़ रहा है, जबकि उपभोक्ताओं से हर चीज का चार्ज लिया जाता है. बिजली बिल पेमेंट करने के बाद भी उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली नहीं मिलती है. इस पर सरकार को गंभीरता से सोचना चाहिए.

## ईडी के हाथ लगे मनीष रंजन और संजीव के प्रॉपर्टी डिटेल

विनीत आभा उपाध्याय। रांची



केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव और फिलहाल राज्य में राजस्व सचिव के पद पर तैनात वरीय आईएएस अधिकारी मनीष रंजन, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल समेत जहांगीर आलम की प्रॉपर्टी और इन्वेस्टमेंट की जानकारी इकठा कर रही है. ईडी को अब तक यह जानकारी मिली है कि मनीष रंजन, उनकी पत्नी और पारिवारिक सदस्यों के नाम पर सिर्फ रांची जिले में तीन प्रॉपर्टी खरीदी गई है. मनीष रंजन, उनकी पत्नी और पारिवारिक सदस्यों के नाम पर जो सम्पति खरीदी गई है, वह फ्लैट और जमीन है. एक सम्पति पिछले वर्ष ही खरीदी गई है, जिसकी कीमत लाखों में है. एक प्रॉपर्टी की कीमत तो करीब 95 लाख रुपए से भी ज्यादा की है. इसके साथ ही मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसकी पत्नी के नाम पर भी इन्वेस्टमेंट की जानकारी ईडी को मिली है. ईडी को जो जानकारी मिली है,उसके मुताबिक संजीव लाल और उसकी पत्नी के नाम पर रांची में तीन प्रॉपर्टी खरीदी गई है. संजीव लाल ने पिछले 7-8 वर्षों के अंदर ही तीनों प्रॉपर्टी खरीदी है.टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच ईडी ने तेज कर दी है. अब तक इस मामले में आलमगीर, बीरेंदर राम, संजीव लाल जहांगीर समेत कई प्रमुख लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है. इस मामले मनीष रंजन से ईडी एक बार पूछताछ भी कर चुकी है और एजेंसी ईडी ने उन्हें दुबारा पूछताछ के लिए भी बुलाया है.

### बाबूलाल ने रिकॉर्ड 300 सभाएं कीं, प्रधानमंत्री ने झारखंड में आठ रैली, रोड शो और जनसभा की

# रैली-जनसभा में भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ा

### अमित शाह ने भी झारखंड में चार रैली और रोड शो किया

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव में अब समाप्त हो गया है. चार जून को रिजल्ट आएगा. लेकिन पूरे झारखंड में भाजपा ने रैली, रोड शो और जनसभा में नया रिकॉर्ड भी बनाया गया. वहीं कांग्रेस जनसभा व रैली में भाजपा के मुकाबले काफी पीछे छूट गया. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन मल्लिकार्जुन खरगे ने चार रैलियां की, जबकि राहुल और प्रियंका दोनों की दो-दो रैलियां हुईं.

भाजपा



कांग्रेस




## पीएम नरेंद्र मोदी ने आठ जनसभाओं को किया संबोधित

अमित शाह चुनाव प्रचार के दौरान तीन बार झारखंड आए. उन्होंने तीन रैलियां की और एक रोड एनडीए की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में आठ जनसभाओ को संबोधित किया. केंद्रीय गृह मंत्री अनित शाह ने चार जनसभाएं की. वहीं पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण के अलावा एमपी के सीएम मोहन यादव, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने कुल मिलाकर झारखंड में 50 से ज्यादा रैलियां, जनसभाएं और रोड शो किए. केंद्रीय रक्षा मंत्री ने राजनाथ सिंह की छह चुनावी रैलियां की. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दो रैलियां की.

### बाउरी ने 150 से ज्यादा सभाएं की

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सबसे ज्यादा करीब 300 रैली, जनसभा और चुनावी कार्यक्रमों में शिरकत की. झारखंड नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने भी 150 से ज्यादा कार्यक्रमों किए. इनके अलावा केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न होने के बाद दूसरे लोकसभा क्षेत्रों में दर्जनों सभाएं की.


### कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने सभी विभागों को लिखा पत्र

# कोड ऑफ कंडक्ट खत्म होते ही बढ़ेगी विकास की रफ्तार

- सभी विभाग नई योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए रखें पूरी तैयारी
- योजना स्वीकृति के बाद टेंडर प्रक्रिया को जल्द निपटाएं
- जनोपयोगी व लोकहित संबंधित योजनाओं को अगले छह माह के अंदर करें पूरा
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए तैयार की गई हैं 216 योजनाएं

**रवि भारती। रांची**

कोड ऑफ कंडक्ट समाप्त होते ही झारखंड में विकास की रफ्तार तेज होगी. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बनाई गई योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा. इसके लिए कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिवों को पत्र लिखा है. पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगनी है. ऐसे में सभी विभाग वैसी नई योजना की पूरी तैयारी कर रखें, जिसकी आचार संहिता से पहले स्वीकृति मिल सके. योजना की स्वीकृति के बाद टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी हो जाए. जनोपयोगी एवं लोकहित संबंधित योजनाओं को आगामी छह माह के अंदर पूर्ण कर लिए जाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्राथमिकता के साथ एक ठोस कार्ययोजना तैयार कर काम करें.



## इन योजनाओं पर होगा काम

**अबुआ आवास योजना :** केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर झारखंड के गरीब परिवारों को घर मुहैया कराने के लिए सरकार की ओर से अबुआ आवास योजना के तहत आवास ऋण की रकम को 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 3.50 लाख रुपये कर दिया गया है. इसके लिए सरकार की ओर से करीब 4,831.83 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. अबुआ आवास के लिए वित्त वर्ष 2024-25 से लेकर 2027-28 के दौरान हरेक साल करीब 4.5 लाख परिवारों को आवास मुहैया कराए जाएंगे और 2027-28 तक करीब 20 लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

**अंडरग्राउंड पाइपलाइन :** पलामू जिले में अंडरग्राउंड पाइपलाइन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों और जल निकायों में पेयजल और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए 456.63 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई गई है. इससे पलामू के चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छत्तरपुर, हुसैनाबाद और मोम्मदगंज के निवासियों और किसानों को लाभ मिलेगा.

**सिंचाई परियोजना :** सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन की योजना है. इसके तहत बराकर नदी पर वीयर का निर्माण कराने के बाद अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिए पीरटांड प्रखंड के अलावा पूर्वी सिंहभूम के पटमदा आदि क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी.

**आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण :** वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान राज्यभर में करीब 2,500 आंगनबाड़ी केंद्रों पर नए भवन का निर्माण कराएगी. झारखंड में फिलहाल करीब 38,432 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं. इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए टेबल-कुर्सी की खरीद के लिए सरकार करीब 280.17 करोड़ रुपये खर्च करेगी.

**ब्लॉक लेवल लीडर स्कूल :** झारखंड की प्राथमिक-माध्यमिक शिक्षा में सुधार के लिए प्रखंडस्तरीय लीडर स्कूल का निर्माण कराया जाएगा. वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सरकार पूरे झारखंड में करीब 325 प्रखंडस्तरीय लीडर स्कूलों और करीब 4,036 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालयों का निर्माण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है.

**स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क :** सरकार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्लाउड कम्प्यूटिंग, एआर-वीआर और बाजार की मांग वाली सेवाओं में रिटेल, हॉस्पिटलिटी, वित्तीय सेवाओं के लिए स्पेशल परपस व्हीकल के माध्यम से बीआईटी सिंदरी में स्टेट टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना की जाएगी.

**19 नए कॉलेज का निर्माण :** वित्त वर्ष 2024-25 के सालाना बजट में 19 नए कॉलेज खोलने की योजना बनाई गई है. इसमें 14 डिग्री कॉलेज और 4 महिला महाविद्यालय शामिल हैं.

**रांची में इनर रिंग रोड :** वर्ष 2024-25 में नए रोड का निर्माण, उसका नेटवर्क बढ़ाने और कोर रोड नेटवर्क कनेक्टिविटी विकसित करने की योजना है। ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट और इम्पॉर्टेंट कॉरिडोर के निर्माण के साथ ही रांची में इनर रिंग रोड का निर्माण कराया जाएगा.

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 2500 किलोमीटर रोड और करीब 200 पुलों का निर्माण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया.


**टेरिटरी हेल्थ केयर :** टेरिटरी हेल्थ केयर को मजबूत बनाने के लिए आने वाले सालों में राजधानी रांची में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना करेगी. इसके साथ ही, पहले से संचालित रिम्स को सुदृढ़ीकरण और रिनपास के कैंपस में उपलब्ध जमीन पर एक मेडिको सिटी की स्थापना की जाएगी.

**जलापूर्ति योजना :** अमृत 2.0 मिशन के तहत झारखंड में करीब आठ जलापूर्ति योजना की शुरुआत की जाएगी. इनमें कपाली, जामताड़ा, गुमला, बरहरवा, हरिहरगंत, छत्तरपुर, श्रीवंशीधर नगर, और लोहरदगा में जलापूर्ति योजना के तहत निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा

**वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए तैयार की गई हैं 216 योजनाएं**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 216 योजनाएं तैयार की गई हैं. इन योजनाओं में से 80 योजनाओं के आधार पर बाल बजट भी तैयार किया गया है. इसके लिए सरकार की ओर से करीब 8866.69 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान है. साथ ही किसानों की ऋण माफी, गरीबों को घर बनाने के लिए आबुआ आवास योजना के तहत लाभ और गरीबों की थाली में दाल-भात के साथ सब्जी देने की भी योजना शामिल है.

## वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम अग्रवाल का निधन



**रांची।** हिंदी दैनिक 'उदितवाणी' के संस्थापक संपादक राधेश्याम अग्रवाल का शनिवार को जमशेदपुर के एक अस्पताल में हृदयाघात से निधन हो गया. उनके परिवार ने यह जानकारी दी. वह 84 वर्ष के थे. उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं. राधेश्याम अग्रवाल के बेटे और दैनिक अखबार के संपादक उदित अग्रवाल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गुरुवार रात हल्का दिल का दौरा पड़ने के बाद उनके पिता को यहां टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था तथा शनिवार को एक और गंभीर हृदयाघात के बाद उनका निधन हो गया. ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया. दास ने 'एक्स' पर एक बयान में कहा, जमशेदपुर ने एक ऐसा पत्रकार खो दिया, जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से मानवता की सेवा की तथा प्रशासन और जनता के बीच एक सेतु के काम किया.

# झारखंड में ईओयू के लिए 137 पदों का होगा सृजन

**संवाददाता। रांची**

अब आतंकी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने से लेकर हवाला माध्यम से लेनदेन की जांच झारखंड पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) करेगी. झारखंड पुलिस के पास शीघ्र ही यह इकाई होगी, जिसके गठन की कवायद एक बार फिर शुरू हो गई है. ईओयू के गठन के लिए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने डीजी सीआईडी को जल्द प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा है. यह पहली बार नहीं है कि झारखंड में ईओयू के गठन का प्रस्ताव मांगा गया है. इससे पहले भी सितंबर 2017 में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गृह विभाग को इससे संबंधित प्रस्ताव भेजा था, लेकिन इसके बाद इस दिशा में सात साल बीत जाने के बाद भी कोई निर्णय नहीं हो पाया था. जानकारी के मुताबिक, इस इकाई के लिए पूरे राज्य में 137 पदों का सृजन होगा. आईजी स्तर के अधिकारी इसका नेतृत्व करेंगे. वहीं तीन एसपी, चार डीएसपी, 14 इंस्पेक्टर, 21 दारोगा, एक आशुलिपिक अवर निरीक्षक व तीन आशुलिपिक सहायक अवर निरीक्षक के अलावा 92 सिपाही-हवलदार पूरे राज्य को देखेंगे. इसका रांची में मुख्यालय होगा. इसके अतिरिक्त छह रेंज कार्यालय होगा, जिसमें रांची, हजारीबाग, धनबाद, दुमका, पलामू व चाईबासा में क्षेत्रीय कार्यालय होगा. इसमें मुख्यालय के अलावा हजारीबाग व धनबाद में ही एसपी व डीएसपी का पद सृजित है.

### खास बातें

- झारखंड में भी बिहार की तर्ज पर ईओयू गठन की कवायद तेज
- सात साल पहले भी भेजा गया था प्रस्ताव

### इन मामलों की जांच करेगी आर्थिक अपराध इकाई

जमाखोरी, जाली नोट, मादक द्रव्य, प्राकृतिक संपदाओं की तस्करी, बैंक बीमा व सिक्योरिटी फ्रॉड, चिटफंड कंपनी घोटाला, आय से अधिक संपत्ति, गबन व दुर्विनियोग, बेनामी संपत्ति जैसे मामलों का जांच की जाएगी.

### जनवरी से मार्च तक राज्य में 434 हत्या की वारदातें हुईं

# झारखंड में बढ़ गईं हत्या की घटनाएं

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में इन दिनों हत्या की घटनाओं में बढ़ोतरी दर्ज की गई है. झारखंड पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, झारखंड में साल 2023 की तुलना में साल 2024 में हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं. साल 2023 में जनवरी-मार्च महीने तक हत्या की 399 घटनाएं हुई थीं.

वहीं साल 2024 में यह घटना बढ़कर 434 हो गई. यानि हर दिन पांच लोगों की हत्या झारखंड में हो रही है. इसके अलावा संगीन अपराध की बात की जाए, तो राज्य में साल 2024 में पिछले तीन महीने के दौरान 2,744 चोरी, 100 लूट और 338 दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं.

**2,744 चोरी, 100 लूट और 338 दुष्कर्म की घटनाएं हुईं**

### जानें हाल के महीने में हुई हत्या की घटनाएं

- 31 मई 2024 : रामगढ़ में लूट के दौरान बुजुर्ग महिला की हत्या.
- 31 मई 2024 : पलामू में ग्रामीण की गोली मारकर हत्या.
- 21 मई 2024 : सराइकेला में शौच के लिए खेत में गई महिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या.
- 08 मई 2024 : धनबाद में स्कूल से घर लौट रही छात्रा की धारदार हथियार से हत्या.
- 17 अप्रैल 2024 : हजारीबाग में मेला देखकर लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या.
- 03 अप्रैल 2024 : लातेहार में तीन लोगों की हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया.
- 15 मई 2024 : गिरिडीह कोर्ट में गवाही देने आ रहे युवक की हत्या.
- 25 मार्च 2024 : बोकारो में महिला की हत्या कर शव को जलाया.

### झारखंड में हुई सबसे अधिक राजनीतिक हत्याएं

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट क्राइम इन इंडिया के अनुसार, देशभर में सबसे अधिक राजनीतिक कारणों से हत्या झारखंड में हुई है. देशभर में राजनीतिक कारणों से 59 व्यक्तियों की हत्या हुई है. जिनमें सबसे अधिक 17 झारखंड में हुई है. हालांकि हत्या के सबसे अधिक मामले यूपी में दर्ज किए गए हैं. वहीं हत्या के मामले में झारखंड देश में आठवें पायदान पर है.

### रेलवे ने जारी किया शेड्यूल

# जून-जुलाई में सिकंदराबाद मंडल की कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

**संवाददाता। रांची**

सिकंदराबाद मंडल के काजी पेट-बल्हारशाह रेलखंड के अंतर्गत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है. इसे लेकर रेलवे ने जून और जुलाई में कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया है. ये ट्रेनें अलग-अलग डेट पर निरस्त रहेंगी.जिसे लेकर रेलवे ने शेड्यूल भी रेलवे ने जारी कर दिया है.

**ये है ट्रेनों का शेड्यूल :** ट्रेन संख्या 07005 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन 24 जून को रद्द रहेगी. ट्रेन संख्या 07006 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 27 जून को रद्द रहेगी. ट्रेन संख्या 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन 22 जून एवं यात्रा 29 जून को रद्द रहेगी. ट्रेन संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 25 जून एवं दो जुलाई को रद्द रहेगी. वहीं ट्रेन



संख्या 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन 24 जून व 26 जून को रद रहेगी.वहीं एक जुलाई व तीन जुलाई को रद्द रहेगी. इसी प्रकार ट्रेन संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन 26 जून एवं तीन जुलाई को रद्द रहेगी. ट्रेन संख्या 07256 सिकंदराबाद पटना स्पेशल ट्रेन 28 जून एवं पांच जुलाई को रद्द रहेगी.

### गढ़वा और पलामू जारी रहेगा हीट वेव का कहर

# बदलेगा का मौसम का मिजाज, अगले चार दिनों तक बारिश के आसार, अलर्ट

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में मौसम का मिजाज बदलेगा. मौसम केंद्र के अनुसार अलर्ट जारी कर बताया है कि दो जून से पांच जून तक आंधी, वज्रपात के साथ बारिश के भी आसार हैं. दो जून को राज्य के उत्तजर-पूर्वी, मध्यस और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं हल्कीं बारिश होने की संभावना है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा जिलों में देखने को मिलेगा. मौसम विभाग ने इसके लिए अलर्ट जारी किया है. मौसम केंद्र के अनुसार दो और तीन जून को गढ़वा और पलामू जिले में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है. राज्यर में अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है. वहीं उत्तर-पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भागों में दो जून तक कहीं-कहीं गर्जन के साथ तेज हवा चलने और वज्रपात की आशंका है। हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है. इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा जिलों में देखने को मिलेगा. मौसम केंद्र के अनुसार तीन जून को राज्य के उत्तर -पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है. इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, प.सिंहभूम देखने को मिलेगा.

### इन इलाकों में आंधी बारिश और वज्रपात

राज्य के उत्तंर-पूर्वी और दक्षिणी-पूर्वी भागों में तीन जून तक गर्जन के साथ तेज हवा चलने व वज्रपात की आशंका है. हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है. इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा जिलों में देखने को मिलेगा. उत्तर-पूर्वी भागों में चार और पांच जून को कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है. इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज जिलों में देखने को मिलेगा.

### दुमका में तीर-धनुष ही चलेगा: इरफान अंसारी

**रांची।** कांग्रेस विधायक डॉ इरफान इंसारी ने कहा है कि दुमका में तीर-धनुष ही चलेगा. नलिन सोरेन को जीतने से कोई भी नहीं रोक सकता. महागठबंधन के उम्मीदवार को बंपर वोट मिल रहा है. इरफान ने वीडियो जारी कर कहा है कि मोदी को लोगों ने नकार दिया है. वह कन्याकुमारी में साधना में लीन हैं, लेकिन हमलोग यहां कष्ट में हैं. प्रधानमंत्री को अपने 10 साल के कार्यकाल में हुए काम-काज पर बात करनी चाहिए. दुमका लोकसभा के सभी मतदान केंद्रों का जायजा ले रहा हूं.

## क्लासिफाइड










### उपलब्धि झारखंड में पहली बार किया गया इस पद्धति से इलाज

# मेदांता में एंडोस्कोपी से पैंक्रियाटाइटिस का इलाज

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में पहली बार मेदांता अस्तपाल में एंडोस्कोपी प्रक्रिया से पैंक्रियाटाइटिस का इलाज किया गया है. यह जानकारी मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल के डॉक्टर संगीत सौरभ ने दी. वह रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे. उन्होंने बताया कि रामगढ़ निवासी एक युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. वह पेट में असहनीय दर्द, बार-बार होने वाले बुखार व उल्टियां आने से परेशान था. इससे पहले भी किसी दूसरे अस्पताल में उसने इलाज कराया था. डॉ सौरभ ने बताया कि



संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते डॉ संगीत सौरभ व अन्य.

मरीज की स्थिति को देखते हुए ईयूएस प्रक्रिया के तहत इलाज किया गया. इसे सिस्टोगैस्ट्रोस्टमी कहा जाता है. इसमें एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस के बाद मरीज के गंदे संक्रमित तरह पदार्थ व मलबे जमा होते हैं. इसे स्पूडोसिस्ट या डब्लूओएन कहा जाता है. एंडोस्कोपी के जरिये पानी के निकासी की गई, साथ ही स्टंट लगाया गया, जिससे हानिकारक पानी बाहर निकाला गया. इस तरह रामगढ़ निवासी मरीज को ठीक किया गया. मरीज के बारे में जानकारी देते हुए डॉ सौरभ ने बताया कि शुरू में तो उन्हें एंटीबायोटिक दिया गया. बाद में सिटी स्कैन कराने पर पता चला कि उन्हें एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस है. आज के समय में पैंक्रियाटाइटिस की बीमारी काफी बढ़ रही है. यह एक गंभीर बीमारी है. 10 प्रतिशत मामले में मरीज की जान भी चली जाती है. गॉलस्टोन और शराब पीने की वजह से यह बीमारी होती है. इस बीमारी में पेंक्रियाज और आसपास की टिश्यू में सूजन हो जाता है जिसकी वजह से 20 से 30 प्रतिशत मरीजों में आर्गन फेलियर हो सकता है. इस बीमारी में पैंक्रियाज में सूजन हो जाता है जिसका प्रभाव अन्य अंगों पर भी पड़ सकता है.

## निशिकांत दुबे ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की, जीत का दावा किया



**रांची।** गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे ने शनिवार को पत्नी संग वोट डाला. इससे पहले उन्होंने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. कहा कि मैं जब भी देवघर में होता हूं तो यहां आने का प्रयास करता हूं क्योंकि मैं जो कुछ भी हूं बाबा की वजह से ही हूं... मैं पहले दिन से कह रहा हूं कि झारखंड में सबसे ज्यादा वोटों से जीत गोड्डा में होगी, बाबा का आशीर्वाद है तो मुझे विश्वास है कि मेरी बातें गलत नहीं होगी.

तापमान
38.4° अधिकतम | 25.8° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, रविवार 02 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~7~~ ● वर्ष : 2, अंक : 54 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल पर फायरिंग, बाल-बाल बचे



लगातार न्यूज नेटवर्क। पटना

पटना के मसौधी के टेनरी गांव में भाजपा नेता रामकृपाल यादव की गाड़ी के सामने शनिवार को एक युवक ने फायरिंग की. हालांकि, गोली उन्हें नहीं लगी और वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं. रामकृपाल यादव को भाजपा ने चुनाव में पाटलिपुत्र से उम्मीदवार बनाया है. सातवें चरण के मतदान के बाद उनके ऊपर फायरिंग की गई. सातवें चरण में बिहार की आठ सीटों पर मतदान हुआ. यहां बीजेपी-जदयू एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं.

बिहार में इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच मुख्य मुकाबला है. पाटलिपुत्र में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में शनिवार को ही मतदान हुआ. मतदान के बाद ही बीजेपी उम्मीदवार रामकृपाल यादव पर हमला किया गया, लेकिन वह सुरक्षित रहे. रामकृपाल यादव राजद की मीसा भारती के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं. अब दोनों उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है और चार जून को नतीजे सामने आएंगे. बताया गया कि सातवें चरण का मतदान खत्म होने के बाद देर शाम रामकृपाल यादव पटना के तिनेरी बूथ से लौट रहे थे. उनके साथ तिनेरी के कुछ युवक भी साथ में थे. जब वह मठिया गांव के पास पहुंचे तब मठिया के लोगों ने उनपर हमला कर दिया. हमले में तिनेरी के एक युवक का सिर फूटा है. वहीं गोलीबारी की भी घटना हुई. यह घटना देर शाम की बताई गयी है.

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

पटना एसएसपी ने बताया कि आवेदन में उल्लेख है कि उनके काफिले पर हमला किया गया और गोली चलायी गई है, दिये गये आवेदन पर एफआईआर दर्ज किया गया गया है. बाकी सारे बिंदु अनुसंधान के क्रम में स्पष्ट किए जाएंगे. एफआईआर में नौ प्राथमिकी अभियुक्तों का उल्लेख है.

# डोरंडा में दो अपराधियों में वर्चस्व की लड़ाई में पांच राउंड फायरिंग, नौ साल का बच्चा घायल

**बच्चे के पैर में लगी गोली सदर में निकाली गयी, रिम्स में भर्ती कराया, खतरे से बाहर**

क्राइम रिपोर्टर। रांची

डोरंडा थाना क्षेत्र के मिस्त्री मुहल्ला में दो अपराधियों में वर्चस्व की लड़ाई में शनिवार शाम पांच राउंड फायरिंग हुई. दोनों के बीच हुई गोलीबारी में मुहल्ले के नौ साल के मासूम बच्चे मिर्जा अरशद बेग के पैर में गोली लग गयी, जिससे वह घायल हो गया. मुहल्ले में अचानक हुई गोलीबारी से अफरा-तफरी मच गयी. घबराये लोग इधर-उधर भागने लगे. कुछ अपने घरों में घुस गये, तो कुछ तेजी से मुहल्ले से बाहर निकल गये. सूचना पाकर पहुंची डोरंडा थाना पुलिस ने लोगों से पूछताछ कर मामले की जानकारी ली. पुलिस गोलीबारी करनेवाले आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है. उधर घायलावस्था में परिजन बच्चे को सदर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने इमरजेंसी वार्ड में पैर से गोली निकालने के बाद बच्चे को रिम्स रेफर कर दिया. बच्चे की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है.

**एक-दूसरे को ललकारा, फिर ताबड़तोड़ फायरिंग की :** मिस्त्री मुहल्ले के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम मुहल्ले में सबकुछ सामान्य था. लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे. इस बीच मुहल्ले के ही दो आपराधिक छवि के संजर और शाकिब में पुरानी रंजिश और वर्चस्व को लेकर विवाद हो गया. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने पिस्टल लहराते हुए एक-दूसरे को ललकारते हुए फायरिंग शुरू कर दी. दोनों ओर से ताबड़तोड़ पांच राउंड फायरिंग हुई, जिससे मुहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और लोग आनन-फानन में घरों में दुबक गये. वैसे फायरिंग में सैफ का भी नाम भी आया है. फायरिंग में एक बच्चे के पैर में गोली लगी. उधर फायरिंग के बाद दोनों अपराधी धमकी देते हुए मुहल्ले से से भाग निकले. भागने के क्रम में अपराधियों ने मुहल्लेवालों को धमकी भी दी. लोगों को धमकी दी कि घटना के संबंध में मुहल्ले के किसी ने भी पुलिस से शिकायत की, या पुलिस को कुछ बताया तो अंजाम बुरा होगा. बैखोफ बदमाशों की सरेशाम धमकी से मुहल्ले के लग दहशत में हैं.

## गोलीबारी के घटना के बाद मिस्त्री मुहल्ला में पसरा सन्नाटा, दहशत में हैं लोग





डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर ने बताया कि पुरानी अदावत में आपराधिक तत्वों के बीच आपस मे झड़प हुई. इस दौरान दोनों पक्षों में फायरिंग हुई, जिसमें एक बच्चा भी घायल हो गया. फायरिंग करने वाले अपराधियों की पहचान कर ली गई है. फायरिंग करने वालो में सैफ, शकिब और संजर का नाम आया. तीनों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

### संजर व साकिर पर आरोप, पुलिस कर रही तलाश

डोरंडा पुलिस का कहना है कि संजर और साकिर अपराधी किस्म के हैं और अक्सर दादागीरी करने के लिए एक-दूसरे से भिड़ते रहते हैं. दोनों मुहल्ले और आसपास के इलाके में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए अक्सर एक-दूसरे को मौका देख कर ललकारते रहते हैं. लेकिन शनिवार शाम दोनों अचानक एक-दूसरे के खून के प्यासे हो गये और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. पुलिस के अनुसार, मुहल्ले के लोग भी दोनों की कारगुजारियों से परेशान हैं. लोगों ने पुलिस को बताया दोनों मुहल्ले दादागीरी करते रहते हैं. लोगों को धमकाने के साथ ही साथ वसूली भी करते हैं. पुलिस दोनों को टटपुंजिया स्तर का बदमाश बता रही है. पुलिस का दावा है कि दोनों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा. हालांकि मुहल्ले में दोनों का आतंक ऐसे है कि कोई उनके खिलाफ खुल कर बोलना नहीं चाहता है. लोगों को इस बात का डर सताता रहता है कि आपराधिक चरित्र के लोग कहीं उन पर निशाना न साध दें.

### मुहल्ले में पसरा सन्नाटा, दहशत में लोग

गोलीबारी के बाद से मिस्त्री मुहल्ले के लोग दहशत में हैं. लोगों का कहना है कि दोनों बदमाशों की कारस्तानियों की जानकारी डोरंडा पुलिस को भी है. लोगों ने कई दफा दोनों की दादागीरी की जानकारी पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने कभी शिकायतों को गंभीरता से नहीं, जिसका नतीजा है कि शनिवार को दोनों ने सरेशाम फायरिंग कर दहशत फैला दी. मुहल्ले के लोग इतने डरे हुए हैं कि कुछ बोल नहीं पा रहे हैं. मुहल्ले के लोग आपस में भी एक-दूसरे से गोलीबारी को लेकर बात करने से डर रहे हैं. लोगों का कहना है कि मुहल्ले के लोग दोनों से काफी डरे रहते हैं, क्योंकि दोनों रह-रह कर लोगों को धमकाते रहते हैं और अपने पक्ष में रखने का दबाव बनाते रहते हैं.

## रांची आ रही राजधानी एक्सप्रेस के पहिए में लगी आग, मचा हड़कंप



संवाददाता। रांची

नई दिल्ली से रांची आ रही राजधानी एक्सप्रेस के पहिए में रफीगंज स्टेशन के पास अचानक आग लग गई, जिससे ट्रेन में बैठे यात्रियों के बीच अफरा -तफरी मच गयी. घटना शनिवार अहले सुबह करीब 3:30 बजे की है. पहिए से अचानक धुआं उठते देख ट्रेन को रोका गया. सारे यात्री ट्रेन से उतर गये इसके बाद टेक्निकल टीम ने करीब एक घंटे तक ट्रेन के चक्कों की जांच की, जब पूरी तरह से धुआं समाप्त हो गया, तो फिर से ट्रेन को चालू किया गया. ट्रेन में यात्रा कर रहे कुछ यात्रियों ने बताया कि चेन पुलिंग की गई थी, जिस कारण चक्के से धुआं निकलने लगा. हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, घटना की वजह से ट्रेन निर्धारित समय से करीब एक घंटे लेट रांची पहुंची. रांची रेल मंडल के डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि ट्रेन सुरक्षित रांची पहुंच गई है. पहिए में आग लगने के मामले में विस्तृत जानकारी ली जाएगी कि आखिर किन वजह से चक्कों से धुआं निकलना शुरू हुआ. ऐसा किसी की गलती से हुआ या फिर तकनीकी खराबी की वजह से ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई, इन सभी बिंदुओं पर की जांच की जाएगी.

### मध्य प्रदेश गई पिछड़ा आयोग की टीम ने अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंप दी है

# चार जून के बाद ट्रिपल टेस्ट, जुलाई में निकाय चुनाव करा सकती है सरकार

- चुनाव बाद सरकार की अनुमति मिलने पर आयोग जून में करायेगा ट्रिपल टेस्ट

कौशल आनंद। रांची

हाईकोर्ट की सख्ती के बाद राज्य सरकार और राज्य पिछड़ा आयोग नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुट गया है. लोकसभा चुनाव आचार संहिता के दौरान भी आयोग की टीम अपने काम में जुटी रही. आयोग की एक टीम मध्य प्रदेश गयी थी, जहां सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराया था. यह टीम मध्य प्रदेश में अध्ययन कर वापस झारखंड लौट चुकी है.

टीम ने अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंप दी है. इसकी समीक्षा करने के बाद आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को दे दी है. सरकार के साथ-साथ आयोग भी चार जून का इंतजार कर रहा है. चार जून को आचार संहिता समाप्त होने के बाद आयोग राज्य के कुल 48 नगर निकाय में ट्रिपट टेस्ट करा सकती है. ट्रिपल टेस्ट के जरिए सरकार राज्य में रह रहे पिछड़ा वर्ग के लोगों की गणना कराएगी.




### एमपी की तर्ज होगी पिछड़ों की गणना

पिछले साल मध्य प्रदेश सरकार ने ट्रिपल टेस्ट कराकर पिछड़ों की गणना करायी थी. इसलिए राज्य पिछड़ा आयोग ने अपनी टीम को मध्यप्रदेश भेजा था, ताकि ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया और बारीकियों को समझा जा सके. आयोग की टीम मध्य प्रदेश में अध्ययन कर वापस लौट गयी और अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंप दी. आयोग ने ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी है और अध्ययन रिपोर्ट भी सौंप दी है. सरकार चार जून का इंतजार कर रही है.

### 48 निकायों में पिछड़ों की होगी गणना

सरकार की अनुमति मिलने के बाद आयोग राज्य के सभी 48 निकायों में पिछड़े वर्ग की गणना कराएगी. इस दौरान पिछड़ों की आर्थिक स्थिति की भी गणना की जाएगी. आयोग ने दावा किया है कि सरकार की अनुमति मिलते ही वह ट्रिपल टेस्ट का काम 15 दिनों में पूरी करा लेगी. इसके बाद 48 नगर निकायों के विभिन्न वार्डों को चिह्नित कर एक रिपोर्ट दी जाएगी कि कौन सा वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित होगा.

### राज्या सरकार पर है दोहरा दबाव

सरकार ने पिछले साल ही चुनाव की घोषणा कर दी थी. इसमें रांची मेयर समेत कई नगर निकाय सीट एसटी-एससी के लिए आरक्षित कर दिया गया था. इसे आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी. सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद ही नगर निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया. इसके बाद निकाय चुनाव टल गया. इधर झारखंड हाईकोर्ट में निवर्तमान पार्षद व भाजपा नेत्री रौशनी खलखो एवं अन्य ने जल्द चुनाव कराने की मांग को लेकर याचिका दायर की थी, जिसमें कोर्ट ने सरकार को जल्द से जल्द चुनाव कराने का निर्देश दिया है.

### 28 अप्रैल को समाप्त हो चुका है कार्यकाल

रांची नगर निगम समेत राज्य के 34 नगर निकायों का कार्यकाल 28 अप्रैल को समाप्त हो गया है. इसके बाद सरकार नगर निकायों में जनता द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधियों का अधिकार समाप्त हो गया. निकायों के बोर्ड भी भंग हो गए हैं. इसके बाद मेयर, डिप्टी मेयर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद सभी अधिकारविहीन हो गए हैं. यहां तक कि नगर निकायों की ओर से वाहन, वेतन सहित मिलनेवाले सभी भत्ते भी बंद हो गये हैं. इतना ही नहीं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार से राज्य को मिलनेवाला अनुदान सहित अन्य योजनाओं की राशि भी बंद हो गयी है.

### एमपी की तर्ज पर ही होगा ट्रिपल टेस्ट

मध्य प्रदेश से अध्ययन कर हमारी टीम रांची लौट चुकी है. एमपी की तर्ज पर ही यहां पर ट्रिपल टेस्ट होगा. अध्ययन रिपोर्ट सरकार को सौंप दी गयी है. संभवत : सरकार चार जून के बाद अनुमति प्रदान कर दे. सरकारसेके अनुमति मिलते ही गणना का काम शुरू कर दिया जाएगा. अधिक से अधिक 15 से 20 दिन में आयोग यह काम पूरा लेगा, क्योंकि केवल शहरी इलाकों में ही गणना की जानी है. इसलिए कोई अधिक मुश्किल नहीं होगी.

**- योगेंद्र प्रसाद,** अध्यक्ष झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग

### सेंटेविटा हॉस्पिटल

## नहीं चला कॉमन एरिया में एसी परिजन व स्टाफ गर्मी से परेशान




लगातार न्यूज नेटवर्क। रांची

शहर के सेंटेविटा हॉस्पिटल से हर दिन चिंता भरी खबर आ रही है. शनिवार को भी दिन में करीब 11.30 बजे से अस्पताल के कॉमन एरिया में एसी नहीं चल रहा था. अस्पताल के भीतर हवा आने-जाने का कोई रास्ता भी नहीं है. अस्पताल की दीवार के कई हिस्सों में शीशे लगे हैं. लिहाजा गर्मी ज्यादा लगती है. ऐसे में मरीज और उनके परिजन परेशान थे. वहीं अस्पताल के कर्मचारी भी गर्मी से हलकान दिखे. लेकिन वह मजबूर हैं. किसी से कुछ कह नहीं सकते.

**केवल एक दिन अस्पताल प्रबंधन दिखा चौकस :** उल्लेखनीय है कि लगातार न्यूज नेटवर्क ने शुक्रवार को खबर प्रकाशित की थी कि गुरुवार की रात 8.30 बजे अस्पताल की दो में से एक लिफ्ट बंद थी. वहीं हॉस्पिटल का एसी भी नहीं चल रहा था. एक मरीज के परिजन के हवाले से यह भी बताया था कि बुधवार की रात भी एसी नहीं चला था. इस खबर के बाद शुक्रवार को अस्पताल प्रबंधन चौकस दिखा. दिन भर एसी चला. दोनों लिफ्ट भी चलीं. सिक्योरिटी गाड्र्स के व्यवहार में भी फर्क दिखा. लेकिन यह सब एक ही दिन के लिए था. शनिवार को फिर से खबर आई कि एसी बंद है और गर्मी से लोग परेशान हैं.

### शहर का सबसे महंगा अस्पताल है सेंटेविटा

बता दें कि सेंटेविटा अस्पताल रांची शहर का सबसे महंगा अस्पताल है. इस अस्पताल में डिलीवरी के लिए अधिकांश मरीज आते हैं. हमेश पांच-सात नवजात अस्पताल में होते हैं. ऐसी स्थिति में अस्पताल का यह रवैया लोगों को परेशान कर रहा है.

### ब्रीफ खबर

## रुक्का में दो घंटे तक बिजली बाधित, आज आंशिक जलापूर्ति होगी


**रांची।** दिन के करीब 3:00 बजे बूटी मोड़ से विकास तक तेज आंधी और बारिश हुई इसके कारण रुका वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में दो घंटे बिजली नहीं रही. शाम 5:00 बजे बिजली बहाल हुई. करीब दो घंटे तक प्लांट बंद रहने के कारण प्लांट से पानी का ट्रीटमेंट का काम शाम 5:00 बजे के बाद शुरू हुआ. इस वजह से रविवार को रुक्का से निकलने वाले टाउन लाइन से अनियमित एवं आंशिक जलापूर्ति होगी. रविवार को शहर में मेन रोड, चुटिया, चर्च रोड, हिंदपीड़ी अपर बाजार, कांटाटोली, कोकर, लोवाडीह, नामकुम, दीपाटोली और आसपास के इलाकों में रविवार को अनियमित एवं आंशिक जलापूर्ति होगी.

### यह कैसा विकास : 50 लाख खर्च कर चर्च कांप्लेक्स के पास बना फुट ओवरब्रिज बेकार पड़ा रहा

# अब 2.5 करोड़ से लगाया जा रहा एस्केलेटर क्या सफल होगा?

आकर्ष अनिकेत। रांची

राजधानी के चर्च कांप्लेक्स के पास वर्ष 2002 में 50 लाख की लागत से फुट ओवरब्रिज बनाया गया था, ताकि शहर के लोगों को रोड क्रास करने में दिक्कत न हो. लेकिन जबसे फुट ओवरब्रिज बना, तबसे लोगों ने शायद ही कभी इसका इस्तेमाल किया हो. चूंकि फुट ओवरब्रिज की ऊंचाई इतनी ज्यादा थी कि लोगों सीढियां चढ़ कर पार करने की बजाये नीचे से ही सड़क पार कर लेते थे. लगभग 22 साल से फुट ओवरब्रिज बना है, लेकिन इसका उपयोगन न तो शहर के लोगों ने कभी किया और आसपास के दुकानदारों ने ही. फुट ओवरब्रिज नशेड़ियों और आवारा कुत्तों का अड्डा बना रहा. लोगों का कहना है कि ऊंचे ब्रिज से सीढ़ियां चढ़ कर सड़क पार करने में काफी थकान हो जाती है, इसलिए हम नीचे से ही आसानी से सड़क पार कर लेते हैं. सारी सच्चाई से वाकिफ होते हुए जुडको एक बार फिर से इस फुट ओवरब्रिज कंस्ट्रक्शन करा रहा है. अब इस ब्रिज में 2.5 करोड़ की लागत से एस्केलेटर लगाया जा रहा है. काम भी शुरू कर दिया गया है.




**सबसे बड़ा सवाल, क्या एस्केलेटर सफल होगा? :** पहले बिना प्लान के फुट ओवरब्रिज इतना ऊंचा बना दिया गया कि उसका 22 साल तक कोई उपयोग ही नहीं हुआ और फिर से ढाई करोड़ खर्च कर यहां एस्केलेटर लगाया जा रहा है. यहां सवाल यह है क्या इसकी जरूरत है. क्या 35 फुट की ऊंचाई के लिए एस्केलेटर उपयोगी साबित होगा. जब पहले इस फुट ओवरब्रिज का इस्तेमाल ऊंचाई अधिक होने के कारण नहीं किया जाता था, तो क्या एस्केलेटर सफल हो पाएगा. क्या विभाग इसका मेंटेनेंस कर पाएगा. फिर बिजली की जो हालत है, पावर क्राइसिस है, तो क्या एस्केलेटर चलाने के लिए पूरी बिजली मिल पाएगी या फिर एस्केलेटर भी शोभा की वस्तु ही बन कर रह जाएगा.

## अलबर्ट एक्का चौक पर भी 19 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है देश का पहला राउंड फुटओवर ब्रिज

**रांची।** अलबर्ट एक्का चौक के चारों ओर भी राउंड फुट ओवरब्रिज का निर्माण शुरू हो चुका है. इस फुट ओवरब्रिज में सीढ़ियों के साथ एस्केलेटर भी लगाये जाएंगे. इसका निर्माण 18 करोड़ की लागत से किया जा रहा, पर यहां भी सवाल एक ही है? क्या यह ब्रिज भी चर्च कॉम्पलेक्स के पास बनाये गए ब्रिज की तरह बनने के बाद खाली रहेगा.



### कोलकाता की बीआरबीए कंपनी को मिला है काम

फुट ओवरब्रिज का काम कोलकाता की कंपनी को दिया है. पश्चिम बंगाल के अलिपुरद्वार की कंपनी बीआरबीए को जुडको ने अलबर्ट एक्का चौक के पास गोल फुटओवर ब्रिज बनाने की जिम्मेवारी सौंपी है.

### जुडको का दावा- लोगों के लिए फायदेमंद होगा

हालांकि फुट ओवरब्रिज बनावा रही सरकार की ऐजेसी जुडको का दावा है कि ब्रिज में एस्केलेटर लगा होने से यह उपयोगी साबित होगा. लोग इसका इस्तेमाल करेंगे और शहर को जाम से मुक्ति भी मिलेगी.

## मिट्टी से दबी दो बच्चियों को जान पर खेलकर मनोज लकड़ा ने बाहर निकाला, घंटों की मशक्कत के बाद दोनों शवों को जेसीबी से निकाला गया

# मिट्टी निकालने गई ननद-भाभी की मलबे में दबकर मौत

### 18 महिलाएं एवं तीन पुरुष घर की पोताई के लिए पोतनी मिट्टी की खुदाई कर रहे थे

**सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो (रांची)**

बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पंचायत अन्तर्गत बोदा गांव के बौली सोकरा जंगल के पास घर की पोताई करने वाली पोतनी मिट्टी निकाल रही भाभी और ननद क्रमशः रोगो निवासी 34 वर्षीया बरती उरांव पति धन्नो उरांव एवं 23 वर्षीय सोमेश्वरी कुमारी पिता स्व. बाना भगत का मिट्टी का मलबा गिरने से उसमें दबकर दर्दनाक मौत हो गई. मिट्टी में दबी 18 वर्षीया पंची लकड़ा पिता स्व. चमरा उरांव एवं 14 वर्षीय अमृता कोया पिता शिवराज कोया को मनोज लकड़ा ने अपनी जान पर खेल कर बचा लिया. दोनों मृतका एवं घायल रोगो गांव के रहने वाली हैं. घटना के दौरान मिट्टी निकालने वाली ऐंची कोया ने बताया कि रोगो गांव की 18 महिलाएं क्रमशः ऐंची कोया, सविता उरांव, यशोदा कुमारी, खुशबू कुमारी, जावा लकड़ा, बसंती भगताईन, एतवारी उरांव, दुलारी खलखो, सुकरी उरांव एवं तीन पुरुष क्रमशः सुमित उरांव, प्रेम उरांव एवं मनोज लकड़ा अन्य महिलाओं के साथ शनिवार को सुबह पांच बजे ही बौली सोकरा जंगल पहुंच गए थे और मिट्टी के देवता की उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना कर मिट्टी निकालने का काम शुरू किया.

मिट्टी निकालते निकालते मिट्टी की परत कटने लगी थी और अंदर गुफा बन गयी. मिट्टी की खोदाई करने में बसिला का उपयोग कर रहे थे. मिट्टी के कटाव के दौरान गुफ़ानुमा मिट्टी की खदान के अंदर जाकर खुदाई करने वाली सोमेश्वरी कुमारी एवं उसकी भाभी बरती उरांव मिट्टी निकालने में जुटी थी. वहीं अन्य लोग भी पास में खुदाई कर रहे थे. तभी अचानक मिट्टी धंस गयी और बड़ी मात्रा में मिट्टी के मलबे में दबकर दोनों की मौत हो गई. वहीं दो बच्चियां भी दब गईं, जिन्हें मनोज लकड़ा ने निकाल लिया. घटना के बाद बच कर निकले लोगों के होश उड़ गए जब उन्हें पता चला कि सोमेश्वरी और बरती मिट्टी में दबी हुई हैं. सूचना मिलने पर जहानाबाज के समाजसेवी देवानंद सिंह ने तत्काल महरू के साबिर मीर से मदद की गुहार लगाई. साबिर मीर के प्रयासों से और सुनील ओहदार की मदद से बोदा गांव से ही एक जेसीबी मंगाई गई. सूचना मिलने पर बेड़ो के अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, थाना प्रभारी नकुल शाह, सब इंस्पेक्टर रौशन कुमार, पीडीएस के दुकानदार सुनील ओहदार, हरिहरपुर जामटोली के पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, नेहालु पंचायत के मुखिया विरेंद्र भगत, उप मुखिया जितिया उरांव, रोगो गांव के समाजसेवी एवं वार्ड सदस्य बबलु लोहरा, जहानाबाज के अशोक राम बैठा सहित सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे. बेड़ो बीडीओ, अंचल अधिकारी, जनप्रतिनिधियों सहित उपस्थित लोगों की देखरेख में मिट्टी के मलबे में दबे लोगों को जेसीबी से निकालने का सफल प्रयास किया गया. बाद में थाना प्रभारी नकुल शाह ने दोनो शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर रिम्स भेज दिया. जबकि घायलों का इलाज कराया गया. अंचलाधिकारी प्रताप मिंज एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा कि मिट्टी धंसाव के नियमों के तहत मृतक के परिवार को सरकारी सहायता एवं मुआवजा देने का प्रयास किया जाएगा.



घटनास्थल पहुंचे अधिकारी, पुलिस एवं जमा ग्रामीणों की भीड़.



अपनों को खोने के गम में मौके पर जमा दोनों मृतकाओं के परिजन.

#### मुआवजे की मांग

मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत मृतका बरती उरांव और सोमेश्वरी कुमारी के आश्रित परिवार को मुआवजा मिलना चाहिए. बरती के तीनों बच्चे क्रमश: रवि, राहुल और बेटी मीना अपनी मां के बगैर कैसे रहेंगे यह बड़ी चिंता है. समाजसेवी बबलू लोहरा ने बताया कि सोमेश्वरी बेंगलुरु में रहकर काम करती थी, लेकिन उसके पिता बाना भगत का 14 मई को निधन हो गया था. अपने पिता के दशकर्म में शामिल होने के लिए 24 मई को वह रोगो अपने गांव आयी थी. ऐसा लगता है कि उसकी मौत उसे गांव तक खींच लाई थी. वह अपने परिवार की आजीविका चला रही थी.

## झारखंड में कल्पना की हुंकार कायम या भाजपा कर गई खेल, नतीजे चार को

# एग्जिट पोल में दिखी भाजपा की आंधी

**संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग समाप्त हो चुकी है. चार जून को चुनाव का परिणाम जारी किया जाना है. उसी दिन पता चलेगा कि देश में किसकी सरकार बनेगी. इससे पहले झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 का एग्जिट पोल आ गया है. एक्सिस माई इंडिया आज तक के एग्जिट पोल में बीजेपी गठबंधन के झारखंड में आठ से दस सीटें मिल रही हैं. वहीं, इंडी गठबंधन को दो से तीन सीटें मिल रही हैं. एक सीट आजसू के खाते में जाती दिखाई दे रही है. टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल के मुताबिक, झारखंड में भाजपा बड़ी जीत दर्ज कर सकती है. भाजपा को झारखंड में 14 में से 13 सीटों पर जीत दर्ज कर सकती है. वहीं, इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस पार्टी को एक सीट मिलती दिखाई दे रही है. इसके अलावा शिबू सोरेन की पार्टी झामुमो, राजद और माले को एक भी सीट नही मिलती दिखाई दे रही है. इससे पहले हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मुंबई के शिवाजी पार्क में राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के मौके पर शामिल हुईं थीं. उन्होंने कहा था कि आने वाला चुनाव देश का भविष्य तय करेगा. झारखंड में आरंभ से ही सरकार को अस्थिर करने का प्रयास हुआ, लेकिन सरकार का बाल बांका नहीं हुआ.

**कल्पना ने कहा था- झारखंड से भाजपा का सफाया होगा :** कल्पना सोरेन ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने जेल जाना पसंद किया, मगर समझौता नहीं किया. आज चंपई सोरेन मुख्यमंत्री हैं. उनके सारे अधूरे कार्य को पूरा करने का वे प्रयास कर रहे हैं. जिस प्रकार शिबू सोरेन ने महाजनों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उसी प्रकार हेमंत सोरेन ने गरीबों, महिलाओं, आदिवासी, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने का काम किया. कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में एक नारा अब भी चल रहा है, झारखंड झुकेगा नहीं. मैं इस मंच से एलान करती हूं कि इंडिया झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं. लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी. झारखंड से भाजपा का सफाया होगा.

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का दावा- हमें मिला है अपार जनसमर्थन

**रांची।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान खत्म होने के साथ ही, एग्जिट पोल के नतीजे जारी हो गए हैं. एग्जिट पोल के मुताबिक, झारखंड में भाजपा की लहर चली है. सभी



एग्जिट पोल में भाजपा को बड़ी जीत मिलने की संभावना जताई जा रही है. इस बीच कांग्रेस ने दावा किया है कि झारखंड के साथ-साथ पूरे देश से भाजपा की विदाई हो रही है. तीन लोकसभा क्षेत्रों राजमहल, दुमका और गोड्डा में चुनाव संपन्न होने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने दावा किया कि मोदी के 10 साल का अन्यान्य काल में आम जनता महंगाई-बेरोजगारी से काफी त्रस्त हो चुकी है. लोकसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त हो चुका है. चार जून को चुनाव का परिणाम जारी किया जाना है. हालांकि उससे पहले झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 का एग्जिट पोल आ गया है एक्सिस माई इंडिया आज तक के एग्जिट पोल में बीजेपी को झारखंड में आठ से दस सीटें मिल रही हैं. वहीं इंडिया गठबंधन को दो से तीन सीटें मिल रही हैं.

## आम जनता ने भाजपा को दिया आशीर्वाद, झारखंड लूटनेवालों को करारा जवाबः बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को



संथाल परगना में संपन्न तीन लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया है. कहा कि संथाल की जनता ने अपने मतदान सेइतिहास रचा है. भाजपा के खाते में तीनों सीट डालने के लिए संथाल परगना की महिलाएं, युवा साथियों ने बढ़ चढ़ कर मतदान किया है. संथाल की जनता भ्रष्टाचार ,तुष्टिकरण और घुसपैठियों के आतंक से ऊब चुकी है. लोकसभा चुनाव का परिणाम राज्य में भाजपा के नेतृत्व में मजबूत एनडीए सरकार का मार्ग प्रशस्त करेगा.

**एनडीए को मिलेंगी 14 सीटें, इंडी 0 पर आउट : आदित्य साहू :** शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने प्रेस वार्ता की. कहा कि 18वीं लोकसभा के जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए पिछले डेढ़ महीनों से चल रही मतदान प्रक्रिया का सातवां और अंतिम चरण संपन्न हो गया. झारखंड में भी चार चरणों में मतदान निर्धारित था. चौथे से लेकर सातवें चरण तक में झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्र के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए. राज्य के एक विधानसभा क्षेत्र गांडेय की खाली सीट पर भी उपचुनाव संपन्न हुए. संताल परगना के तीन लोकसभा क्षेत्र गोड्डा, दुमका और राजमहल में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें मतदाताओं ने भारी संख्या में मतदान किया है. मतदान के बाद जो सूचनाएं मिली हैं, उसमें औसत मतदान का प्रतिशत 65% से ज्यादा रहा.

भाजपा चुनाव आयोग एवं प्रशासनिक, पुलिस पदाधिकारियों, यों कर्मचारियों का भी इस तपती गर्मी में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए आभार प्रकट करती है. मतदान में महिला और युवा मतदाताओं में उत्साह देखा गया. बूथों पर लंबी कतारें ये बता रही कि जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए मतदान किया है. 2019 के चुनाव में जनता के आशीर्वाद से राज्य की 12 सीटें एनडीए को मिली थी. जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गांव, गरीब किसान, मजदूर दलित, आदिवासी वंचित पिछड़े सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा, हर चौखट तक विकास की किरणें पहुंचाईं. देश का सांस्कृतिक गौरव बढ़ाया. अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ाया. ये सारे प्रयास जनता के दिलों को छूने वाले हैं. मोदी की यह गारंटी जनता को पसंद आई.

साथ ही इंडी एलायंस ने पूरे देश और झारखंड में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का समर्थन किया. झूठे वादों और झूठे नैरेटिव से जनता को दिग्भ्रमित किया. यह जनता को पसंद नहीं आया. राज्य के आदिवासी दलित, पिछड़े सभी वर्गों में राज्य सरकार के प्रति गहरा असंतोष था, जिसको जनता ने वोट के माध्यम से चोट किया है.

इंडी ठगबंधन इस चुनाव में पूरी तरह 0 पर आउट हो रहा है. चुनाव के पहले ही कांग्रेस साफ हो गई थी. ठगबंधन हाफ हो गया था. चुनाव परिणाम के बाद पूरा इंडी ठगबंधन साफ हो जाएगा. इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह, एवम तारिक इमरान भी मौजूद थे.

## मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा, रुझानों- एक्जिट पोल को करें इग्नोर

# गठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेगा: चंपाई सोरेन

- मतगणना खत्म होने तक, पूरी तरह से सजग और सतर्क रहें कार्यकर्ता

**रांची ।** इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेता लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर जुटे. इस दौरान चुनाव के परिणामों से पहले की रणनीति पर चर्चा हुई. बैठक में झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल हुईं. झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य भी बैठक में शामिल हुए. सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करेगी. वहीं इंडिया ब्लॉक पूरे देश में 295 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने जा रहा है. उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी उम्मीदवारों एवं कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि सभी रुझानों- एक्जिट पोल को इग्नोर करते हुए, आगामी 4 जून को मतगणना खत्म होने तक, पूरी तरह से सजग, सतर्क, सचेत एवं सावधान बने रहिए. झामुमो के महासचिव सप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चार जून को वर्तमान लोकसभा चुनाव की मतगणना निर्धारित है . मतगणना की प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके संपन्न करवाने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग को पत्र दिया गया है.



नयी दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक में मौजूद कल्पना सोरेन.

## एक्सट्रीम बार हत्याकांड

# हत्या में प्रयुक्त रायफल तुपुदाना के गैराज से बरामद, तीन गिरफ्तार



गिरफ्तार तीनों आरोपियों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी.

**संवाददाता। रांची**

चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक्सट्रीम बार में बीते 27 मई की रात डीजे ब्वॉय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस घटना में प्रयुक्त रायफल को रांची पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद शनिवार को बरामद किया है. पुलिस ने हथियार को तुपुदाना के एंसीलरी चौक स्थित एक गैराज से बरामद किया है. हथियार बरामद करने के लिए खुद एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में छापेमारी की गई थी. इस छापेमारी में सिटी एसपी, सिटी डीएसपी सहित कई थाना प्रभारी शामिल थे. हथियार छिपाने में मदद करने के मामले में पुलिस ने पंकज कुमार, सुमित सिंह और आलोक कुमार को गिरफ्तार किया है. संदीप हत्याकांड मामले में पुलिस ने अब तक आठ लोगों को जेल भेजा है.वहीं अभिषेक सिंह और उसके साथी से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक्स्ट्रीम बार संचालक विशाल सिंह, उसके पार्टनर, बाउंसर व कर्मी समेत नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. एक्स्ट्रीम बार में मारपीट और हत्याकांड मामले में अबतक कुल 17 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है. अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

**रिमांड के दूसरे दिन पूछताछ में हथियार छुपाने का खोला राज :** डीजे संदीप हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह को चुटिया थाना पुलिस ने चार दिन के लिए रिमांड पर लिया है. रिमांड का शनिवार को तीसरा दिन था, दूसरे दिन सिटी एसपी, सिटी डीएसपी,कई थानेदारों और एक दर्जन से ज्यादा पुलिस पदाधिकारियों ने आरोपी से पूछताछ की. उसके बाद शुक्रवार की रात अभिषेक ने हथियार छुपाने का राज खोला. पुलिस अभिषेक सिंह के भाई रोशन सिंह की तलाश कर रही है. पुलिस को जानकारी मिली है कि घटना के बाद हथियार छुपाने के लिए फोन पर ही रोशन निर्देश दे रहा था. उसने ही एक युवक को हथियार देने को कहा था, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है.

#### खास बातें

- हत्याकांड में 8 और मारपीट मामले में नौ, कुल 17 आरोपी गिरफ्तार
- अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस कर रही रेड

#### अभिषेक को भगाने के मामले में पिता सहित चार गिरफ्तार हुए थे

बीते 27 मई की रात एक बजे हत्या की घटना हुई थी .इस मामले में पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह उर्फ विक्की को बिहार के गया जिला से गिरफ्तार किया था. वहीं दूसरी तरफ 28 मई को पुलिस ने अभिषेक सिंह को रांची से षडयंत्र के तहत भगाने के मामले में अभिषेक के पिता अशोक सिंह सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया था. शुक्रवार को पुलिस नामजद दो और आरोपी देवा और प्रकाश को गिरफ्तार जेल भेज दिया है. वहीं एक अन्य आरोपी जो मुख्य आरोपी सह शूटर अभिषेक के साला राहुल रंजन को भी तुपुदाना ओपी क्षेत्र में वाहन चोरी के मामले ने जेल भेजा है. राहुल को पुलिस ने अभिषेक को भागने में सहयोग करने में पकड़ा था, लेकिन जांच में पता चला राहुल चोरी के वाहन बिहार में खपाता था.

## आदिवासी महिला की संदेहास्पद मौत का मामला

# चाइल्ड राइट्स फॉउंडेशन ने उठाई जांच की मांग

**संवाददाता। रांची**

चाइल्ड राइट्स फॉउंडेशन ने कांके थाना क्षेत्र में रहनेवाली आदिवासी महिला की संदेहास्पद मौत की जांच की मांग की है. इसे लेकर फॉउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने सीआईडी, रांची जोनल आईजी, रांची रेंज के डीआईजी और रांची एसएसपी को पत्र लिखा है. पत्र में लिखा है कि कांके थाना क्षेत्र के सुंदरनगर निवासी स्व. स्टीफन मिंज की पुत्री दुलारी मिंज की पटना में संदेहास्पद तरीके से मौत हो गयी. वह पटना में सतीश चंद्र नाम के व्यक्ति के घर में काम करती थी. सतीष चंद्र गुरुवार शाम एंबुलेंस से शव लेकर उसके घर पहुंचे थे. बताया जाता है कि दुलारी के चेहरे व पीठ पर जलने और आंख पर गंभीर चोट के निशान थे, जिसे देखने के बाद परिजनों ने सतीश चंद्र पर दुष्कर्म, मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है.

**15 साल से सतीश चंद्र के घर काम कर रही थी दुलारी :** जानकारी के अनुसार, दुलारी पिछले 15 साल से सतीश चंद्र के यहां काम कर रही थी. उस समय सतीश चंद्र बीएयू के डीएसडब्लू विभाग में कार्यरत थे और कैंपस में ही रहते थे. लेकिन उसके बाद वह बेटे व बहू के साथ कांके में रहने लगे. दो माह पूर्व से वह पटना के उपरपुरा, टहलटोला, फुलवारीशरीफ में रह रहे थे. अपने साथ वह दुलारी को भी ले गये थे. दुलारी के परिजनों के पूछने जाने पर सतीश चंद्र ने बताया कि दुलारी को बुधवार की शाम लू लग गया था. उसे पटना में डॉ आरएन पांडेय से दिखाया गया था. इलाज केदौरान ही एक घंटे के बाद दुलारी की मौत हो गयी.

#### महिला कर्मचारी ने भी यौन शोषण का लगाया था आरोप

सतीश चंद्र पर साल 2016 में एक महिला कर्मचारी ने भी यौन शोषण का आरोप लगाया था.

उल्लेखनीय है कि मृतका दुलारी मिंज की भाभी एरेन तिग्गा ने 30 मई 2024 को अपनी ननद के साथ घटी घटना के संबंध में कांके थाना प्रभारी को आवेदन दिया था. लेकिन थाना प्रभारी ने कोई कार्रवाई नहीं की. वहीं इस मामले को लेकर जब समाजसेवी अर्चना बाड़ा और तारामनी साहू थाना पहुंचीं और कार्रवाई की मांग कीं, तो थाना प्रभारी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया.

### एचईसी कर्मियों को 15 जून तक मिल सकता है वेतन

**रांची।** एचईसी के कर्मियों को 15 जून तक एक माह का वेतन मिल सकता है. कंपनी अपने संसाधनों से वेतन भुगतान का प्रयास कर रहा है. हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के नेता लीलाधर सिंह ने बताया कि एचईसी ने जॉब वर्क किया है. इससे मिले पैसे से वेतन मिलेगा. उन्होंने ने बताया कि कुछ कर्मियों का वेतन दे दिया है. शेष का भी जल्द होगा. एचईसी बचाओ मंच से जुड़ी यूनियनों बैठक करके वेतन की मांग की है.

## जवान की पत्नी से गैंगरेप मामला: सैनिक सेवा परिषद ने निकाली विरोध रैली

**संवाददाता। रांची**

राजधानी में सेना के जवान की पत्नी के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है. इस मामले को लेकर भारतीय सैनिक सेवा परिषद ने विरोध रैली निकाल कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की. साथ पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी लगाए. गैंगरेप की घटना नामकुम थाना के खरसीदाग ओपी क्षेत्र के लाल खटंगा पोखरटोली की है. महिला के बयान पर मामला दर्ज होने के बाद पुलिस एक्टिव हुई. घटना 27 मई रात को हुई थी. एसपी, डीएसपी व थानेदार पीड़िता से मिले और जानकारी ली. इसके बाद ही पीड़िता का मेडिकल भी कराया गया.

**क्या है मामला :** दरअसल महिला की लाल खटंगा के पोखरटोली में जमीन है. वहां वह रहकर घर बनवा रही थी. उसी निर्माणाधीन घर में वह अपने सात साल और चार माह के बच्चे के साथ रह भी रही थी.जानकारी के मुताबिक, 27 मई की रात 12 से एक बजे के बीच चार युवकों ने महिला को बंधक बना कर उसके साथ गैंगरेप किया. 28 मई की सुबह पीड़िता की बहन का फोन उसके घर के बगल में रहने वाले युवक के पास आया. बहन से दीदी से बात कराने की बात कही. इसके बाद जब युवक पीड़ित महिला के घर पहुंचा, तो महिला ने सारी बात बताई. पीड़ित महिला के मुताबिक, रात में लाइट कटी हुई थी. वह पानी लेने निकली थी कि दो युवक जबरन घर में घुस गए. इसके बाद युवकों ने धमकी भी दी कि अगर शोर मचाया तो बच्चों को मार देंगे. इसके बाद दोनों युवकों ने दो अन्य युवकों को बुला लिया और घटना को अंजाम दिया. बदमाशों ने महिला के कपड़े फाड़ डाले और मोबाइल भी तोड़ दिया था.




रैली में शामिल अखिल भारतीय सैनिक सेवा परिषद के सदस्य.

## अच्छी पहल | झारखंड में विषम परिस्थितियां बनीं खेती-किसानी के लिए बड़ी चुनौती

# ग्रामीणों को अच्छी खेती के गुर सिखा रही वन विभाग की टीम

**रेहान अहमद/ बसंत मुंडा । रांची**



वन विभाग की ओर से झारखंड राज्य के समस्त जिलों में ग्रामीणों को खेती के गुर सिखाये जा रहे हैं. इसके लिए वन विभाग की ओर से गठित टीम ग्रामीण क्षेत्रों में जा कर ग्रामीणों को अच्छी खेती के तरीकों की जानकारी दे रहे हैं.

मालूम हो कि झारखंड राज्य ऊंचाई पर बसा है. यहां की भूमि में मिट्टी का अंश कम तथा पत्थर, बालू और मोरम के अंश अधिक हैं. इस कारण भी यहां खेती हर किसान के लिए चुनौती बन गयी है, जिन्हें फसलों को अच्छा तैयार करने में परेशानी होती है. झारखंड के खेतों में जो मिट्टी होती भी है, बारिश के कारण तेज धारा में बह कर निकल जाती है, जबकि बिहार, बंगाल, ओडिशा में तेज बारिश से मिट्टी का कटाव नहीं होता है. इसका मुख्य कारण यह है कि झारखंड सबसे उचाई पर है और यहां अच्छी मिट्टी कम मात्रा में है, जो बह कर दूसरी जगह चली जाती है. इस कारण झारखंड के कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोग खेती से अधिक जानवरों का पालन कर अपनी जीविका गुजारते हैं. लोगों के पास खेती की जमीन है, पर वे खेती नहीं करते. कहते हैं, फसल अच्छे नहीं होंगे.

### कैक्टस व हरी घास की खेती से बंजर भूमि का हो रहा सुधार

वन विभाग के एपीसीसीएफ एनके सिंह ने कहा कि गांव के ऐसे लोगों के यहां वन विभाग की टीम पहुंच रही है. उन्हें खेती के अच्छे तरीके बता रही, ताकि वे खेती कर अच्छी फसल तैयार कर अपनी जीविका को और बेहतर बना सके. जो जमीन पूरी तरह बंजर है, उसमें कैक्टस, हरी घास (खस)लगायें. कैक्टस व हरी घास को लोग गार्डेनिंग व सुंदरता के लिए काफी पसंद करते हैं. मेहनत कर अच्छे से तैयार होने के बाद इसके अच्छे दाम मिलेंगे. इस तरह धीरे –धीरे बंजर जमीन उपजाऊ जमीन में बदल जाएगी और फिर वहां किसान सब्जियों की खेती भी कर सकेंगे. इस तरह उनकी बंजर जमीन उनकी आमदनी का अच्छा जरिया बन जाएगी. बस इसके लिए थोड़ा इंतजार और मेहनत की जरूरत है.

#### बंजर भूमि बन गई उपजाऊ, लहलहायी गेहूं की फसल

कई जगह लोग जागरूक हो कर अपनी बंजर भूमि को तैयार कर रहे हैं. इस तरह झारखंड की भूमि भी फसलों के पैदावार के लिए पूरी तरह उपयुक्त हो रही है. झारखंड के गढ़वा के बारे में उन्होंने बताया कि वहां की भूमि भी काफी बंजर थी, लेकिन वन विभाग के प्रयास और ग्रामीणों की मेहनत रंग लाई और वह भूमि धीरे-धीरे अच्छी और उपजाऊ हो गई. वहां ग्रामीणों ने गेहूं के अच्छी फसल तैयार की. उसके बचाव के लिए चारों ओर से ऊंची बांस/बल्ली व जाली की घेरा बंदी की गयी, ताकि जानवर इन तैयार होती फसलों को नष्ट नहीं कर दें. इस तरह अच्छी फसल अच्छे तैयार हो गयी. इसी तरह अन्य जिलों के ग्रामीणों को भी मेहनत करने की जरूरत है. फिर उनके बंजर खेत भी उपजाऊ हो जायेंगे और अच्छी फसल तैयार होने लगेगी.

**अन्य जिलों में अच्छी खेती के गुर सिखाये जा रहे**

वन विभाग की ओर से टीम झारखंड के अन्य जिलों में भी अपना प्रयास जारी रखे हुए हैं. ग्रामीणों को अच्छी खेती एवं भूमि को किस तरह उपजाव बनाया जा सकता है, इसके गुर सिखाये जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण केवल पशु पालन में ही निर्भर नहीं रहें, खेती को जीविका में अपनायेंगे तो झारखंड की भूमि उपजाऊ होती चली जायेगी.

## ब्रीफ खबरें

### दुग्ध दिवस पर 'आज दूध पिया क्या' अभियान शुरू

**रांची** । विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर आईटीसी के एक प्रमुख डेयरी ब्रांड आशीर्वाद स्वास्ति ने शनिवार को बच्चों में दूध पीने की आदत को बढ़ावा देने, उनकी देखभाल करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करने और दूध के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक दिल को छू लेने वाला अभियान 'आज दूध पिया क्या' शुरू किया. जो लोग अपने बच्चों के समग्र विकास के लिए उनके स्वस्थ आहार के हिस्से के रूप में दूध का सेवन करने की सलाह देते हैं, उनका सम्मान किया जाय, जिन्होंने हमारे बचपन में हमें दूध पीने के लिए प्रोत्साहित किया.

### मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ

**रांची/हजारीबाग** । मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में त्रिवर्षीय स्नातक वोकेशनल कोर्सेस में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. सत्र 2024-27 नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी चांसलर पोर्टल www.jharkhanduniversit.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. गौरतलब है कि मार्खम कॉलेज में त्रिवर्षीय वोकेशनल कोर्स में चार विषयों में पढ़ाई होती है, जिसमें बीजेएमसी, बीबीए, बीएमएलटी व बीसीए पाठ्यक्रम शामिल हैं. सभी वोकेशनल कोर्स में सीटें निर्धारित हैं.

### गुरु गोबिंद सिंह तथा आईसीएआर में एमओयू

**रांची** । गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस, बोकारो व आईसीएआर (भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान), गढ़खटंगा के बीच शनिवार को एमओयू हुआ. एमओयू पर गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरुहार और आईसीएआर के निदेशक डॉ सुजय रक्षित ने हस्ताक्षर किए. डॉ सुजय ने बताया कि कुछ कोर्स में इलेक्ट्रॉनिक और इंस्ट्रूमेशन जैसे तकनीकी विषय हैं, जिन्हें बेहतर रूप से पढ़ाने के लिए यह करार किया है.

### चोरों ने सरोवर महादेव मंदिर को भी नहीं छोड़ा



**रांची** । राजधानी में रोग गिरोह का आतंक खत्म नहीं हो रहा है. घरों और फ्लैटों में तो चोरी की घटनाएं आम बात है, लेकिन चोर मंदिर को भी नहीं छोड़ रहे. सेवासदन पथ स्थित राजस्थान मित्र मंडल के सरोवर महादेव मंदिर में गिरिल और दान पात्र तोड़ कर चोरों ने नगद राशि, बड़ी पीतल का घंटा, तांबा के नागदेवता, विद्युत उपकरण और अन्य सामग्री ले भागे. अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है.

### पौधरोपण कर पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है

**रांची** । रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण समिति (जेएसपीसीबी) की ओर से शनिवार को विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत पर्यावरण शपथ, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक और एयर बैलून डिस्प्ले का आयोजन हुआ. इसका आयोजन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में किया गया. अध्यक्षता जेएसपीसीबी के वरीय पदाधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने की. बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य खेल प्राधिकरण के उप निदेशक राजकिशोर खाखा मौजूद थे.

---

स्टेशन रोड, गुरुद्वारा साहिब में श्रीगुरु अर्जन देव जी का शहीदी गुरु पर्व मनाया जाएगा

# श्रीगुरु अर्जन देव जी का शहीदी गुरु पर्व आज

संवाददाता । रांची

स्टेशन रोड, गुरुद्वारा साहिब में रविवार को श्रीगुरु अर्जन देव जी का शहीदी गुरु पर्व मनाया जाएगा. दिन के दस बजे 40 दिनों से चल रहे सुखमनी साहिब पाठ समापन के बाद विशेष दीवान सजाया जाएगा. स्त्री सत्संग सभा के साथ हजूरी रागी जत्था ग्रंथी भाई हरनाम सिंह और मेन रोड गुरुद्वारा के भाई भरपूर सिंह शबद गायन करेंगे. दीवान समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर भी बरतेगा. हरभजन सिंह ने धर्मावलंबियों से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है.

**रातू रोड गुरुद्वारा में 15 को गुरुपर्व मनाया जाएगा :** राजधानी के अन्य गुरुद्वारा साहिब में भी स्त्री सत्संग सभा की ओर से 40 दिनी सुखमनी साहिब का पाठ किया जा रहा है. गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा, रातू रोड में शनिवार को 30 दिन पूरे हुए. दिन के साढ़े तीन से शाम साढ़े पांच बजे तक पाठ चला. नीता मिढा, गीता कटारिया, बेबी मिढा, दुर्गा देवी मिढा, उषा ढंढई, नीतू किंगर, शीतल मुंजाल आदि ने इसमें हिस्सा लिया. नरेश पपनेजा ने बताया कि इसका समापन दस जून को होगा. 15 जून को गुरुपर्व मनाया जायेगा.

**10 जून को गुरुनानक स्कूल में शहादत दिवस मनेगा :** श्रीगुरु सिंह सभा, मेन रोड गुरुद्वारा साहिब में शनिवार को दिन के साढ़े तीन बजे से स्त्री सत्संग सभा की सदस्यों ने सस्वर पाठ कर गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की. अध्यक्ष सुरेंद्र पाल कौर, सचिव खेम कौर, परमजीत कौर, संध्या रानी मेहता, सानिया भसीन, तरनजोत कौर, अलंग लखविंदर कौर, सतपाल कौर आदि ने इसमें खास तौर से भाग लिया. प्रो हरविंदर बीर सिंह ने बताया कि दस जून को गुरुनानक स्कूल, पीपी कंपाउंड में शहादत दिवस मनेगा. इसमें पटना साहिब के रागी भाई सरबजीत सिंह जी खास तौर से शिरकत करेंगे.



स्टेशन रोड गुरुद्वारा साहिब में सुखमनी साहिब का पाठ करतीं श्रद्धालु महिलाएं



हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु.

### श्रीश्याम मंदिर में 114वें भंडारे का आयोजन

**रांची** । श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में शनिवार की शाम बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद पाया. श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से यहां 114वां साप्ताहिक भंडारा चलाया गया. शाम चार बजे अध्यक्ष सुरेश सरावगी, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा और उपमंत्री अनिल नारनोली संग यजमान परिवार नथमल अग्रवाल, सरला, दीपक, रेनू, श्याम बिहारी, नेहा सर्वेश, अंश और स्तुति ने भगवान को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया, भोग लगे प्रसाद को सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों के बीच परोसा गया. इसके बाद आम जन के बीच प्रसाद रूप में भोग बांटा गया. श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, स्नेह पोद्दार, आशीष डालमिया, अभिषेक सरावगी, अनुज मोदी अमित सरावगी, कमलेश सावा, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे, मनीष वर्मा आदि ने इसमें मुख्य योगदान दिया.

---

आईकॉन्स 24 : अंतिम दिन कई सत्रों का आयोजन, चुनौतियों पर चर्चा

# स्वदेशी विनिर्माण इस्पात की मांग को बढ़ावा देगा : नागेंद्र

**खास बातें**

- इस्पात उद्योग के नवीनतम रुझानों और अवसरों पर चर्चा
- हितधारकों को रणनीतिक सहयोग में सोचने का अवसर

संवाददाता ।रांची



सम्मेलन के समापन समारोह में विचार व्यक्त करते वक्ता.

इस्पात मंत्रालय के निर्देशानुसार मेकॉन लिमिटेड और सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय आईकॉन्स 24 सम्मेलन शनिवार को समाप्त हो गया. इस्पात पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईकॉन्स 24) के आखिरी दिन कई सत्र आयोजित हुए. जिसमे रोलिंग मिल्स प्रौद्योगिकी में रुझान और चुनौतियां सेकेंडरी इस्पात निर्माण प्रौद्योगिकी में रुझान और चुनौतियां और ओपन हाउस पैनल चर्चा की गयी. आईकॉन्स 24 में भारत में पूंजीगत वस्तुओं के विनिर्माण पर विशेष ध्यान देने के साथ एक उज्ज्वल इस्पात बाजार परिदृश्य को आकार देने का संकल्प लिया गया. यह एकजुट प्रयास देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में तेजी से ले जा सकेगा. इसमें प्रतिस्पर्धी प्रौद्योगिकियों और पूंजीगत वस्तुओं के विनिर्माण के बड़े पैमाने पर और तेजी से स्वदेशीकरण पर जोर दिया गया, जिससे विदेशी प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ताओं और निर्माताओं पर निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने में भी मदद मिलेगी.

प्रतिभागियों ने आयोजित विभिन्न सत्रों में इस्पात उद्योग के नवीनतम रुझानों, चुनौतियों और अवसरों पर गहन चर्चा की. सम्मेलन में पूंजीगत वस्तुओं के निर्माण में भारत की क्षमता और इसके बड़े पैमाने पर स्वदेशीकरण के लिए और इसके सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया. इस सम्मेलन ने महत्वपूर्ण संवाद और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया और साथ ही हितधारकों को रणनीतिक सहयोग की दिशा में सोचने का अवसर भी प्रदान किया.

इस अवसर पर भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा, इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव अभिजीत नरेन्द्र, डॉ. संजय रॉय, मेकॉन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक व अतिरिक्त प्रभार निदेशक (वाणिज्यिक) संजय कुमार वर्मा, मेकॉन के निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार, मेकॉन के निदेशक (तकनीकी) अमित राज, मेकॉन के निदेशक (परियोजनाएं) प्रद्युम्न कुमार दीक्षित, सेल के कार्यपालक निदेशक (सीईटी) श्रवण कुमार वर्मा उपस्थित थे.

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा कि बड़े पैमाने पर पूंजीगत वस्तुओं का स्वदेशी रूप से विनिर्माण देश में इस्पात की मांग को बढ़ावा देगा. इसके अलावा इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के रास्ते खुलेंगे, प्रौद्योगिकी अवशोषण के अवसर मिलेंगे और स्वदेशी डिजाइन और उन्नत विनिर्माण क्षमताओं का निर्माण होगा. यह सब देश को आत्मनिर्भर बनने में काफी हद तक मदद करेगा.

### सुपर क्वीन और सीएम स्कूल के बीच फाइनल आज

**रांची** । पहली हॉकी रांची लीग में महिला वर्ग का खिताबी मुकाबला रविवार को सुपर क्वीन वुमन क्लब और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरियातू के बीच खेला जाएगा. पुरुष वर्ग में एनटीएच और बापू क्लब के बीच फाइनल मैच होगा. दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज की थी. शनिवार को खेले गए मैचों में दोनों टीमों ने जीत के साथ फाइनल के लिए जगह बनाई. एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम, मोरहाबादी में खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में सुपर क्वीन वुमन क्लब ने साई रांची को 6-0 से आसानी से पराजित किया. 18वें, 26वें, 36वें व 42वें मिनट में अलबेला रानी टोप्पो ने गोल दागा. 31वें व 34वें मिनट में प्रमोदिनी लकड़ा ने गोल किया. दूसरे सेमीफाइनल मैच में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस ने हॉकी गुमला को 4-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई. विजेता टीम की ओर से 15वें मिनट में सलोमो नाग, 19वें मिनट में शिवनी केरकेट्टा, 29वें मिनट में लेओनी हेम्ब्रोम व 43वें मिनट में सुस्मिता गुड़िया ने गोल किए. गुमला की ओर से 11वें मिनट में प्रफेटी बिलुंग और 44वें मिनट में दीपिका होरो ने गोल किए. पुरुषों का फाइनल मैच शाम चार बजे से और महिलाओं का मैच शाम छह बजे से शुरू होगा.

---

रॉकमैन प्रीमियर लीग

## वॉरियर्स व चैलेंजर्स की टीम ने अपने- अपने मुकाबले जीते



खेल के बाद विजयी टीम को ट्राफी प्रदान करते संस्था के पदाधिकारी.

संवाददाता ।रांची

रॉकमैन प्रीमियर लीग में शनिवार को वॉरियर्स व चैलेंजर्स की टीम ने अपने-अपने मुकाबले जीते. पहले मैच में वॉरियर्स ने सुपर जॉयंट्स को 37 रन से हराया. इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 196 रन बनाए. टीम के लिए जीतेंद्र ने ताड़तोड़ 70 व सकता वर्मा ने 64 रन बनाए. सुपर जॉयंट्स के आकाश ने तीन विकेट चटकाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर जॉयंट्स की टीम 159 रन ही बना सकी. टीम के लिए आरव ने 47 व नवनीत ने 32 रन बनाए.

### चैलेंजर्स ने स्मैशर्स को हराया

चैलेंजर्स और स्मैशर्स के बीचे खेले गए मुकाबले में चैलेंजर्स की टीम ने 20 रन जीत दर्ज की. पहले बल्लेबाजी करते हुए चैलेंजर्स ने 163 रन बनाए. टीम के लिए साकेत व अर्जुन ने 48-48 रन बनाए. विपक्षी टीम के रागिनी ने व सौरभ ने दो-दो विकेट लिए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्मैशर्स की टीम 143 रन पर सिमट गयी. टीम के लिए शिवम ने सर्वाधिक 40 रन बनाए. चैलेंजर्स के सौरव ने चार व पारूल ने दो विकेट लिए. साकेत में शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया.

---

## अंडमान के आदिवासियों को रांची भ्रमण कराया

**खास बातें**

- झारखंड तपकारा गांव में रहते थे उनके पूर्वज
- मिशनरियों के बड़े कार्यक्रम भाग लेने आते हैं आदिवासी

संवाददाता । रांची



अंडमान के आदिवासियो ने देखा बेथेसदा का ऐतिहासिक स्थल.

रांची यूथ पेरिश की ओर से शनिवार को अंडमान से आये सैकड़ों आदिवासियों को रांची भ्रमण कराया गया. उन्हें मिशनरियों के ऐतिहासिक स्थलों से भी अवगत कराया गया. रांची के मिशनरी स्कूल, चर्च और कॉलेजों का भ्रमण कराया गया. अंडमान के मेहमानों को मेमोरियल हेरिटेज बेथेसदा, मॉडरेटर बंगला, जीईएल चर्च और गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज घुमाया गया. पेरिश यूथ के अध्यक्ष समीर सांगा ने बताया कि अंडमान के आदिवासी यहां मिशनरियों के बड़े कार्यक्रमों में शामिल होने आते हैं.

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के जीदन सीसी बाहलेन गुडिया ने बताया कि हमलोग तीसरी पीढ़ी के हैं. हमारे पूर्वज झारखंड के तपकारा गांव में रहते थे. हर साल हमलोग अपने परिजनों से मिलने गांव पहुंचते हैं, अपने घर परिवार के लोगों से मिलने के बाद अंडमान जाने का मन नहीं करता है. बताया कि अब वहां सब कुछ बना चुके हैं.

झारखंड की मिट्टी बहुत बढ़िया है. कहा कि झारखंड के अधिकतर इलाके पहाड़ों से घिरे रहते थे. चारों ओर हरा भरा जंगल रहता था. लेकिन अब वैसी बात नहीं रह गयी है. चारों ओर फ्लैट बनते जा रहे हैं. अंडमान निकोबार के शशि कुजूर ने बताया कि हमारे पूर्वज सिमडेगा के बाघडेगा के रहने वाले थे. हमलोग उरांव समुदाय से आते हैं. तीसरी पीढ़ी के लोग अंडमान में जन्मे, पढ़े लिखे.

शिक्षा अंडमान में पूरी हुई. हम वहां सरकारी नौकरी करने लगे. वहां के निवासी हो गये. हम दो दिवसीय डायसिस महिला सम्मेलन में हिस्सा लेने आये थे. इसी के बहाने हमलोग अपने परिवार से मिल लेते हैं. अगर बाल बच्चों की यहां सरकारी नौकरी लगेगी तो हम अपने पूर्वज के साथ ही रहना पसंद करेंगे.

---

## न्यूज अपडेट

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में भंडारे का आयोजन



भुताहा तालाब के श्री चैती दुर्गा मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते आसपास के लोग.

**रांची** । भुताहा तालाब के श्री चैती दुर्गा मंदिर में शनिवार को भंडारा का आयोजन किया गया. इसमें 2500 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया. पुरोहित सुभाष चद्र मिश्रा ने सबसे पहले पूजा अर्चना किया और महाआरती कार्यक्रम किया. पुरोहित ने मां को भोग लगाया. मंदिर समिति के अध्यक्ष शंकर दुबे ने प्रसाद वितरण शुरू किया. जिसमें खिचड़ी, अचार, चिप्स समेत अन्य सामग्रियों को बांटा गया. मौके पर मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, राहुल सिंह, विशाल कृष्णा, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता, राजू चौरसिया, महेंद्र वर्मा, जय कांत चौधरी, नमन भारतीय व राहुल रजक समेत अन्य शामिल थे.

### गृहस्थ्य भोग का नहीं, त्याग का आश्रम है : कुलदीप जी



डीएवी नंदराज में चौथे दिन कथा का शुभारंभ करते वरिष्ठ नागरिक.

**रांची** । डीएवी नंदराज स्कूल में चल रहे श्रीराम कथा के चौथे दिन शनिवार को कथावाचक आचार्य कुलदीप ने श्रीराम के वन गमन की घटना का सुंदर चित्रण अपने प्रवचन और भजन के माध्यम से किया. भक्ति और ज्ञानात्मक बातों का उल्लेख करते हुए गृहस्थ्य आश्रम की बारीकियां समझायीं. कहा कि यह भोग का नहीं, त्याग का आश्रम है. आप अधिकारी नहीं, कर्तव्य परायण बनें. कथा शाम साढ़े चार से साढ़े सात बजे तक चली. इस दौरान महर्षि दयानन्द, सनातन धर्म और आर्यसमाज पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया. इससे पूर्व संजय गोयल ने आचार्यश्री का चंदन-वंदन किया.

### 55 कैथोलिक बच्चों का कराया दृढीकरण संस्कार



महाधर्मप्रांत के हुलहुंडू पल्ली में दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण किये बच्चे.

**रांची** । महाधर्मप्रांत के हुलहुंडू पल्ली में शनिवार को आर्च बिशप ने 55 बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार कराया गया. उनके लिए विनती और पवित्र मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया. इस अवसर पर आर्चबिशप विसेंट आइंद ने कहा कि सभी कलिसिया पवित्र आत्मा द्वारा संचालित होते है. अपने सुख-सुविधा को छोड़ कर परमेश्वर सेवा में आये है. सभी को परमेश्वर ने बुलाया है, ताकि मानव कल्याण का उद्धार हो सके. इस मौके पर निर्देशक फादर बिपिन कंडुलना, पल्ली पुरोहित फादर जेम्स डुंगडुंग, फादर असित टोप्पो, फादर, वॉल्टर किस्पोट्टा, फादर असीम मिंज समेत ख्रीस्त विश्वासी उपस्थित थे.

### दिव्यांगों को मिला कृत्रिम अंग और ट्राइसाइकिल



दिव्यांग को ट्राइसाइकिल देते हुए सांसद संजय सेठ व पूर्व सांसद अजय मारू.

**रांची** । श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति स्व. प्रेम कुमार पोद्दार स्मृति प्रकल्प के पहले स्थापना दिवस पर 175 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग और ट्राइसाइकिल दिया गया. तेतर टोली, बरियातु में शाम चार बजे समारोह प्रारंभ हुआ. इसमें सांसद संजय सेठ बतौर मुख्य और पूर्व सांसद अजय मारू विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लिया. संजय सेठ ने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज की सहायता जरुरी है. दिव्यांग समाज के अभिन्न अंग है, सेठ ने आश्वासन दिया कि इसके लिए जल्द ही वे केंद्र सरकार से फंड आवंटित करायेंगे. अध्यक्ष ललित केडिया, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र अग्रवाल, रतन अग्रवाल, सचिव नेमी अग्रवाल, प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्यों ने इसमें भागीदारी निभायी.

### स्व. शिवनारायण जायसवाल की तृतीय पुण्यतिथि मनी



प्रथम मेयर की तृतीय पुण्यतिथि पर हुआ भोग का वितरण.

**रांची** । रांची के प्रथम मेयर स्व. शिवनारायण जायसवाल की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पौत्र आदित्य विक्रम जायसवाल ने शनिवार को थड़पखना स्थित शनि मंदिर में पूजा-अर्चना कर लोगों के बीच भोग वितरण किया. इसके पूर्व आदित्य जायसवाल ने अपने दादा की कुशल जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि देश की आजादी में स्व. शिवनारायण जायसवाल की अहम भूमिका थी. हमेशा कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़कर देश व पार्टी की सेवा में लगे रहते थे. उनकी सोच काफी दूरदर्शी थी. झारखंड को इंडस्ट्रियल हब बनाना उनका सपना था. उन्होंने मंदिर, स्कूल, कॉलेज, रांची की पहली पक्की सड़क व अस्पताल का निर्माण करवाया था. वे सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रमों में सहयोग करते थे.

---

संकल्प-संगोष्ठी | राज्य प्रदूषण नियंत्रण एवं आरयू की एनएसएस इकाई ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

# पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन सबकी जिम्मेदारी : राजकिशोर

संवाददाता । रांची

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण समिति एवं आरयू की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह मनाया गया. इसके तहत मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में पर्यावरण शपथ, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक एवं एयर बैलून डिस्प्ले का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जेएसपीसीबी के वरीय पदाधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने की.

मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य खेल प्राधिकरण के उप निदेशक राजकिशोर खाखा शामिल हुए. उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन करना सबकी जिम्मेदारी है एवं सभी के सामूहिक प्रयास से ही पर्यावरण को बचाया जा सकता है. हॉकी के राष्ट्रीय पदक विजेता मनोहर टोपनो ने कहा कि पौधा रोपण एवं उसका संरक्षण करके पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है. उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान जल, जंगल, जमीन एवं हरियाली के कारण होती थी, जो आज गंभीर हालत में दिखाई दे रही है. राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ. ब्रजेश कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है एवं पूरी दुनिया में पर्यावरण को बचाने के लिये चिंतन हो रहा है. उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों से अपने घर पर पौधा लगाने एवं उनका संरक्षण करने की अपील की.



बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम पर्यावरण दिवस मनाते शिक्षक एवं छात्र.

### पर्यावरण जागरूकता के लिए ली गयी शपथ

इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता शपथ भी कराई गई. झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी के जागरूक करने के लिए हवा में बैलून को ऊंचाई पर भेजकर उसे बांधा गया. एयर बैलून के माध्यम से आम लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाने का प्रयास किया गया है. कार्यक्रम में भूमि संरक्षण को लेकर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक पेश किया, जिसके माध्यम से भूमि संरक्षण का संदेश दिया गया. मौके पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी कमलाकांत पाठक, मणिभूषण, अमृता मिश्रा, रोशनी सिंह एवं एनएसएस के रिकेश भारद्वाज, पुरुषोत्तम, आकाश मुंडा, अमित पांडेय, हर्षिका, विनय मुंडा, मुस्कान वर्मा, प्रीति कुशवाहा, उज्ज्वल कुमार आदि शामिल थे.

---

# क्यूरेस्टा ग्लोबल अस्पताल में न्यूरो, लेप्रोस्कोपिक कार्डियक, फेशियल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की नई टीम

संवाददाता । रांची

क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल ने अपनी मेडिकल टीम में कुशल व अनुभवी डॉक्टरों के समूह को शामिल करने की घोषणा की है, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा दी जा सके. क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन अविनाश कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नई टीम में न्यूरो साइंसेज विभाग जैसे विषयों के विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार, डॉ पैट्रिक मिंज को शामिल किया गया है. इसके अलावा लेप्रोस्कोपिक और मिनिमली इंवेसिव सर्जरी विभाग में डॉ (मेजर) रमेश दास व डॉ ओम प्रकाश को शामिल किया गया है. साथ ही कार्डियक विभाग में डॉ अनुपम कुमार को शामिल किया गया है. सभी डॉक्टर अपनी टीम के साथ क्यूरेस्टा से जुड़ रहे हैं.

अविनाश कुमार ने आगे बताया कि मैक्सिलो फेशियल और ट्रॉमा सर्जरी विभाग में डॉ अनुज कुमार समेत कई अन्य दिग्गज डॉक्टरों को जोड़ा गया है. डॉक्टर्स की नई टीम एक अच्छी चिकित्सा सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने कहा कि हम अपनी टीम में डॉक्टरों के ऐसे प्रतिष्ठित समूह का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं. उनकी विशेषज्ञता और मरीजों के देखभाल के प्रति समर्पण उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवा देने की हमारी क्षमता को बढ़ाएगा. आज का यह पल हमारे अस्पताल के लिए महत्वपूर्ण है. हमें विश्वास है कि हमारे यहां के मरीजों को उनकी उपस्थिति से बहुत लाभ होगा.



पत्रकारों को डॉक्टरों की नई टीम के जुड़ने की जानकारी देते अविनाश कुमार.

## सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने किया पिपरवार का दौरा,दिए कई दिशा-निर्देश

# रिव्यू मीटिंग में उत्पादन संप्रेषण की जानकारी प्राप्त की

संवाददाता। पिपरवार

सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने सपत्नी शनिवार को पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया. इस दौरान सीसीएल सीएमडी ने बचरा एक नंबर स्थित मां काली के मंदिर में पत्नी के साथ दीपक जलाया और क्षेत्र एवं कोयलांचल क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं खुशी की मन्नत मांगी . इसके पश्चात उन्होंने बचरा स्थित संगम विहार गेस्ट हाउस में पिपरवार क्षेत्र के सभी अधिकारियों के संग रिव्यू मीटिंग किया गया. इस दौरान उन्होंने कोल इंडिया द्वारा निर्धारित वित्तीय वर्ष 2024 -25 मैं दिए गए. कोयला



सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने मां काली के मंदिर में पत्नी दशर्न किया.

उत्पादन संप्रेषण की लक्ष्य के प्राप्ति को लेकर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए . पिपरवार आगमन पर पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय ,अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार आम्रपाली महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह मगध संघमित्रा महाप्रबंधक (प्रभार ) नवीन कुमार , मगध परियोजना पदाधिकारी एस सत्यनारायणा, एजीएम रंजय सिन्हा ,सहित अन्य अधिकारियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया . इस मौके पर एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेष तोषण, स्टाफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार स्टाफ ऑफिसर इएण्डएम जे एन दत्ता,स्टाफ ऑफिसर एक्शवेशन जेएसपी शर्मा, अशोक परियोजना खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह,परियोजना सेफ्टी ऑफिसर सुनील यादव , पिपरवार कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग, जनता मजदूर संघ के केंद्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रवींद्रनाथ सिंह, सीटु के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव मोहम्मद इस्लाम , बीएमएस के सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य एसके चौधरी,कोलफील्ड मजदूर यूनियन के भीम सिंह यादव ,आरसीएमएस क्षेत्रीय सचिव (ददई गुट ) सतीश पांडे ,आरसीएमयू क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह ,राष्ट्रीय कोयला मजदूरी यूनियन के क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहता ,सहित और अधिकारी एवं यूनियन प्रतिनिधि शामिल थे.

## हेमंत से जेल में सीएम की मुलाकात पर भाजपा ने जताई आपत्ति

संवाददाता। रांची

रांची जेल में हेमंत सोरेन और सीएम चंपाई सोरेन की हुई मुलाकात पर भाजपा ने आपत्ति जताई है. इसे लेकर भाजपा के न्यायिक मामले के प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधमंडल ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि शुक्रवार को सीएम चंपाई सोरेन बिरसा मुंडा जेल गये थे. उन्होंने पूर्व मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन से जेल में एक घंटा पचास मिनट मुलाकात की. जेल के मुलाकाती स्थान पर स्पष्ट लिखा हुआ कि मिलने का समय 15 मिनट है. इसके बाद भी एक घंटा 50 मिनट की मुलाकात किस नियम के तहत जेल प्रशासन ने करवायी.

मुख्यमंत्री ने जेल मैनुअल का उल्लंघन् किया है. इस ज्ञापन की



भाजपा पहुंची निर्वाचन आयोग

प्रति चुनाव आयोग नयी दिल्ली, मुख्य सचिव, जेल आईजी, गृह सचिव, जेल अधीक्षक, को भी दी गयी है. प्रतिनिधिमंडल मे न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा, अधिवक्ता ज्योति आनंद शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### इटकी में आठ घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में आठ घंटे विद्युत आपूर्ति ठप होने से हलाकान रहे लोग. बिजली विभाग के मनमानी के कारण इटकी में शनिवार प्रातः 11 बजे से लेकर 6.45 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही. इधर उमस के साथ पड़ रही भीषण गर्मी से लोग ऐसे बेहाल है और ऊपर से बिजली कट जाने से आग में घी का काम कर रहा है. पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों में हाहाकार मच गया, लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ा. बिजली विभाग के सहायक अभियंता से पूछे जाने पर बताया की हटिया ग्रिड से बेड़ो पावर सबस्टेशन के बीच 33 हजार वोल्ट लाइन ब्रेकडाउन हो गया था.

### मांडर में सड़क हादसे में दो युवक हुए घायल

**मांडर।** रांची–मेदिनीनगर मुख्य पथ पर शनिवार शाम को बाइक दुघर्टना में दो लोग घायल हो गए. मांडर थाना क्षेत्र के पुंगी मोड़ पर शनिवार शाम लगभग चार बजे करकरा के बाईस वर्षीय रोहित उरांव अपने एक अन्य दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था. तभी उक्त स्थान के निकट उसकी भिड़ंत सामने से आ रहे गढ़मी के बीस वर्षीय सूरज उरांव के बाइक से हो गई. इस हादसे में दोनों ही बाइकों के पीछे बैठे लोगों को चोट नहीं लगी, जबकि बाइक चला रहे सूरज और रोहित को गंभीर चोट लगी है.

### खालरी में घर के बाहर से मोटरसाइकिल की चोरी

**खालरी।** ख़लारी थाना क्षेत्र के महाबीर नगर से घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल की चोरी चोरों ने कर लिया गया. भुक्तभोगी ओमप्रकाश महतो ने थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि महाबीर नगर ज्ञानोदय स्कूल के पास अपने घर के बाहर रात 12 बजे गेट के सामने मोटरसाइकिल पल्सर को खड़ा करके घर के अंदर गया. कुछ ही देर बाद घर से वापस बाहर आया तो बाइक को गायब पाया.पीड़ित के द्वारा आसपास काफी तलाशा गया पर बहुत खोजबीन करने के बाद भी बाइक नही मिला.

### रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ों को बचाने का लिया संकल्प

**अनगड़ा।** प्रखंड के बड़की गोड़ांग में वन रक्षाबंधन का आयोजन किया गया. इस दौरान ग्रामीणों नेपेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर इसकी रक्षा करने का संकल्प लिया. मुख्य अतिथि नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया ने पेड़ो में रक्षा सूत्र बांधकर ग्रामीणों को इसकी देखभाल करने की शपथ दिलाई. मौके पर फारेस्ट गार्ड कृष्णा महतो, पहलूबेदिया, रोहित शाही मुंडा, सोनी कुमारी, समाजसेवी जयराम बेदिया, ललकू बेदिया, लालसाई मुंडा, पोदना मुंडा आदि मौजूद थे.

# रेलवे का ओवर हेड तार ट्रेन पर गिरा, दो यात्री घायल

संवाददाता। सिल्ली/मुरी

मुरी रेल खंड के सुईसा एवं तिरूलडीह के बीच नई दिल्ली नीलांचल एक्सप्रेस सुबह लगभग 7:30 से 8 बजे टाटा की ओर जा रही थी . तभी अचानक ओएचई तार टूट कर बोगी पर जा गिरा. वही कोच संख्या S-5 मे फुटवोड पर बैठे उत्तर प्रदेश के रायबरेली निवासी राम शंकर उम्र 40 वर्ष , दूसरे यात्री उत्तर प्रदेश रायबरेली निवासी राहुल कुमार उम्र 31 वर्ष दोनों को अपने चपेट में ले लिया. जिससे दोनों घायल हो गए . ड्राइवर ने ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका ट्रेन रुकते ही यात्रियों में अफरा तफरी मच गई . वहीं मौके पर रेलवे के स्वास्थ्य विभाग के डॉ जे कच्छप एवं आरपीएफ के टीम मौके पर पहुंची जहां दोनों यात्रियों को झालदा सदर अस्पताल प्राथमिक उपचार करने के लिए लाया गया प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए परिजनों ने सिंगपुर नर्सिंग होम लाया जहां डॉ रमनेश प्रसाद के द्वारा इलाज किया जा रहा है. बताते चले की ओएचई तार टूटने का करण कोई अधिकारी कोई कुछ नही बोल पा रहे है.

### डीआरएम पहुंचे अस्पताल, घायलों का हाल-चाल जाना



घायल यात्रियों को देखने के लिए मुरी सिंहपुर अस्पताल रेलवे डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा अस्पताल पहुंचे एवं घायलों का हाल–चाल जाना तथा चिकित्सकों को चिकित्सा में किसी तरह का कोताही न बतरने का निर्देश दिया .उनमें से एक घायल को तुरंत रेल चलंत चिकित्सा रेल से रेलवे अस्पताल हटिया भेजा दिया . उन्होंने कहा कि घटना की जांच उच्च कमांडेंट सुरक्षा अधिकारी से कराई जाएगी . विधायक सुदेश कुमार महतो भी अस्पताल पहुंचे . उन्होंने भी सिंहपुर नर्सिंग होम के संचालक डॉ रमनेश प्रसाद रेल चिकित्सक डॉ जे कच्छप से घटना संबंधित जानकारी ली .

## कार 50 फीट नीचे गड्ढे में गिरी, एक की मौत

संवाददाता। तमाड़

इंचाडीह तमाड़ के निकट रांची टाटा एनएच-33 पर एक तेज रफ्तार कार पलट कर 50 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में एक की मौत हो गयी. कार पर 3 लोग सवार थे. मृतक का नाम लक्की कुमार यादव बताया गया है. वहीं कार पर सवार दो अन्य लोग घायल हो गये हैं. इनका नाम आयुष दुबे और अंकित यादव बताया गया है.तीनों युवक सोनारी जमशेदपुर के निवासी बताए जाते हैं.मिली खबर के मुताबिक घटना इंचाडीह तमाड़ के समीप शाम करीब पांच बजे की है. जानकारी के अनुसार सभी तीनों लोग अपने संबंधी को रांची एयरपोर्ट पर छोड़ वापस जमशेदपुर जा रहे थे. तेज रफ्तार होने के कारण कार सड़क की रेलिंग को तोड़ते हुए 50 फीट नीचे जा गिरी. इस बीच कार तीन बार पलटी. हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है. कार के नीचे गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर घायलों को बाहर निकाला. तब तक पुलिस भी मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से दोनों घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया. यहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया. इधर, मृतक लक्की यादव का शव भी पुलिस ने बरामद कर लिया है और इसे थाने ले आयी है. शव को रविवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जायेगा.



कार से घायलों को निकालते लोग

**खास बातें**

- सभी रांची एयरपोर्ट से जमशेदपुर लौट से रहे थे
- लोगों ने रेस्क्यू कर घायलों को बाहर निकाला

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी के पोखरटोली में शनिवार को सेना के जवान की पत्नी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में आक्रोशित अखिल भारतीय सैनिक सेवा परिषद के बैनर तले जनाक्रोश रैली निकाली गई. इस दौरान तख्तियां और बैनर लिए पूर्व सैनिकों ने दोषियों पर कार्रवाई करने और पीड़िता को न्याय दिलवाने की मांग की. वहीं पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे भी लगाए गए. परिषद के जिलाध्यक्ष कैप्टन कैलाश यादव ने कहा कि पांच दिनों के बाद भी दोषियों का पुलिस की गिरफ्त में नहीं आना मामले में पुलिस पर सवाल खड़े करता है. मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष कर्नल नीलांबर झा, संरक्षक कैप्टन बब्जकिशोर सिंह, ललन ठाकुर, अरुण झा, मिथिलेश पांडेय, धनराज सिंह, मनोज सिंह, प्रेमलता देवी, नीरा यादव, शालिनी आदि मौजूद थे.

## 24 जिलों में लैंड बैंक बनाकर उद्योग के लिए 100 एकड़ भूखंड उपलब्ध कराया जाए : चैंबर



00000000000000000

संवाददाता। रांची

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की लैंड रिफॉर्म उप समिति की बैठक शनिवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुई. इसमें राज्य में उद्योग-व्यापार के लिए भूमि उपलब्धता नहीं होने के साथ-साथ विकास कार्य प्रभावित होने पर चर्चा हुई. कहा गया कि झारखंड के 24 जिलों में लैंड बैंक बनाकर 100-100 एकड़ का भूखंड सिर्फ उद्योगों के लिए उपलब्ध कराया जाए. 5, 10, 20 हजार स्क्वॉयरफीट का भूखंड उद्योगों को आवंटित किये जाने से बेहतर परिणाम सामने आ सकता है. इससे छोटे-छोटे व्यवसाय, उद्योग एवं गृह उद्योगों को बढ़ावा मिल सकेगा. चैंबर अध्यक्ष मंत्री ने कहा कि राज्य में गैर मजरूआ भूमि का म्यूटेशन रसीद काटने की पुरानी प्रक्रिया को पुनः बहाल करना जरूरी है.

### मतगणना प्रेक्षक ने पंडरा स्थित मतगणना स्थल का लिया जायजा

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए 4 जून को होनेवाली मतगणना को लेकर पंडरा बाजार समिति स्थित मतगणना स्थल में तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है. शनिवार को रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के ईचागढ़, सिल्ली एवं खिजरी विधानसभा के मतगणना प्रेक्षक अमित मेहरा ने मतगणना स्थल का जायज़ा लिया. निर्वाची पदाधिकारी रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा ने मतगणना प्रेक्षक अमित मेहरा को पूरी व्यवस्था एवं की गई तैयारियों से अवगत कराया.

## हटिया-गोरखपुर एक्स से 36 किलो के साथ चार धराये

संवाददाता। सिल्ली

मुरी स्टेशन पर हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस की सामान्य बोगी से मुरी आरपीएफ ने गुरुवार की रात 11 बजे 36.65 किलोग्राम गांजा जब्त किया है. 22 पैकेट में बंद गांजा की कीमत लगभग 18 लाख 32, 500 रुपये बताई जा रही है. इस मामले में दो महिला समेत चार लोग गिरफ्तार किए गए हैं. आरपीएफ को गांजा तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी इसके बाद मुरी पोस्ट के कमांडेंट संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में दो टीमें गठित की गई. एक टीम रांची से आ रही ट्रेन में भेजी गई और दूसरी टीम मुरी स्टेशन पर तैनात कर दी गई. पोस्ट के कमांडेंट ने बताया कि दोनों टीमों ने मुरी में ट्रेन के अंदर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान चार संदिग्ध पाए गए, इनमें दो महिला और दो पुरुष शामिल हैं.चारों ने पुलिस को देखते ही बचने की कोशिश की जिन्हें आरपीएफ की टीम ने धर दबोचा. आरपीएफ प्रभारी ने घटना की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त एवं उप सुरक्षा आयुक्त को दी है.



## वज्रपात से वृद्धा की मौत, दो पुत्र घायल

- घायल को देखने अस्पताल पहुंचे सुदेश महतो

संवाददाता। सिल्ली/मुरी

सिल्ली के बंता में शनिवार की शाम आए बारिश के दौरान हुई वज्रपात से रेणुका देवी (60) की मौत हो गई. वहीं इसके अलावे दो अन्य घायल हो गये. घायलों में मृतका रेणुका देवी का पुत्र इंद्रसेन मुंडा और मुकेश सिंह मुंडा शामिल है. जानकारी के मुताबिक ये लोग खेत में पानी पटाने का काम कर रहे थे. बारिश हुआ तो खेत में बने एक झोपड़ी में चले गए. उसी दौरान ये लोग हुई वज्रपात की चपेट में आ गए. जिसकी सूचना किसी मुखिया सुशील सिंह मुंडा को दी. घटनास्थल पर तुरंत पहुंचकर उन्होंने आनन फानन में तीनों को सिंगपुर अस्पताल में भरती कराया . जहां चिकित्सकों ने रेणुका देवी को मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही विधायक सुदेश कुमार महतो घायलों से मिलने सिंगपुर अस्पताल पहुंचे.उन्होंने घायलों हाल चाल लिया एवं परिजनों को ढांढस बंधाया.



### कांके में आंधी और बारिश से कई घरों के उड़े छप्पर

**कांके।** प्रखंड के कोल्हेया कनादू, सतक नादू सहित कई गांवों में आंधी–तूफान के साथ हुई बारिश से दर्जनों घरों के छप्पर उड़ गए . वहीं कई घरों के ऊपर पेड़ गिर गए . इसके अतिरिक्त कई जगहों पर बिजली के पोल और तार टूटकर गिरने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित है . आंधी तूफान ने कोल्हेया कनादू के संजय मुंडा, खदीजा खातून, कलीम खान तथा सतकनादू के मुंसफ अंसारी, जमाल अंसारी, सरवर अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, अब्दुल रशीद अंसारी और रेयाजुल अंसारी सहित मदरसा दारूल उलूम इमदादिया के दर्जन भर कमरों में लगे एसबेस्टस शीट भी उड़ गई .

### नामकुम में वज्रपात से एक युवक झुलसा

**नामकुम।** प्रखंड की हहाप पंचायत के हहाप गांव मेंआंधी–बारिश के साथ हुए वज्रपात से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया . परिजन उसे रिम्स ले गए, जहां वह जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है . घटना शनिवार की शाम लगभग तीन बजे की है . घायल सोमरा महतो हहाप गांव का निवासी है .सोमरा के पिता मोची महतो ने बताया कि वह अपनी बारी में काम कर रहा था उसी दौरान वज्रपात हुआ .

### माता-पिता से प्रेम करना भी प्रभु भक्ति के समान : व्यास

**नामकुम।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर मैदान में शनिवार को आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास पंडित संजय कृष्ण त्रिपाठी ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि मनुष्य को अपना चरित्र अच्छा बनाना चाहिए. माता-पिता से प्रेम करना भी प्रभु की भक्ति के समान है. कोई पाप कर्म और मदिरा पान नहीं करना चाहिए. उन्होंने ने कहा कि जो मनुष्य अहंकार करता है, प्रभु उस पर अपनी कृपा नहीं करते हैं और उनका नाश हो जाता है,हमें अपने चरित्र में सौम्यता लानी चाहिए. हमें अपना चरित्र श्रीराम की तरह बनाना चाहिए. मौके पर आयोजन मंडली के कैलाश केशरी, विहिप महानगर अध्यक्ष, अमरनाथ ठाकुर, अरुण झा, पंकज तिवारी, शत्रुघ्न तिवारी, अनिल सिंह, अनुराग शर्मा, बंटी पांडेय और विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

## बेकाबू हाइवा ने ऑटो को रौंदा, एक की मौत

संवाददाता। रामगढ़

रामगढ़ पतरातू मुख्य पर शनिवार देर शाम को एक तेज रफ़्तार हाइवा ने ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया. इस हादसे में ऑटो में सवार एक यात्री की मौत हो गयी. तीन अन्य यात्री गंभीर रुप से घायल हो गये. घटना में ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी. जानकारी के अनुसार रामगढ़- बरकाकाना मुख्य मार्ग कंट्रोल ऑफिस के समीप बरकाकाना की ओर से जा रहा हाइवा अनियंत्रित होकर रामगढ़ की ओर से आ रही ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया . सड़क के किनारे करीब 20 मीटर तक घसीटते हुए जा घुसा. जिससे ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार ड्राइवर सहित यात्री घायल हो गए . बताया जाता है कि पांच लोग ऑटो में सवार थे . घटना की जानकारी मिलते ही राहगीर और आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को किसी तरह वहां से निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा. घायलों में दो लोग गंभीर बताये जा रहे हैं. मौके पर बरकाकाना पुलिस और भदानी नगर थाना प्रभारी पहुंचकर हाईवे से क्षतिग्रस्त ऑटो और फंसे हुए व्यक्ति को निकाला.



00000000000000000

## अच्छी पहल दुनिया भर के छात्र भी पढ़ रहे कोल्हान विश्वविद्यालय के शोधार्थियों का शोध पत्र

# 165 शोधार्थियों की थीसिस शोध गंगा में हो गई अपलोड

सुकेश कुमार। चाईबासा

कोल्हान विश्वविद्यालय में पीएचडी शोधार्थियों की थीसिस को पूरे दुनिया के प्लेटफार्म पर ले जाने के लिए पिछले तीन सालों से कार्य चल रहा है. विवि ने अब तक लगभग 165 शोधार्थियों के थीसिस को शोध गंगा में अपलोड कर दिया है, ताकि दुनिया के किसी भी स्थान पर कोई भी आसानी से देख सकता है. कोल्हान विवि के शोधार्थियों की थीसिस को हर कोई देखकर अनुभव हासिल कर सकता है.

उक्त वेबसाइट में यह थीसिस को पीडीएफ फाइल बनाकर अपलोड कर दिया गया है. यह सारा कार्य कोल्हान विवि के सेंट्रल लाइब्रेरी से संचालित हो रही है. लाइब्रेरियन नीलकंठ ने कहा कि पिछले दो सालों से अपलोड का काम चल रहा है. शोधार्थी का अवार्ड होने के पश्चात उसके थीसिस को शोध गंगा वेबसाइट में अपलोड किया जाता है. यह एक ऐसा वेबसाइट है जहां पूरी दुनिया भर के श्रेष्ठ विवि के शोधार्थी का शोध पत्र यहां पर उपलब्ध है. इस वेबसाइट से शोधार्थी अनुभव हासिल कर सकते है.

### पिछले तीन सालों से थीसिस को किया जा रहा अपलोड





**क्या है शोध गंगा**

कोल्हान विवि के लाइब्रेरियन नीलकंठ के मुताबिक शोधगंगा भारत के शोध प्रबंधों का ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक भंडार है . यह इन्फ्लिबनेट केन्द्र द्वारा स्थापित किया गया है . इनफ्लिबनेट अहमदाबाद की ऑनलाइन कंपनी है . सरकार के आदेशानुसार विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों के लिए अपने शोध–प्रबन्धों को एलेक्ट्रॉनिक रूप में भी जमा करना अनिवार्य बना दिया गया है . शोध के दौरान साहित्यिक चोरी या मुद्राधिकार उल्लंघन से बचने तथा शोध की गिरती हुई गुणवत्ता को संभालने के उद्देश्य से शोधगंगा की पहल की गई है . शोधगंगा में अभी तक 428 विश्वविद्यालय योगदान दे रहे हैं . यहां 7000 सिनॉप्सिस जमा हो चुके हैं, 2,50, 000 से ज्यादा फुल टेक्स्ट शोध–प्रबंध जमा हो चुके हैं .

**इंटरनेट पर उपलब्ध इस योजना का मुख्य उद्देश्य**

विभिन्न विश्वविद्यालय के विभिन्न विषयों में शोध पत्रों को ऑनलाइन उपलब्ध करवाना और पीएचडी जैसे विभिन्न शैक्षिक उपाधिपरक शोध–प्रबंध में नकल की बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाना है . शोधपत्रों के अध्ययन के लिए भारत में उपलब्ध यह सबसे अच्छी व्यवस्था है . यूजीसी द्वारा शुरू की गई 'शोधगंगा' से अब तक देश के 70 के करीब विश्वविद्यालय जुड़ चुके हैं . इस योजना के तहत देशभर के सभी विश्वविद्यालय के शोधपत्र ऑनलाइन किए जा रहे हैं . जिसके कारण किसी भी विश्वविद्यालय का शोधपत्र कहीं भी देखा जा सकता है .

**इस व्यवस्था को लेकर विवि को यूजीसी से मिलता अलग फंड**

यूजीसी की इस व्यवस्था को लागू करने के लिए कोल्हान विश्वविद्यालय को अलग से फंड भी उपलब्ध करवाया जा रहा है . इसके माध्यम से पीएचडी, डी–लिट और डीएससी के सभी शोध पत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं . हालांकि कोल्हान विवि में सिर्फ पीएचडी की ही पढ़ाई होती है .

## केंद्रीय कीर्तन समिति ने पांचवी वर्षगांठ मनाया



संवाददाता। मांडर

सोसई आश्रम मैदान में शनिवार को केंद्रीय कीर्तन समिति बीजू पाड़ा की पांचवी वर्षगांठ मनाई गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो और आजसू के केंद्रीय सचिव सह जिप सदस्य आशुतोष तिवारी मौजूद थे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सन्नी टोप्पो ने कहा कि बड़े ही कम समय में कीर्तन मण्डली ने क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. लोगों को एक सूत्र में बांधने का यह एक बहुत ही सशक्त माध्यम बनकर उभरा है. कार्यक्रम को प्रान्त प्रचारक राजीव कमल बिट्टू और आशुतोष तिवारी ने भी संबोधित किया. मौके पर गणेश गिरी, शीतल गुप्ता, रूपा देवी, शारदा देवी, कुसुम देवी, किरण देवी, अंबिका प्रसाद, मनोज केशरी,गुलाब सिंह, नरेश गिरी, शैलवान कुमार, कुलदीप मिश्रा, दिनेश गुप्ता,नरेंद्र सिंह, शंभू गोप सहित काफी संख्या में संतान धर्म के लोग मौजूद थे.

राज्य के कुछ गिने- चुने इलाकों को छोड़कर झारखंड में बिजली की स्थिति अच्छी नहीं है.गर्मी में बिजली की स्थिति भी बदहाल हो गई है. लोगों पर इसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है. वे कह रहे हैं कि गर्मी तो हमें तड़पा ही रही है, बिजली भी रुला रही है. स्थिति यह है कि हम न ठीक से काम कर पा रहे हैं और न ही आराम कर पा रहे हैं. रांची, हजारीबाग, धनबाद जैसे शहरी क्षेत्र में भी बिजली आपूर्ति ठीक नहीं है. इसमें संदेह नहीं कि गर्मी के दिनों में इसकी खपत थोड़ी जरूर बढ़ जाती है.पर व्यवस्था ठीक नहीं होने की वजह से लोगों को इसका खमियाजा भुगतना पड़ रहा है. इस समय राज्य के ज्यादातर शहरों में लोडशेडिंग कर ही बिजली की आपूर्ति की जा रही है. जरुरत के हिसाब से बिजली नहीं मिलने के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है. बच्चों की पढ़ाई पर इसका असर पड़ने लगा है. अभी भी झारखंड में कई ऐसे गांव, कस्बे हैं जहां तार तो लगे हैं पर अभी तक उन्हें बिजली नसीब नहीं हुई है. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में इस भीषण गर्मी में बिजली की स्थिति की पड़ताल की है. पेश है रिपोर्ट.

## भीषण गर्मी में बिजली की आंखमिचौली से लोगों की परेशानियां बढ़ीं

# तड़पा रही गर्मी, रुला रही बिजली



## न काम कर पा रहे हैं न आराम

**पावर कट से लोगों की दिनचर्या प्रभावित**

**कुछ इलाकों को छोड़, लोडशेडिंग से चल रहा है काम**

**बच्चों की पढ़ाई और कामकाज भी प्रभावित हो रहा है**

**हजारीबाग**

### न इनवर्टर, न बिजली, दुकान चलाने में परेशानी : आशुतोष



हजारीबाग शहर के बंसीलाल चौक स्थित जेवर दुकान के संचालक असंतोष कुमार सोनी कहते हैं कि दुकान में इनवर्टर नहीं लगा पाए हैं. ऐसे में बिजली नहीं रहती है तो काफी परेशानी होती है. गर्मी इतनी है कि ग्राहक भी दुकान के अंदर बैठना नहीं चाहते हैं . ऐसे में ठीक से दुकानदारी नहीं हो पा रही है. पता नहीं ऐसा कितने दिन चल पाएगा. नियमित बिजली मिलती तो काफी राहत होती.

### विभाग की लापरवाही से कटी रहती है बिजली : सत्यम कुमार



हजारीबाग निवासी सत्यम कुमार कहते हैं कि गर्मी बढ़ी हुई है और बिजली आती जाती रहती है. ऐसे में बाहर की हवा भी नहीं खा सकते हैं और घर में भी बैठ नहीं पाते हैं. बिजली विभाग को यह समझना चाहिए और बिजली कम से कम दोपहर में देना ही चाहिए. अगर काटना ही है तो शाम छह बजे के बाद एक दो घंटा काटे. अब दिन दिन भर बिजली गुल रहेगी तो काम कैसे चलेगा. यह सब बिजली विभाग की लापरवाही है.

### बिजली कट जाती है तो तौलिया भींगकर सोते हैं रात में : दानिश खान



सरदार चौक निवासी दानिश खान ने बताया बिजली की आंख मिचौली दिन रात चलती रहती है. ऐसे में दिन में तो काम निकल जाता है, पर रात को तौलिया भींगा कर सोना पड़ता है. ऐसे में बीमार होने का भी खतरा है. पर क्या करें मजबूरी है. इतनी गर्मी में नींद कैसे आएगी. बिजली विभाग को इसकी कोई फिक्र नहीं है. उसे तो 30 दिन पूरा होने के बाद बिल का पैसा चाहिए. नहीं तो बिजली काट दी जाती है.


### हल्की आंधी में ही गुल हो जाती है बिजली : संतोष कुमार



हजारीबाग निवासी संतोष कुमार ने बताया कि हजारीबाग में हल्की आंधी बारिश में बिजली गुल हो जाती है .जबकि सरकार के द्वारा बिजली विभाग में मेंटेन के नाम पर खूब खर्च किया जाता है. उसके बावजूद भी यहां बिजली नहीं रहती है. ऐसे में हम दुकानदारों को तो परेशानी होती है. बिजली का असर व्यापार पर भी पड़ रहा है. मकान मालिक तो समय पर किराया ले लेते हैं.

**बोकारो**

### लो वोल्टेज के कारण उपकरण ही काम नहीं करते हैं : करुणा



ऋतुडीह निवासी करुणा कुमारी का कहना है कि गर्मी में बिजली वैसे भी कम रहती है. अगर आती भी है तो लो वोल्टेज के कारण उपकरण सही से काम नहीं करते हैं. नया कूलर खरीदा है जो सही से नहीं चलता है. समझ में नहीं आता कि इसके खरीदने का क्या फायदा है. इस सिलसिले में विभाग को कई बार शिकायत की गई है, लेकिन समस्या का निदान अभी तक नहीं हुआ है.

### जर्जर तार के कारण ही होती है बिजली बाधित : सीमा शर्मा



स्टेशन कॉलोनी निवासी सीमा शर्मा ने कहा कि बिजली के जर्जर तार के कारण बिजली बाधित हो जाती है. गर्मी में जर्जर तार लोड नहीं सहन कर पाते हैं और जल जाते हैं. विभाग भी उसी पुराने तार को फिर से जोड़ तोड़ के बना देता है, जिससे समस्या का निदान नहीं होता पा रहा है. जबतक इन जर्जर तारों को बदला नहीं जाएगा समस्या का हल नहीं होगा.

**मेदिनीनगर**

### बिजली की किल्लत से ग्रामीण परेशान, 8 से 10 घंटे ही होती है आपूर्ति

पलामू के गावों में लोगों को गर्मी से अधिक बिजली रूला रही है. बिजली की स्थिति बेहतर रहती तो गर्मी से लड़ना बड़ी बात नहीं थी. लेकिन ग्रामीण इलाकों, खासकर छतरपुर डिविजन से जुड़े गावों को 24 में से मात्र 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है. छतरपुर डिविजन से जुड़े बिजली अधिकारियों का कहना है कि उन्हें निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कम से कम 14 मेगावाट बिजली चाहिए. लेकिन केवल 8 मेगावाट बिजली ही मिल रही है. उनका कहना है कि अत्यधिक लोड और भीषण गर्मी के कारण बार बार ब्रेक डाउन की स्थिति पैदा हो रही है. उपभोक्ताओं का कहना है कि यह विभागीय लापरवाही है. फॉल्ट बनाने में जरूरत से ज्यादा वक्त लगता है. लोड शेडिंग हर रोज ठीक वैसे वक्त में किया जा रहा है जब या तो सोने का वक्त होता है या फिर नहाने-धोने का. कुल मिलाकर स्थिति यह है कि यह मौसम न उन्हें काम करने दे रहा है, न आराम करने दे रहा है.

**चक्रधरपुर**

### लोड शेडिंग के कारण सही तरीके से नहीं मिलती बिजली: शक्ति सोनी




चक्रधरपुर निवासी शक्ति सोनी ने कहा कि गर्मी के बीच बिजली की समस्या बढ़ गई है. लोडशेडिंग के कारण सही तरीके से बिजली की आपूर्ति नहीं हो पाती है.इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है.उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में जिस वार्ड या मोहल्ले की ज्यादा आबादी है, उस क्षेत्र में ज्यादा केवी का बिजली ट्रांसफॉमर विभाग को लगाया जाना चाहिए.गर्मी में शहरी क्षेत्र के लोग एसी, कूलर इत्यादि चलाकर ज्यादा बिजली खपत करते हैं.

### ग्रामीण क्षेत्रों में तीन-चार दिनों तक काट दी जाती है बिजली: राम प्रकाश



चक्रधरपुर निवासी राम प्रकाश दास ने कहा कि गर्मी व बरसात के मौसत में बिजली की समस्या सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र में होती है.शाम के वक्त हल्की बारिश या हवा चलने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में तीन-चार दिनों तक लगातार बिजली काट दी जाती है.बिजली विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाता है.गांव में तीन-चार दिनों तक लगातार बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है.

### मेंटेनेंस के नाम पर तीन-चार घंटे काट दी जाती है बिजली: अंजु देवी



चक्रधरपुर निवासी अंजू देवी ने कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर आए दिन तीन-चार घंटों के लिए बिजली काट दी जाती है. जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. बिजली नहीं रहने के कारण पानी की भी आपूर्ति नहीं हो पाती है, इससे घरेलू कामकाज पूरी तरह ठप पड़ जाता है.भीषण गर्मी में ही खासकर बिजली की समस्या उत्पन्न हो जाती है. बिजली विभाग गर्मी से पूर्व समस्या से निपटने के लिए तैयारी नहीं करती है, जिसका खामियाजा लोगों को उठाना पड़ता है.

**धनबाद**

### लोड शेडिंग और लो -वोल्टेज से लोग परेशान, दिनचर्या प्रभावित: सतपाल सिंह



झरिया जामाडोबा के रहने वाले सतपाल सिंह बिट्टू ने कहा कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है. विभाग की बिजली कटौती भी बढ़ती जाती है. आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता है. बच्चों की पढ़ाई से लेकर दिनचर्या भी बिगड़ जाती है. गर्मी के सीजन में विभाग 24 घंटे में मात्र 8-10 घंटे बिजली की सप्लाई होती है. इसमें भी दो से तीन घंटे की लोड शेडिंग. लोड शेडिंग होने के बाद भी बिना बिजली के इस गर्मी में तपने के बाद भी बिल में कोई कमी नहीं होती है.

### बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होना दुर्भाग्य की बात है : सौरभ मिश्रा



धनबाद हीरापुर के रहने वाले सौरभ मिश्रा ने कहा कि हर गर्मी में बिजली की स्थिति चरमराई ही रहती है.पहले 12 घंटे बिजली मिलती थी, अब 18 घंटे कट रहती थी. लो वोल्टेज की समस्या अलग से लोगों को रुला रही है. बिजली रहेगी लेकिन विद्युत उपकरण बंद रहेंगे. इस समस्या से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं और विभाग कान में तेल डालकर सोया है. अधिकारियों का फोन रिसीव नहीं होता. समय पर भुगतान नहीं करने से कंज्यूमर की बिजली काट दी जाती है.बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होना दुर्भाग्य की बात है.

### बिजली प्रोडक्शन धनबाद में और सप्लाई बंगाल को : जयंत कुमार



धनबाद तेलीपाड़ा के रहने वाले जयंत कुमार ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि बिजली का प्रोडक्शन धनबाद में होता है और सप्लाई बंगाल को होती है. सरकार की इस लापरवाही से इस चिलचिलाती गर्मी में जिले की जनता त्राहिमाम कर रही है. अधिकारी के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है. मात्र सात से आठ घंटे बिजली मिल रही है. जबकि इस भीषण गर्मी में कम से कम 20 घंटे बिजली की सप्लाई होनी चाहिए. लेकिन अधिकारियों की इस लापरवाही के कारण ऐसा नहीं हो पा रहा है. उपभोक्ता के पास अगर 5000 का बिल बकाया हो जाता है, तो विभाग बिना देरी किये कनेक्शन काट देता है.

**घाटशिला**

### घाटशिला में कुल 19 एमवीए बिजली की होती है आपूर्ति

इन दिनों क्षेत्र में प्रचंड गर्मी पड़ रही है. पर बिजली से उन्हें राहत मिल रही है.बिजली वितरण प्रमंडल घाटशिला में करीब 22 से 23 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है. जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिलती है. घाटशिला में कुल 19 एमवीए विद्युत की आवश्यकता है. जो पूरी तरह पर्याप्त है. इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लिए किताडीह पावर स्टेशन को 5 एमवीए बिजली की आपूर्ति हो रही है. इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के बड़ाजमुना पावर सबस्टेशन में 1.5 एमवीए अलग से दिया जाता है. यह ग्रामीण क्षेत्र के लिए काफी है. लोड शेडिंग नाम मात्र की नहीं है. वैसे तकनीकी समस्या आने पर विद्युत आपूर्ति बंद की जाती है.

### बिजली व्यवस्था काफी अच्छी है : मोहम्मद साजिद



इस संबंध में मोहम्मद साजिद ने कहा कि इस गर्मी में घाटशिला क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था बहुत अच्छी है. पता ही नहीं चल पाता कि पावर कट कब होता है. समय पर बिजली मिल रही है. जिससे गर्मी में भी लोगों को काफी राहत है. ऐसा काफी समय से है.

### बिजली की समस्या से हमें निजात मिल चुकी है : लक्ष्मीकांत



घाटशिला के व्यवसाय लक्ष्मीकांत ने बताया कि बिजली के मामले में पहले स्थिति अच्छी नहीं थी. मुश्किल से दो से तीन घंटे ही बिजली मिल पाती थी. लेकिन इसमें काफी सुधार आया है. अभी बिजली की स्थिति बहुत अच्छी है. बिजली समस्या से यहां के लोगों को निजात मिल चुकी है.

### पहले समस्या जरुर थी, पर अब वैसी बात नहीं है : तापस चटर्जी



घाटशिला निवासी तापस चटर्जी का कहना है कि पहले यहां बिजली की समस्या थी. पर हाल के दिनों में कई पावर सबस्टेशन और पावर ग्रिड बन जाने से पावर कट की समस्या से क्षेत्र के लोगों को राहत मिली है. इधर बिजली की आपूर्ति ठीकठाक है.

**चाईबासा**

गर्मी में खपत बढ़ते ही बिजली आपूर्ति में कटौती की जा रही है. दिन में बिजली का आना-जाना लगा रहा. बिजली विभाग के अनुसार सदर बाजार का विद्युत लोड 6 मेगावाट रहा, जो अब तक का सबसे ज्यादा दर्ज किया गया. सदर बाजार में औसतन तीन से चार मेगावाट विद्युत आपूर्ति खपत होती है. इसे कम करने के लिए जेवियर नगर के फीडर पर कुछ लोड को शिफ्ट किया गया है. चाईबासा में मेगावाट कम होने की वजह से बिजली की आपूर्ति सही से नहीं हो पा रही है. कई जगह इस वजह से जलापूर्ति का भी असर देखने को मिला है. एक तो चाईबासा में 43 डिग्री से अधिक सेल्सियस तापमान चल रहा है, ऊपर से बिजली की आपूर्ति नहीं होने से लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है.

### गर्मी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है : डॉ. मुरारी



जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. मुरारी वेद ने कहा कि बिजली की आपूर्ति जिस तरह से होनी चाहिए, उस तरह से नहीं हो रही है. गर्मी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है. दिन भर में दो-तीन बार बिजली काटने से लोगों को काफी परेशानी होती है.

### ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक बिजली कटती है : अशोक तांती



जनरक्षा संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक तांती ने कहा कि बिजली की आपूर्ति पश्चिमी सिंहभूम में जिस तरह से होनी चाहिए उस तरह से नहीं हो रही है. ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक बिजली कट होती है. गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए बिजली की जरूरत होती है.

### गांवों में बिजली आपूर्ति ठीक रखने की जरूरत : पंडित



सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महतो ने कहा कि चाईबासा में बिजली आपूर्ति में सुधार हुआ है. लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्र में स्थिति उतनी नहीं सुधरी है. गांव में अधिक आबादी रहती है जिसके कारण गांव की बिजली आपूर्ति को निरंतर जारी रखने की जरूरत है.

**महुआडांड़**

### अनुमंडल होने के बावजूद महुआडांड़ वासियों को बिजली मयस्सर नहीं

सुरेश यादव

कहने को तो महुआडांड़ प्रखंड व अनुमंडल मुख्यालय है, लेकिन आज भी यहां के लोगों को बिजली सेवा मयस्सर नहीं है. महुआडांड प्रखंड में कुल 14 पंचायत हैं और हर एक पंचायत में करीब 8 से 10 गांव हैं. कई गावों में बिजली के खम्भे और तार भी लगे हैं, बावजूद इसके वहां बिजली सेवा नहीं है. एक ऐसा ही गांव है दुरूप. अनुमंडल मुख्यालय से 20 किलोमीटर की दूर स्थित दुरूप पंचायत में पिछले पांच सालों से बिजली नहीं है. दुरूप पंचायत के करीब आधा दर्जन गांव अंधेरे में जीने को विवश हैं. दुरूप, दौना, नीच दौना, ऊपर दौना, पुरानडीह और आधे कोरगी के करीब पांच सौ घरों में बिजली नहीं जलती है. पिछले पांच साल से इन गांवों के ग्रामीण ढिबरी युग में जी रहे है. दुरूप गांव में दो ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं. बिजली के पोल गिरे पड़े हैं. विभाग को सूचना देने के बाद भी विभाग के कोई भी अधिकारी आज तक गांव नहीं पहुंचे.

> सभी शास्त्रों को पढ़कर और उनमें निपुण होकर, वे यह मान लेते हैं कि वे सर्वज्ञ, निपुण और सम्मान के योग्य हैं; प्रेम और घृणा से भरे हुए वे स्वयं को सम्माननीय मानते हैं; वे केवल कठिन और कष्टदायक तरीकों से लंबी दूरी तक भारी बोझ ढोने के लिए सम्मानित व्यक्ति हैं. – आदि शंकराचार्य



# आग देखूं कभी जलता हुआ बिस्तर देखूं



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**आग** देखूं कभी जलता हुआ बिस्तर देखूं, रात आये तो यही ख्वाब-ए-मुकर्रर देखूं. यह शेर रांची के मशहूर और काव्य प्रेमियों के दिल पर राज करनेवाले शायर डॉ. सिद्दीक मुजीबी का है, जो एक दशक पूर्व दिवंगत हो चुके हैं. डॉ. मुजीबी के बहुत अजीज रहे मशहूर शायर नसीर अफसर उनके एक बहुत ही लोकप्रिय शेर की चर्चा करते हैं-अपना सर काट कर नेज़े पर उठाये रक्खा, सिर्फ ज़िद यह है कि सर मेरा है तो ऊंचा होगा. वे बताते हैं कि डॉ. मुजीबी का जन्म झारखंड की राजधानी रांची के डोरंडा में 7 जुलाई 1931 को हुआ था और देहांत 16 मार्च 2014 को हुआ. इनके पिताजी का नाम मोहम्मद मुजीब गद्दी था. स्नातक के बाद आप मुंबई के भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में वर्षों तक सेफ्टी ऑफिसर के पद पर कार्यरत रहे. मुंबई रास नहीं आई तो आप अपने शहर रांची चले आए. झारखंड के शायरों में डॉ. मुजीबी का नाम बहुत इज्जत से लिया जाता है. नसीर साहब ने बताया कि डॉ. मुजीबी का काव्य संग्रह शजरे ममनुआ उर्दू प्रेमियों के बीच काफी चर्चित रहा है. केवल झारखंड के नहीं बल्कि पूरे देश के मुशायरों की जीनत बनते रहे. आप मुशायरों में अपनी गजलें बड़े उत्साहित होकर पढ़ा करते थे. आप रांची विश्वविद्यालय के उर्दू स्नाकोत्तर एक अच्छे प्रोफेसर थे. अविभाजित बिहार के समय बिहार उर्दू अकादमी के दो बार उपाध्यक्ष बनाये गये और जीवन पर्यंत उर्दू भाषा के विकास में उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाते रहे. आप अपनी मातृभूमि रांची से भी गहरा लगाव रखते थे. तो प्रस्तुत है **डॉ. सिद्दीक मुजीबी** की यह गजल.



आग देखूं कभी जलता हुआ बिस्तर देखूं
रात आए तो यहीं ख़्वाब-ए-मुकर्रर देखूँ
एक बेचैन समुंदर है मिरे जिस्म में क़ैद
टूट जाए जो ये दीवार तो मंज़र देखूं
रात गहरी है बहुत राज़ न देगी अपना
मैं तो सूरज भी नहीं हूँ कि उतर कर देखूं
ख़ुद पे क्या बीत गई इतने दिनों में तुझ बिन
ये भी हिम्मत नहीं अब झांक के अंदर देखूं
कोई इस दौर में एलान-ए-नबूवत करता
आरज़ू थी कि ख़ुदा-साज़ पयम्बर देखूं
एक सन्नाटा हूं पत्थर के जिगर में पैवस्त
मैं कोई बुत तो नहीं हूं कि निकल कर देखूं
यूं नशे से कभी दो चार तिरा ग़म हो कि मैं
बंद आंखों से खुली आंख का मंज़र देखूं
ओढ़ कर ख़ाक 'मुजीबी' सुनूं दुश्नाम-ए-जहां
ये तमाशा ही किसी रोज़ मियां कर देखूं

डॉ. मुजीबी को उनकी लाजवाब शायरी के लिए सलाम. उर्दू भाषा के विद्वानों के मुख से हजारीबाग में जन्मे-पले-बढे शायर सबा इकराम की चर्चा सुनी तो मेरी जिज्ञासा बढ़ी. कुछ शोध के बाद पता चला कि शायर **सबा इकराम** फिलहाल कराची में निवास कर रहे हैं, लेकिन शायरी में अब भी उसी प्रकार रमे हुए हैं. आइए, देखते हैं उनकी यह रचना-



आवाज़ के पत्थर जो कभी घर में गिरे हैं
आसेब ख़मोशी के 'सबा' चीख़ पड़े हैं
पाज़ेब के नग़्मों की वो रुत बीत चुकी है
अब सूखे हुए पत्ते इस आंगन में पड़े हैं
छुप जाएं कहीं आ कि बहुत तेज़ है बारिश
ये मेरे तिरे जिस्म तो मिट्टी के बने हैं
इस दिल की हरी शाख़ पे जो फूल खिले थे
लम्हों की हथेली पे वो मुरझा के गिरे हैं
इस घर में किसे देते हो अब जा के सदाएं
वो हारे थके लोग तो अब सो भी चुके हैं

झारखंड की भूमि साहित्य और साहित्यकारों के लिए काफी उर्वरा रही है. यहां के कण-कण में संगीत, गीत और कविताएं हैं. यहां के गांव-गिरांव में रहनेवाले लोगों के बीच भी एक से बढ़ कर रचनाकार मिल जाते हैं, जिनकी रचनाएं अपने आप में बेजोड़ होती है. उन्हीं रचनाकारों में एक हैं कवयित्री **सुशीला सामद**. ये महादेवी वर्मा और सुभद्रा कुमारी चौहान की समकालीन हैं और रचनाओं की दृष्टि से उनके समकक्ष. सुशीला सामद का जन्म पश्चिमी सिंहभूम लउजोड़ा गांव में 7 जून 1906 में हुआ. बचपन से ही लिखने का शौक हुआ. ये सुराजी स्वतंत्रता सेनानी थी, इसलिए सधी हुई लेखिका और कवयित्री के रूप में इन्हें लोकप्रियता मिली. 1935 इनकी पहली पुस्तक प्रलाप का प्रकाशन हुआ. चांदनी पत्रिका के संपादन के कारण इन्हें देश का प्रथम आदिवासी संपादक माना जाता है. 1960 में इनका निधन हो गया. प्रस्तुत है उनकी यह रचना, जिसका शीर्षक है- समर्पण.



परिमल नहीं पराग नहीं है,
नहीं रहा वह सुंदर राग.
तो भी इसे खिला सकता था,
नाथ! तुम्हारा प्यारा बाग़.
ईश! तुम्हारे मृदु हाथों में,
देने को मैं यह कलिका.
पल-पल कर के गिनती रहती,
किंतु आ गई वह घटिका.
कुचले कभी न इसका गात,
इस जग का आतप-संताप.
अपनाकर रखना हे नाथ!
पड़े न यह क्रूरों के हाथ.
मेरे उजड़े उपवन का है,
एकमात्र आशा का चिह्न.
इसके लिए सदा मैं रहती,
आकुल-व्याकुल दीन-मलीन.
जीवन का सर्वस्व हमारे,
उस जग का है सार-स्वरूप.
यह है मेरे मन-मंदिर के,
मथे हुई भावों का रूप.
नाथ! तुम्हारे मृदुल करों में,
इसे समर्पित कर के आज.
अपने इस दुर्दिन में भी मैं,
रही सराह बहुत निज भाग्य.

कवयित्री सामद पते की बात कहती हैं कि तब एक व्यक्ति अपने दुर्दिन में भी अपने भाग्य की सराहना कर बैठता है, जब वह अपने भावों का प्रसाद अपने इष्ट को अर्पित करता है और उसका दिल कहता है कि वह स्वीकार कर लिया गया है. इनके स्मरण मात्र से गौरव गरिमा का बोध होता है. कविता का प्रकृति से बहुत ही घनिष्ठ संबंध होता है और एक रचनाकार को उस संबंध को गंभीरता पूर्वक समझने की आवश्यकता होती है. यदि ऐसा होता है तो रचना की उत्कृष्टता कई गुणा बढ़ जाती है. यही तो अपनी रचना से प्रमाणित कर रही हैं जमशेदपुर की कवयित्री **सविता सिंह मीरा**. प्रस्तुत है इनकी यह कविता जिसमें नदी की महिमा पर मार्मिक ढंग से प्रकाश डाला गया है.



नहीं है ख्वाहिश की दरिया से जा मिलूँ अभी
लोगों की प्यास बुझे कुछ और बहूँ मैं अभी.
फेंक दे मनु उत्कंठा और वेदना इस बहाव में
रुको मत बस बढ़े चलो क्या रखा है ठहराव में.
विसर्जित कर दो सारी गंदगी मुझे नहीं है मलाल
फ़ेंक दो द्वेष विकार और करो तुम कुछ कमाल.
जीवन तुझको मिले सदियों से बहती आई हूँ
चट्टानों से गिरती पड़ती फिर भी मुस्काई हूँ.
स्वार्थ तज कर भी औरों के लिए जीना होगा
तटिनी का तो काम है उसे सिर्फ बहना होगा.
थोड़ी देर और बहूँ फिर सागर से जा मिलूँ
प्यासे तकते होंगे उन्हें भी तो जीवन दे दूँ.
दरिया से जाकर मिलना ही मेरा है ये धर्म
बहा ले जाऊँ तेरी सारी पीड़ा ये भी है कर्म।
मैं नदी हूँ बहती रहती अविरल कल कल
धो लो अपने सारे मैल रहो तुम भी विमल निर्मल।

इतनी अच्छी रचना के लिए मीरा जी को हार्दिक बधाई और कामना भी कि आपके साथ ही झारखंड की धरती पर रचनाकारों की काव्य गंगा निरंतर प्रवाहित होती रहे. साथ ही जल-धारा से सिंचित शस्य श्यामला धरती लहलहाती रहे. इसके साथ आपसे चाहता हूं आज्ञा. जय हिंद! जय झारखंड!!



पति-लखपति

जीतने की सोचोगे तो
जीत ही मिलेगी सदा,
हारे मन में तो जिंदगी
से हार लोगे तुम,
किसी मनोवैज्ञानिक का
ये मैंने लेख पढ़ा,
वैसी धारा में बहोगे
जैसा धार लोगे तुम,
मैंने कहा मैं तो
लखपति होना चाहता हूं
पत्नी ने कहा फिर
कैसे सार लोगे तुम,
एक पत्नी के पति
सलीके से हो न पाए,
लखपति होकर क्या
तीर मार लोगे तुम!

- ओम् प्रकाश आदित्य

# प्रचंड गर्मी, जलवायु परिवर्तन और पेड़





चौराहा

प्रमोद कुमार झा

**यह** सदी रोज़ नई प्रतिमानों को दर्ज करने की सदी है. प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित होते रहते हैं. दसवीं और जमा दो के परीक्षा फल का मौसम है. देश भर के अखबार बधाई संदेशों और विज्ञापनों से भरे पड़े होते हैं कि अमुक कोचिंग संस्थान के इतने दर्जन छात्र/छात्राओं को हिंदी, अंग्रेज़ी, गणित, इतिहास, भूगोल, रसायन शास्त्र, भौतिकी, जीव विज्ञान, वाणिज्य इत्यादि में शत प्रतिशत अंक मिले हैं! सभ्यता के विकास क्रम में इतनी संख्या में ऐतिहासिक प्रतिभा के विद्यार्थी इस पृथ्वी पर पहले कभी अवतरित नहीं हुए थे! अब जब अधिक संख्या के महत्व को समझा जाने लगा तो प्रकृति भी दौड़ में शामिल होने की इच्छा शामिल हो गयी! एक समय बिहार की ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में विख्यात रांची का तापमान भी 42 डिग्री से ऊपर चढ़ गया. एक शीतल जलवायु के अभ्यस्त रांची निवासी कुछ अधिक परेशान महसूस कर रहे हैं. जो पिछले पचास साल के रांची के जलवायु से परिचित होंगे उन्हें याद आती है गर्मी के मौसम की वह शाम जब रोज़ अपराह्न में बारिश की हल्की फुहार आ जाती थी. हां, एक बात और याद आती होगी लोगों को जब पूरी रांची में अधिकांश मकान छोटे से एकमहल के होते थे, सभी मकान के प्रांगण में कुछ फलों के पेड़ होते थे, कुछ खूबसूरत फूलों के पौधे के होते थे. फिर शहर 'बड़ा शहर' बनने लगा. एक महल के महान के चारों ओर के पेड़ पौधे गायब हो गए और वहां कंक्रीट का एक बहुमंजिला अपार्टमेंट खड़ा हो गया. देखते देखते सैकड़ों की व संख्या में कंक्रीट का जंगल खड़ा हो गया. शहर के बीच के हज़ारों पेड़ गायब हो गए! शहर के बीच सड़कों के किनारे साल, सेसम, बरगद पीपल, गूलर, महुआ जैसे सैकड़ों पेड़ हुआ करते थे फिर 'विकास' के कैंसर ने शहर में प्रवेश किया. सड़कों के चौड़ीकरण का काम तेजी से चालू हो गया, फ्लाईओवर का जाल बिछाया जाने लगा. विकास के इस कैंसर के प्रकोप से हज़ारों, सैकड़ों साल पुराने पेड़ लावारिस लकड़ी में तब्दील हो गए! कहां गयी वो लकड़ियां, क्यों गयी और कब गयी इस पर वन विभाग अपनी जांच पड़ताल करता रहता है! ये सिर्फ रांची ही नहीं, पूरे देश के विकासशील शहरों की कहानी है. पूरे देश में पेड़ों की लगातार कमी से तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि हुई है. बारिश के साथ साथ सांस लेने लायक शुद्ध हवा भी अब उपलब्ध नहीं है. सुना है महानगरों में बड़े ऑक्सीजन पार्लर खुल गए हैं, जहां लोग शुद्ध हवा सांस लेने जाते हैं पैसे देकर! एक सर्वे के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति अट्ठाइस पेड़ हैं आज. दुनिया के बड़े संभ्रांत देशों में इसकी संख्या ढाई सौ से ज्यादा है. प्रकृति के साथ अधिक छेड़छाड़ इंसान को भारी पड़ जाता है. याद कीजिये कोरोना काल को. कोरोना के आक्रमण में बड़े कंक्रीट के जंगल वाले महानगरों में लाखों लोगों के प्राण गए. बिना कंक्रीट वाले जंगल, गांव में इतने लोगों ने प्राण नहीं गंवाए! विकास रक्तजीवी होता है!

# सौंदर्य की प्रतिमा आम्रपाली की निर्वाण भूमि



यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**आज** मैं अपने पाठकों को सौंदर्य की प्रतिमा आम्रपाली की वैशाली के संदर्भ में बताना चाहता हूं. भारतवर्ष केवल कृषि एवं ऋषि भूमि ही नहीं रहा है-यह सौंदर्य भूमि भी रहा है. राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त ने भारत -भारती के अतीत खंड में भारतवर्ष की श्रेष्ठता को रेखांकित करते हुए लिखा है कि :-

भूलोक का गौरव,प्रकृति का पुण्य लीला स्थल कहां?
फैला मनोहर गिरि हिमालय और गंगा जल जहां.
संपूर्ण देशों से किस देश का उत्कर्ष है.
उसका कि जो ऋषि भूमि है,वह कौन? भारतवर्ष है.
हां, वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का सिरमौर है,
ऐसा पुरातन देश कोई विश्व में क्या और है?

वैशाली भारतवर्ष के बिहार प्रांत की एक गौरवशाली नगरी है. एक तरफ यह विश्व के प्रथम गणतंत्र की नगरी है तो दूसरी तरफ यह महावीर की जन्मभूमि है. तीसरी तरफ गौतमबुद्ध की उपदेश भूमि है तो चौथी तरफ सौंदर्य की अप्रतिम प्रतिमा अंबपाली की दीक्षा और निर्वाण भूमि भी है. आम्रपाली सौंदर्य की सजीव प्रतिमा थी. वह अपने युग में सर्वाधिक चर्चित महामानव भगवान् गौतमबुद्ध और राजन्य श्रेठ बिंबिसार से जुड़कर धर्म और राजनीति से संबद्ध हो दीप्त हो उठी थी. वह एक तरफ भगवान बुद्ध की दीक्षिता थी तो दूसरी तरफ महाराजा बिंबिसार की प्रेयसी भी. दृष्टि भिन्नता से वह एक साथ स्त्री रत्न, राजनर्तकी और बौद्ध भिक्षुणी थी. उसके जीवन का पूर्वाह्न रूप सौंदर्य के आकर्षण से परिपूर्ण, मध्याह्न संघर्ष पूर्ण और अपराह्न बुद्धोन्मुखी है. आम्रपाली इतिहास, साहित्य और कल्पना की विश्व सुंदरी प्रतिमा है. साहित्य में सौंदर्य का प्रयोग संभवतः दो के लिए ही किया गया है-एक नारी दूसरी प्रकृति, जो हर क्षण नयी लगे. महाकवि माघ ने अपने महाकाव्य शिशुपालवधं में लिखा है कि क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैती तदेव रूपं रमणीयतायाः. अर्थात् हर पल नवीनता का सृजन करने वाला रूप ही सौंदर्य है.

विश्व सुंदरी आम्रपाली के संदर्भ में यह किंवदंती है कि वैशाली के संस्थापक महाराज विशाल एक दिन अपने अनुचरों के साथ आम्रवन में




भ्रमण कर रहे थे. अचानक उन्हें एक नवजात शिशु का क्रंदन सुनाई पड़ा. राजा का संवेदन शील हृदय द्रवित हो गया. अनुचरों ने देखा कि आम्रकुंज में एक सुकुमारी रूपवती बालिका असहाय स्थिति में क्रंदन कर रही है. बालिका को राज-भवन लाया गया. वह राजभवन में पलने लगी. आम्रकुंज की स्मृति में उसका नाम आम्रपाली रखा गया.कहा जाता है कि आम्रपाली की माता विधवा थी. वह वैशाली की सर्वश्रेष्ठ सुंदरी मानी जाती थी.उसी सर्वश्रेष्ठ सुंदरी से उत्पन्न बालिका आम्रपाली थी. सौंदर्य शालिनियों में उर्वशी, रंभा, मेनका, शंकुतला, राय प्रवीण और आम्रपाली आदि ने भारतीय इतिहास की दशा और दिशा बदल दी. आम्रपाली के सौंदर्य का वर्णन 'थेरी गाथा' में इस प्रकार है - ₹आम्रपाली के काले बाल भ्रमर सदृश थे. पुष्पों से गूंथा हुआ उसका केश पाश सुगंध की पिटारी की तरह महकता था. गहरे -नीले रंग की दो उज्जवल सुंदर मणियों के समान उसके दो नेत्र थे. सुकोमल उन्नत सुग्गे की नाक के समान उसकी नासिका थी. सुंदर कंकण के समान उसकी कर्ण रेखाएं थी. कुंडली पुष्प की कली के समान खिले हुए उसके दांत थे. वन चारिणी कोकिला की मधुर कूक के समान उसकी प्यारी मीठी बोली थी. चिकने शंख के समान उसकी ग्रीवा थी. सुंदर मुद्रिका और स्वर्ण अलंकारों से विभूषित उसके दोनों हाथ थे. स्थूल, सुडौल और उन्नत उसके दोनों स्तन थे. सुंदर सुसज्जित स्वर्ण फलक के समान उसका शरीर चमकता था.

आम्रपाली की सुंदरता अलौकिक थी और उसके सद्गुण आश्चर्य जनक. राज कुमार उसका पाणिग्रहण करने के लिए लालायित थे. लिच्छिवियों के लिए वह एक समस्या थी. वह वैशाली स्त्री रत्न थी.उसके शरीर के अंग-प्रत्यंग से लावण्य टपकता था. वैशाली में यह नियम था कि वहां की सबसे सुंदर युवती (वैशाली स्त्री रत्न)समूचे गण का मनोरंजन करती थी. वैशाली का विजयी शत्रु बिंबिसार उसकी सुंदरता से आकर्षित होकर उसके प्रेम पाश में आबद्ध हो गया. उनसे आम्रपाली को एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई. उसके पुत्र के संदर्भ में कई जनश्रुतियां हैं. कहा जाता है कि सात वर्ष की आयु होने पर आम्रपाली ने अपने बालक को मगध भेजा. मगध में वह बालक निर्भय भाव से बिंबिसार की गोद में जा बैठा. इसीलिए उसका नाम अभय कुमार रखा गया.

जनश्रुति है कि अजातशत्रु ने एक परिचारिका के माध्यम से एक अंगूठी भेजकर अपने आने की सूचना दी तो आम्रपाली का स्वाभिमान जाग उठा और वह बोल उठी कि ₹मगधपति इस वेश भूषा में नहीं आया करते. मगधपति तो धनुष की टंकार और तलवारों की झंकार के साथ आया करते हैं.' पुनः वह बोली-लगता है मगधपति राज्य के लिए नहीं, सौंदर्य पान करने के लिए आये हैं. अजातशत्रु ने जब सौंदर्य के लिए वैशाली को नेस्तानबूद करने और उसके सुनहरे सपनों को ध्वस्त करने के इरादे से आक्रमण किया है तो वह ओजस्वी शब्दों में बोल उठी- 'वैशाली के सपूतों जिन हाथों में कल तक फूल थे, उन हाथों में आज तलवार है. आज मातृहंता अजातशत्रु वज्जियों के खेत का अपमान कर रहे हैं.' इस तरह अपने संघर्ष पूर्ण जीवन के बाद आम्रपाली बुद्धोन्मुखी हो गई. पाटलिपुत्र नगर के उद्घाटन के बाद भगवान बुद्ध वैशाली पहुंचे तो आम्रपाली के आम्रवन में ठहरे. भगवान् बुद्ध अपने दर्शनार्थ आम्रपाली को आते जानकर सजग हो गये. उसकी रूप ज्वाला से आतंकित होने के भय से प्रिय शिष्य आनंद को छोड़कर उन्होंने सभी भिक्षुओं को आंखें बंद कर लेने का आदेश दिया. आम्रपाली ने इसे अपने सौंदर्य का अपमान समझा.उसने बुद्ध को हर तरह से अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास किया, लेकिन वह विफल रही. अंत में वह बाल मुड़ाकर शरणागत हो गई. भगवान् बुद्ध ने आनंद के आग्रह पर आम्रपाली के यहां संघ सहित भोजन किया और बौद्ध धर्म में उसे शामिल कर लिया. आम्रपाली के मन में भगवान बुद्ध द्वारा प्रसारित ज्योति प्रवेश कर गई. उसने भगवान् की सर्व संपदा को त्याग दिया. सच तो यह है कि बौद्ध साहित्य में आम्रपाली चरित्र की सृष्टि बौद्ध धर्म की महिमा को मंडित करने के उद्देश्य से की गई है. देहाभिमान का त्याग कर वैशाली भारतीय जनता के लिए अपने अमूल्य संदेश छोड़ गई है, जो बौद्ध साहित्य की अमूल्य निधि है. वह वैशाली की धरती पर मोक्ष की आकांक्षी सुंदरियों के लिए प्रेरणा स्रोत है. जिस प्रकार गौतमबुद्ध और महावीर को पाकर वैशाली शिष्ट और विशिष्ट हो गया, उसी प्रकार आम्रपाली के सांनिध्य से वैशाली वैभवशाली होकर विश्वस्तरीय हो गया.

# हुजरे में मुजरा



नश्तर

सुधीर राघव



**आपके** राज सबको पता हैं. बस आपको ही नहीं पता कि वो सबको पता हैं. एक थे शहंशाह जलीलुद्दीन. संभव है, आप न जानते हों. मगर जब उनकी बात चलेगी तो आप पहचान लेंगे. भले ही शहंशाह जलीलुद्दीन के किस्से बहुत मशहूर नहीं हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि उनके किस्से नहीं हैं. उनके ज्यादातर किस्से खुल्लमखुल्ला कहने लायक नहीं हैं. फुसफुसा कर कहे जाते हैं. बड़ी दबी जुबान में. जैसे हर राज का कोई न कोई राजदार होता है. शहंशाह जलीलुद्दीन के भी राजदार थे, पर खौफ से कोई खुलकर जुबान न खोलता. मीडिया भी सब जानता था मगर हमेशा अंजान बना रहता. उस जमाने का मीडिया भी मुनादीबाज था. सुनो! सुनो! आज हम मुर्गे लड़ा रहे हैं कि घोषणा कर बस ढोल पीटता. सूचना के नाम पर सिर्फ मुर्गे लड़ाने की ही खबर देता. जनता को शहंशाह की कोई अंदरुनी खबर जानने का हक नहीं था. इन सबके बावजूद जलीलुद्दीन के बहुत से राज उनकी अपनी जुबान से निकल जाते. पब्लिक उन्हें उत्साह से लपक लेती मगर खौफ से सिर्फ खुसर-फुसर ही करती. जलीलुद्दीन के बारे में एक बार बहुत ही अंदरूनी खबर बाहर आई. खबर यह थी कि शहंशाह मुजरा देखने के बहुत शौकीन हैं. दरबार के ठीक पीछे उनका एक गुप्त हुजरा है. उसी में वह घंटों मुजरा देखा करते हैं. तवायफों को गुप्त रास्ते से लाया जाता है. वहां कत्थक और ठुमरी की बंदिश में सुबह से देर रात तक कटीले नृत्य का मुजरा चलता रहता है. देर रात मुजरे वाले हुजरे से निकलकर शहंशाह महल पहुंचते और जाते ही सो जाते. बेगम समझती कि दिन में अठारह अठारह घंटे काम कर थक जाते हैं. मगर जब रोज रोज ऐसा ही हुआ तो बेगम को लगा कि शहंशाह जलीलुद्दीन बहुत थकेले इंसान हैं और वह बिना तीन तलाक़ का इंतजार किए शहंशाह को छोड़कर चली गई. बेगम के चले जाने का शहंशाह को कोई ग़म न हुआ. वह अपने हुजरे में मुजरे में मस्त थे. हुजरा और मुजरा. अब बस यही उनकी छोटी सी दुनिया थी. कभी कभी जलीलुद्दीन को जनता के दुख सुनने के लिए जनसभाओं में जाना पड़ता था. हालांकि वहां वह किसी की सुनते नहीं थे, सिर्फ अपनी कहते. जलीलुद्दीन गर्व से कहा करते कि उन्होंने तो कभी अपने बाप की नहीं सुनी. तब जनता की क्यों सुनें. सुनने के नाम पर वह सिर्फ मुजरा सुनते. उन्हें जनता के कष्ट कभी नहीं दिखे. देखने के नाम पर भी जलीलुद्दीन सिर्फ मुजरा ही देखते. करने के नाम पर वह बस तवायफों की तारीफ करते. तवायफों के चक्कर में उनकी दो में से एक भैंस बिक गई, इसके बावजूद जलीलुद्दीन ने मुजरे को दोष नहीं दिया. भैंस खोलने का आरोप विरोधियों पर मढ़ दिया. फिरंगियों ने राज छीन लिया तो तवायफों ने आना बंद कर दिया. अब उनकी आंख मुजरा देख नहीं सकती थी और कान सुन नहीं सकते थे. मगर उनकी जुबान दिन भर मुजरा मुजरा करती रही. मौत के बाद उनकी कब्र पर भी मुजरा लिखा गया.


# मतदाता जागरूकता में कलाकारों का रहा अहम योगदान



कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार











**भारत** विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है. यहां की सरकार प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से चुनी जाती है. देश के नागरिक इस चुनाव प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं. भारतीय संविधान के अनुसार देश में नियमित, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव आयोजित करने का अधिकार निर्वाचन आयोग को प्राप्त है. निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च, 2024 को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा की. देश भर में लोकसभा का यह चुनाव सात चरणों में आयोजित किया गया. प्रत्येक चरण अलग-अलग तारीखों पर 19 अप्रैल, 2024 से शुरू हुआ और 1 जून, 2024 को अंतिम चरण के साथ समाप्त हो गया. झारखंड में यह चुनाव चार चरणों में हुए, जो 13 मई से शुरू होकर 1 जून को समाप्त हो गये. नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे. इस चुनाव में देशभर के मतदाताओं को वोट डालने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिला. इस अवसर पर चुनाव आयोग बकायदा बड़ी- बड़ी हस्तियों के माध्यम से लोगों को वोट डालने की अपील भी करती है. लोकतंत्र के इस उत्सव में झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान की संख्या बढ़ाने के लिए सराहनीय प्रयास भी किया. इसके लिए निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता के लिए कलाकारों को भी जोड़ा. रंगोली कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें लगभग तीन हजार से अधिक कलाकारों ने भाग लिया. मतदाता जागरूकता एवं युवाओं में मतदान के प्रति उत्साहवर्द्धन के लिए निर्वाचन आयोग ने जिला प्रशासन के सहयोग से आड्रे हाउस रांची में चुनाव का पर्व कला महोत्सव आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में नई दिल्ली, कोलकाता, रांची और जमशेदपुर से आये 25 कलाकारों ने अपनी-अपनी दृष्टिकोण से पेंटिंग के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश देने का प्रयास किया. इसमें संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, वरिष्ठ कलाकार प्रवीण कर्माकर, सजित मिंज, सत्यम श्री, प्रवीर शॉ, उत्तम मल्लिक, अनुपम पाल, मोमिता घोष, राजा मुखी, अरविन्द पांडेय, पूजा कुमार और शैलजा केडिया ने मतदाता जागरूकता के लिए आकर्षक कलाकृतिया कैनवास में उकेरा. इसी पेंटिंग को चुनाव के दौरान विभिन्न अखबारों में विज्ञापन के माध्यम से और शहर के विभिन्न स्थानों में लगे होर्डिंग, पोस्टर के माध्यम से आम मतदाताओं को जागरूक करने का एक नया प्रयोग किया गया, जो सफल रहा. यूं तो कला के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास पहले भी हो चुका है, लेकिन विजुवल आर्ट के माध्यम से यह पहला प्रयास था, जो आम मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सफल रहा. इन्होंने अपनी कला के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि अपने मताधिकार का प्रयोग निश्चित रूप से करें. किसी के बहकावे में आकर अपना मत बेकार न जाने दें. अशक्त लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया गया. अपनी पेंटिंग के माध्यम से ही बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील किया गया और इस तपती भीषण गर्मी में भी लोगों ने कहा कि लोकतंत्र के इस उत्सव में हमें भी बाहर आना चाहिये और मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी और लोगों में खासा उत्साह देखी गई.

# आखर

# इंसानियत

कहानी



कविता विकास

दुनिया में हौसला और जज़्बे की मिशाल यूं तो बहुत हैं पर एक ऐसी मिशाल जिसको मैंने न केवल देखा बल्कि महसूस किया,वह एक प्रेरक कहानी बन कर अनेक के दिलों में बस गयी है.

कोयला खदान के आस-पास का क़स्बा, जिसमें मेहनत-मजूरी करने वाले लोग रहते हैं, राष्ट्रीय एकता के लिए जाने जाते हैं. उनमें से कोई भी बड़े-छोटे का भेदभाव नहीं रखता है. धर्म और जाति की भी दीवार नहीं. बस एक ही धर्म उनमें पलता है, मानवता का. यह बात हमने केवल सुनी नहीं है, देखी है. हम ऑफ़िसर कालोनी में रहने वाले बाशिंदे, ज़रूरत के समय ही मानव धर्म को याद करते हैं. इसलिए मेहतर भी अगर बर्तन साफ़ कर देते हैं तो उस समय कोई परहेज़ नहीं करते, वरना भेदभाव तो पढ़े-लिखे में ज़्यादा विद्यमान है. हम सरकारी सुविधाओं से लैस सरकारी क्वॉर्टर में रहते थे. मैं और मेरे पति. दोनों कामकाजी थे, इसलिए घर में माली, कूक और सफ़ाईकर्मी अपनी मर्ज़ी से आते, काम कर के चले जाते. चाबी माली के पास रहती थी जो दो बजे मेरे लौटने तक रहता था. एक दिन मैं काम से लौटी तो माली नहीं था, सफ़ाईकर्मी बरामदे में बैठ कर बड़ी तल्लीनता से मेरी एक किताब पढ़ रहा था.

वह बहुत ही सुंदर, 20 - 22 साल का लड़का था. उसने बताया आज माली भैया को अस्पताल जाना था इसलिए वह रुक गया है. उसके हाथों में मेरा कविता संग्रह देख कर मैंने पूछा, "तुम्हें पढ़ना आता है?यह किताब समझ में आ रही है?" उसने उत्तर दिया, "हां मेम साहब, मैं बारहवीं पास हूं." आगे कोई साधन नहीं मिला पढ़ाई का तो जब कम्पनी वालों की टेंडर स्वीकृत हुई तो उन्होंने मुझे झाड़ू लगाने और टॉयलेट साफ़ करने के लिए रख लिया.

"इस किताब को तो मैं रोज़ दिन थोड़ा-थोड़ा पढ़ता हूं और एक दिन तो बाजू वाले घोष बाबू भी अख़बार में छपा आपका लेख बड़े उत्साह से सबको पढ़ कर सुना रहे थे." उसकी शालीनता और बातचीत मुझे प्रभावित कर रही थी. पिछले एक - डेढ़ महीने से वह काम कर रहा था और उसे जब देखती थी तो लगता था यह सुदर्शन कैसे आ गया इस काम पर ! मुझे लगा इसे गाइड किया जाय तो एक बच्चे का भविष्य संवर सकता है. दूसरे दिन रविवार था, घर में रहने का फ़ायदा उठाया मैंने. उसके आते ही मैंने उसे सरकार द्वारा ज़रूरतमंदों और पिछड़ी जाति को दी जाने वाली वित्तीय मदद के साथ अन्य सुविधाओं की जानकारी दी. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के दाख़िले की प्रक्रिया बतलायी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलने वाली छूट के बारे में भी. मैंने उसे अपनी ओर से भी भरपूर मदद के लिए आश्वस्त किया था. इसके बाद बीच में एक-दो बार मैंने टोहा भी कि मेरी सलाह पर वह अमल कर रहा है कि नहीं. ढाई महीने के बाद उसका कार्य - क्षेत्र दूसरे सेक्टर में हो गया. लेकिन यह तो था ही कि किसी उस उम्र के बच्चे को काम करते मैं देखती तो उसकी याद हो आती थी. वह लगनशील था और महत्त्वाकांक्षी भी. उसने पढ़ाई आरम्भ कर दी थी जिसके लिए एक - दो बार कुछ रुपए भी मुझसे उधार लेने के लिए आया था. तीन साल के बाद हमारा भी तबादला हो गया और फिर उसकी भी याद धूमिल होती गयी लेकिन कुछ तो कशिश थी उसमें जो मैं उसको भूल नहीं पायी थी.

ओड़िसा के विभिन्न खदान क्षेत्रों से होते हुए पंद्रह साल बाद पुनः हमारी पोस्टिंग धनबाद हुई. मात्र दो साल के लिए. छोटी सी इस जगह में साहित्यिक गतिविधियां हों, नाटक या फिर कोई खेल समारोह, क़रीबन एक ही चेहरे सब जगह नज़र आते थे. सामाजिक क्षेत्रों में अनेक ग़ैर सरकारी संस्थाएं आदिवासी व पिछड़ी जातियों के लिए अपनी सेवाएं दे रहीं थीं. इनके साथ मिलकर मैं भी उन क्षेत्रों में अपनी ऐच्छिक सेवाएं देने लगी थी. इसमें कोई दबाव नहीं था. ये संस्थाएं अपनी मर्ज़ी से कभी किसी जरूरतमंद को कम्प्यूटर तो कभी किताबें, बेंच-डेस्क, यूनिफ़ॉर्म आदि देतीं थीं. छोटी जगह में तुरंत ही आप ऐसे लोगों की निगाहों में आ जाते हैं जिनसे संस्था को कोई काम लाभ पहुंच सकता है और लोक कल्याण भी हो जाता है. ऐसे लोगों को साल के अंत में राज्य प्रोत्साहन विंग द्वारा पुरस्कृत किया जाता था.

एक बार ऐसे ही एक कार्यक्रम में मुझे सम्मानित किया जाना था. समय से मैं वहां पहुंच गयी. संचालक महोदय ने हम पांच सदस्यों जिन्हें जिलाधिकारी सम्मानित करेंगे, सबकी पूरी जानकारी देते हुए मंच पर बुलाया. जिलाधिकारी साहब के साथ अन्य महत्त्वपूर्ण पदों के अधिकारी भी थे. सम्मान के बाद मुख्य अतिथि का वक्तव्य समाप्त होते ही, पुलिस विभाग के एक बड़े ऑफ़िसर को मंच पर बुलाया गया. लेकिन यह क्या, मंच पर चढ़ते ही वह मेरे पैरों पर गिर पड़े, "मेम साहब, मैं धनंजय, आपके घर का सफ़ाईकर्मी, आज मैं इस पोस्ट पर हूं तो सिर्फ़ आपके कारण." इसके आगे वह कुछ न बोल पाए, आंखों से आंसुओं की धारा निकल पड़ी. मेरी भी आंखें भीग गयीं. एक पल के लिए मुझे लगा कि जैसे यह कोई चलचित्र हो. वास्तविक दुनिया से अलग, लेकिन ऐसा नहीं था. मैंने तो "आप ..तू .तुम्म...इतना ही कहा. आंखें हैरत से झपक ही नहीं रहीं थीं. लेकिन वहां ज़्यादा कुछ बोलना उचित नहीं था. धनंजय भावुकता में कुछ नहीं बोल पाए, माफ़ी मांगते हुए बैठ गए. सभागार में लोग कुछ समझ पाते, उसके पहले ही संचालक ने मंच संभाल ली थी.

कार्यक्रम के बाद धनंजय मेरे घर आया और काफ़ी देर तक वह बतलाता रहा कि किस तरह मेरे बताए रास्तों पर चल कर, सरकारी मदद लेते हुए उसने पढ़ाई आरम्भ की और राज्य स्तर की पुलिस सेवा में चयन के पश्चात इस पद तक पहुंच पाया. इस पूरी सेवा में न जाने वह कितने मंचों से वह अपनी नरक सी ज़िंदगी से बाहर लाने में मेरे दिशा निर्देश का वर्णन कर चुका है. इस शहर में उसकी पोस्टिंग भी इत्तिफ़ाक़ से हुई. वह दुमका में पदस्थापित था. तभी पता चला कि माली भैया यानी अनवर मियां की तबियत बहुत ख़राब है. उम्र भी हो चली थी लेकिन हड्डी के कैंसर से पीड़ित माली भैया कुछ दिनों के मेहमान थे. वे अपने बेटे की ज़िम्मेदारी धनंजय को सौंपना चाहते थे. वे जानते थे धनंजय ने जिस तरह से एक मुक़ाम हासिल किया है, वह उसकी मेहनत का नतीजा था. उसने ग़रीबी का दंश झेलते हुए ऑफ़िसर का पद पाया है, वह उनके बेटे का भी उचित मार्गदर्शन करेगा. अनवर मियां का परिवार रहता तो अपनी बिरादरी में ही था लेकिन उनके बेटे के अभिभावक अभी भी धनंजय ही हैं. वह उनके परिवार के आस-पास रहने के लिए आग्रह करके धनबाद आ गया था. धनंजय ने मेरी बात की लाज रखी थी. उसको मैंने ढेर सारी शुभकामनाएं दी. आज एक लम्बा वक़्त गुज़र चुका है. मैं दिल्ली आ गयी. धनंजय के पास तो पूरा जीवन था. उसे अभी बहुत कुछ करना था. बहुत पहले पता चला था उसकी पोस्टिंग दूसरी जगह हो गयी है. जहां भी हो ख़ुश रहे, तरक्क़ी करे, उसके अंदर की आदमीयत जीवित रहे यही कामना है. और, शायद यह दुनिया भी उसके जैसे नेक दिल इंसानों के कारण टिकी हुई है.



व्यंग्य >> बर्बरीक

## हाय गरमी हाय-हाय गरमी

जैसे-जैसे बढ़ती जाती है गरमी, वैसे-वैसे बढ़ता जाता है हम गरीबों का अपराध बोध. जैसे हमारी वजह से ही बढ़ रहा है धरती का तापमान, पिघल जाएंगे ग्लेशियर, डूब जाएगी पृथ्वी. लोग धिक्कारते हैं लगातार पेड़ लगाओ, पेड़ लगाओ. अब बताइये बड़ी मुश्किल से एक दो कमरे का मकान ले पाया हूं जिसकी ईएमआई भरते भरते कमर टूटी जा रही है. अब पेड़ लगाने के लिए जमीन का टुकड़ा कहां से मिले. ज़्यादा से ज़्यादा एक दो गमले हैं जिसमें धनिया पत्ती या कड़ी पत्ता भर लग सकता है. ये भला कितना ही ऑक्सीजन पैदा कर पाएंगे? लेकिन जिम्मेदारी के बोझ से गरदन झुकी जाती है जैसे तीसरी दुनिया के देशों की झुकी रहती है. अमीर देश कहते हैं हम कार्बन छोड़ेंगे जितना जी चाहे. बाथरूम तक में चलाएंगे एसी. तुम्हारी औकात नहीं है यह सब लक्ज़री की. धरती के तापमान को बरकरार रखने की जिम्मेदारी तुमलोगों की है. इसके बदले भले हमसे पैसे ले लो. बिल्कुल वैसे ही जैसे बूढ़े मां बाप का जिम्मा गरीब बेटे पर डाल कर निश्चिन्त रहते हैं अमीर भाई. बदले में कुछ डॉलर भेजते रहते हैं. और सिर्फ गरमी ही क्यों हर मौसम ही पैसे वालों के लिए बना है. गरमी आए तो एसी के ठंडे कमरे में बैठकर ठंडा लिक्विड पीते रहो. दूसरों को नौतपा का ताप झेलने दो, चिल्लाने दो बहुत गर्मी है, लू से पटापट, खटाखट गिरने दो. अरे, गरीब तो बना ही है लू ताप झेलने के लिए. लू ताप में भी दिहाड़ी तो कमानी ही है वरना पेट खाली रह जाएगा और पेट खाली में तो लू भी ज्यादा लगती है.

- **सर की गर्मी, चुनावी सरगर्मी**

दो चार डिग्री ज्यादा गर्मी तो नेताओं के चुनाव के दौरान बयान, गालीबाजी से भी पैदा हुई. चुनाव में तो वैसे भी सरगर्मी हो ही जाती है. सर की गर्मी को ठंडा करने के लिए ध्यान साधना की ज़रूरत पड़ जाती है. राजनीति में पावर की गर्मी होती है तो पैसे में पावर को कंट्रोल करने की गर्मी. चुनाव लड़ने से ज्यादा लड़वाने का मज़ा है. इलेक्शन से ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड में गर्मी है.

- **बॉलीवुड और हाय-हाय गरमी!**

गर्मी को सेलीब्रेट करने का हुनर फिल्म इंडस्ट्री में रहा है. पुराने जमाने में जहां "जून का मौसम मस्त महीना, आंख में काजल मुंह पे पसीना" कहकर गर्मी को बताया जाता था तो अब सुंदरी ज्यादा मुखर होकर एक्सप्रेशन देती है- हाय गरमी, हाय हाय गरमी. इस हाय हाय में ही सारा ताप छिपा है जिसके सामने " दीरघ दाघ निदाघ" लिखने वाले कवि फेल हैं.

गरमी में ज्यादा कहने की तबियत भी नहीं हो रही. चलिए गरमी का मज़ा लीजिए और आनेवाले मौनसून की तैयारी कीजिये.

समीक्षा

## यादों की बस्ती पहुंचाती कविताएं



चारुमित्रा

गालिब की मशहूर पंक्तियां हैं- दिल ढूंढता है फिर/वही फुर्सत के रात -दिन /बैठे रहे तसव्वुरे जानाँ किए हुए निर्मला मुक्ता टोप्पो के काव्य संग्रह 'एक उम्र दबी पड़ी सी' में संकलित कविताएं इसी स्वप्न को साकार करती हैं.

एक छोटे से कस्बे में जन्मी लेखिका ने 'अपनी बात' में लिखा है कि तब लड़कियां सिर्फ तीसरी या चौथी तक पढ़ाई जाती थी और दस वर्ष की उम्र में ब्याह दी जाती थीं. उस समय मां ने समाज के विरोध का सामना करते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी उनकी पढ़ाई जारी रखी और मैट्रिक करने वाली वह उस कस्बे की पहली लड़की बनी और दिल्ली विकास प्राधिकरण में सहायक निर्देशिका के पद से सेवानिवृत्त हुईं.

निरंतर प्रवाहमान समय अपने में उसी तरह निराकार होता है जैसे कि भाव अभिव्यक्ति पाते ही साकार रूप ग्रहण करते हैं और पल-पल की घटनाओं से बना समय भी पीछे मुड़कर देखने पर साकार होता है, स्मृति को भले ही छुआ ना जा सके पर अनुभवभार से युक्त होने के चलते स्मृति सदा रूपाकर युक्त होती है. आज जब मुक्ता जी पीछे मुड़कर आदिवासियों पर हुई त्रासदी को उजागर करती हैं, तो मुझे अनुज लुगुन की कविता सहज ही याद आ रही है - 'जंगल में पलाश खिले हैं /जंगल जल रहा है'.

संग्रह की पहली कविता विश्व आदिवासी दिवस की कुछ पंक्तियां - "बरगद- सी आदिवासियत ज़मीन में /जड़ों से/ गहरे और पृथ्वी पर /वायवीय मूल की तरह/ मिट्टी में धंसी /विश्व में फैली /प्रकृति के संरक्षक /अपने अस्तित्व में गौरवान्वित हैं."

यह जो छोड़ दिए जाने का भय है - यह जो पीड़ा है - यही तो प्रेम का मर्म है - जो लगातार याद दिलाती है कि प्रेम प्रक्रिया भी है और आस्वाद भी, जैसे नदी की तरह प्रवहमान जीवन है, वैसे ही प्रेम भी गतिशील है. जिस तरह पत्तियों का हिलना हवा को देखने की कल्पना है, उसी तरह से प्रेम करना जीवन को जीने का एहसास है और इस कविता संग्रह में एक व्यापक अर्थ में स्त्री तत्व के इस





पुस्तक : एक उम्र दबी पड़ी सी
(कविता संग्रह)
प्रकाशन : के.बी.एस प्रकाशन, दिल्ली
मूल्य : ₹255

एहसास की व्यापकता प्रदर्शित होती हैं. "तथागत से मेरे प्रश्न" कविता की कुछ पंक्तियां देखते हैं – "तथागत/ मैं आज- तक तुम्हें और /तुम्हारी अहिंसा को/ समझ नहीं पाई/ तुम्हारा निर्णय मुझे अनभ्य सा महसूस होता है/ सोते बच्चे और/ पत्नी को मध्य रात्रि में /यों चुपके से छोड़ जाना."

संकलन की कविता जो इस संग्रह का शीर्षक भी है- "एक उम्र दबी पड़ी सी" वृद्धाश्रम के जीवन के दर्द को बयां करती है – "वृद्धाश्रम जीवन की संध्या/ हर एक चेहरा एक कहानी."

स्त्रीवादी विमर्श स्त्री के सबलीकरण की इच्छा से जन्मी कविता है. अब वह शासित न होकर स्वतंत्र होना चाहती है. "एक कहानी जो पढ़ गई मुझको" स्त्री अस्मिता के दर्द को परिलक्षित करती है-"न जाने कितनी कहानियां पढ़ीं /कितनी कविताओं का पाठ किया/ जीवन को गढ़ते रहना, यही अभियान रहा /जीवन की आपाधापी/ नित नए बदलते रंग देखती रही."

मुक्ता जी ने आदिवासी होने की पीड़ा झेली है. इसलिए संकलन की अधिकतर कविताओं में आदिवासियों का दर्द झलक कर बाहर आ जाता है. कविता संग्रह की एक कविता "उतरती नदी" की पंक्तियां देखिए- "अल्हड़-सी आदिवासी बाला/ मोटिया साड़ी तन पर कसे/ लंबे घने बालों को कसकर बांधे/ जंगली फूलों को जूड़ों में सजाए." संग्रह की एक और कविता देखें- "बार-बार समझाया तुमने /बरसों से खामोश ख्वाहिशें /बस यूं ही कुरेद दिया /थक गई हूं यह सोचकर."

पिता से बिछुड़न का दर्द "पिता" शीर्षक कविता में दिखाई पड़ता है- "पिता /याद नहीं/ शायद/ चार वर्ष की थी /हमने मां में ही/ पिता का प्यार और/ मां का ममत्व देखा."

संकलन में कुल 231 कविताएं हैं. जल-जमीन - जंगल से आदमी के जीवन की बढ़ती दूरियों को लेकर छटपटाती ये कविताएं ध्यान खींचती हैं. वर्तमान समय की कविताएं कोई वृहद स्वप्न नहीं देखती. जैसे मनुष्य का मन अनेक भावों को साथ-साथ लेकर चलता है वैसे ही ये कविताएं भी कई रंग, कई स्वर एक साथ लिये चलती हैं. एक भाव, जो एक सूत्र की तरह अनेक कविताओं में विद्यमान है –"उम्र की गोधूलि का एहसास."

कविता संग्रह की कविताएं कभी देश-प्रेम, कभी प्रेम, कभी संशय, झुंझलाहट, खीझ, शिकायत, अंतर्द्वंद, कामना सभी कुछ साथ-साथ लेकर चलती हैं. कविता संग्रह की सभी कविताएं पठनीय है, यद्यपि संग्रह में 300 के करीब कविताएं हैं लेकिन यह बोझिल नहीं होती और यह हमें मुक्ता जी के जीवन से परिचित भी कराती हैं.

कविता/गज़ल



नीरज नीर

### जंगल चुप है, नदिया चुप

जंगल चुप है, नदिया चुप
चुप है टुंगरी, बुरु, पहाड़
जंगल की आबादी चुप
चुप है हिरन, शेर, सियार.

धूल, धुआं, गहरे बादल
वन बीच मशीनों का दल
हो हल्ले में गुम कलरव
पीले पड़े हरित पल्लव
कांप रहा निर्झर का जल
मौन शेष मन में केवल
चहचहाते वनपाखी चुप
चुप है हाथी की चिघाड़.

महुआ, सखुआ, करम, पलाश
छोड़ रहे जीने की आस
मांदर, ढोल, नगाड़े चुप
अखरा के रखवाले चुप.
भयभीत भालू के बच्चे
तेतर टोली वाले चुप
डहर, दाह, घुमकुड़िया चुप
चुप है जंगल की ललकार.



अनिता रश्मि

### गाछ ने कहा था


गाछ ने कहा था इक दिन
मुझे मारोगे, तुम मरोगे
समझ नहीं पा सका
भूख का सताया मानव.
उसका पेट कभी भरता नहीं
सदा सुरसा सम मुँह खोले
लेता रहता है बलि
गाछों की, माटी की
नदियों की, पोखर-तालाबों
और मनुष्य के हिज़ाबों की.
कितने उसने पंछी मारे
कितने तो बिन गिने पशु
उसकी बंदूक-गोली से
स्वर्ग सिधारे
खेतों की ली उसने जान
नहीं समझ सका उसमें भी थे
किसी बेबस के प्राण.
अब वह बचे-खुचे
पेड़ों के पीछे पड़ा है
उनको भी हलाक करने की
अपनी ज़िद पर अड़ा है.
लो, जंगलों ने भी ठान लिया
गाछों का बदला गिन-गिन लेगा
विनाश ऐसे में कौन रोक पाया है
कल तुमने, आज प्रकृति
तुम्हें ज़ार-ज़ार रुलाएगी.



बसंत हेतमसरिया

### सब किया धरा रह जाएगा

सभ्यता के सफर में
इंसान ने जब से
भागना शुरू किया
फिर बिना रुके
बग़ैर ब्रेक की गाड़ी की तरह
वह भागता ही गया.
रुकता कैसे
पता ही नहीं था
पहुंचना कहां है
दिमाग़ तो
बड़ा होता गया
और दिल
सिकुड़ता गया.
सुविधाएं तो जोड़ता गया
पर ख़ुशियों को
भूलता गया
दुनिया जोड़ने की कोशिश में
घर तोड़ता गया.
पर ऐसा
कब तक चलना था
खुद नहीं समझा तो
प्रकृति को ही
आना पड़ा
अपने ढंग से
समझाना पड़ा.
थोड़ा रुको
सांस ले लो
क्यों भागे जा रहे हो
एक बार सोच तो लो.
इतनी ही दूर जाओ
कि लौट सको
उससे आगे गए
तो गुम हो जाओगे.
सब कुछ,
हां सब कुछ
एक ही झटके में
ख़त्म हो जाएगा,
और तुम्हारा किया-धरा
जिस पर तुम
इतना इतराते हो
कुछ काम नहीं आएगा.



डॉ कमल बोस

### धरती की पीली पड़ गई आस

सूखी धरती दरक रही थी याद आ गई
बूढ़ी नानी की झुर्रियां.
पेड़ों के पत्ते सूख रहे थे
जैसे जरावस्था में बाबा थे
लताएं मुरझाई - सी वियोगिनी
सिसकियां लेती दिख रही थीं.
झाड़ियों के अंदर सन्नाटा पसरा था
चिड़ियों के गूंजन से दूर
जैसे मन - ही - मन रोती हो.
आकाश ताकती अकेली बुढ़िया
गांव की सीमा पर बैठी
बेटी के आने की बाट जोहती
दिल में लिए अनेक आस
कभी स्मृति में जाती कभी स्मृति से भागती
कितनी निराश कितनी हताश
उसका मन - धरती की पीली पड़ गई आस.

प्रेम रंजन अनिमेष के कविता संग्रह 'संक्रमण काल' पर चर्चा

# "हमारे समय की एक जरूरी किताब"



प्रेस क्लब रांची के सभागार में शुक्रवार देर शाम कवि प्रेम रंजन अनिमेष के कविता संग्रह 'संक्रमण काल' का लोकार्पण हुआ. उसके बाद पुस्तक पर परिचर्चा आयोजित की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोचक प्रो रवि भूषण ने की. दिल्ली से कार्यक्रम में शामिल होने आए वरिष्ठ कवि मदन कश्यप ने पुस्तक पर अपने विचार रखे. परिचर्चा में कवि प्रकाश देवकुलिश और निशांत ने भी अपना वक्तव्य दिया. विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग, रांची की सहायक प्रोफेसर नियति कल्प ने भी पुस्तक पर अपने विचार रखे. कार्यक्रम का संचालन व संयोजन कथाकार रश्मि शर्मा ने किया.

कवि-आलोचक निशांत ने अनिमेष के इस कविता संग्रह को सचमुच एक बहुत ही बड़े कवि का महान संग्रह बताते हुए जोर दिया कि इतनी महत्वपूर्ण कविताओं का अनुवाद अन्य भारतीय भाषाओं के साथ साथ, पूरे विश्व में होना चाहिए.

डॉ नियति कल्प ने कहा कि संग्रह की कविताएं निर्जीवता से जीवंतता तथा खालीपन से खुलेपन की कविताएं हैं, और 'स्व' और 'सह' को एक साथ समाहित किए हुए समानुभूति की भी, जिससे पाठकों को ये अपनी लगती हैं. कवि प्रकाश देवकुलिश जी ने कहा कि कथ्य और शिल्प दोनों का सुंदर समन्वय अनिमेष की कविताओं में है, और हमारे समय समाज के लिए जरूरी सवाल भी. उन्होंने संग्रह की कुछ कविताओं का बहुत प्रभावपूर्ण पाठ भी किया.

सभी वक्ताओं ने यह कहा कि महामारी के दौरान और उसके बाद पूरी दुनिया में आये व्यापक बदलावों और सार्वकालिक प्रभावों को महत्तर सभ्यता विमर्श की तरह दर्ज करने वाला किसी एक कवि का अनूठा और अद्वितीय कविता संग्रह है. कार्यक्रम में अनिमेष जी ने संग्रह से अपनी कुछ कविताओं का पाठ भी किया.

### सूक्ष्म व पैनी दृष्टि के कवि अनिमेष : मदन कश्यप



वरिष्ठ कवि मदन कश्यप ने अनिमेष को नवें दशक के बाद का सर्वोत्तम कवि मानते हुए उनकी कविताओं की अनेक विशेषताओं को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि अनिमेष सूक्ष्म व पैनी दृष्टि के कवि हैं, जिनमें व्यापकता, वैविध्य और उतनी ही विराटता भी है. उनके यहां विचारधारा सतही नहीं बल्कि गहरे पैठी हुई है, प्रकृति निर्ब्याज है तथा भाषा सहज और पारदर्शी. वे जटिल स्थितियों को भी अत्यंत सरलता से सामने रखते हैं, जो किसी भी कवि के लिए आदर्श है. साथ ही, अनिमेष की कविताएं सत्ता और शक्ति के बरअक्स सहअस्तित्व को सामने रखती हैं.

### 'अंधेरे में उम्मीद' का कवि अनिमेष : रविभूषण



अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रख्यात आलोचक रवि भूषण ने कविताओं के विस्तृत संदर्भों पर बात की. 'संक्रमण काल' शीर्षक को सटीक एवं विशिष्ट बताते हुए उन्होंने कहा कि यह शीर्षक एक युग व्याख्यायित करता है. अनिमेष का यह अद्भुत संग्रह न केवल हमारे समय के सारे परिवर्तनों को दर्ज करता है, बल्कि इसके जरिये हमारे पहले के समय और आने वाले समय को भी समझा जा सकता है. अनिमेष को 'अंधेरे में उम्मीद' का कवि बताते हुए उन्होंने कहा कि किताब में जीवन अपने विविध रूपों में बार बार आता है जो यह सिद्ध करता है कि कवि जीवन के पक्ष में खड़ा है.

### संक्रमण काल : जूझ कर उबरने की महागाथा






प्रेम रंजन अनिमेष का अभिनव कविता संग्रह 'संक्रमण काल' हिन्दी ही नहीं, संभवतः विश्व साहित्य मे भी अपनी तरह का अनूठा काव्य संग्रह है. वैश्विक महामारी की पृष्ठभूमि में देश और दुनिया के स्तर पर अभूतपूर्व उथल पुथल की शिनाख्त करती ये कविताएं समकालीन हिंदी कविता जगत में अपनी तरह के अनूठे इस संग्रह को चिरकालिक और वैश्विक महत्त्व का बनाती हैं.

वर्ष 2020 से अब तक की लिखी ये कविताएं समकाल से उत्स्रुत होकर सर्वकाल को संबोधित करती हैं. ये कविताएं सदी की सबसे बड़ी आपदा या त्रासदी कही जाने वाली महामारी का मानवीय और सृजनात्मक अभिलेख तो हैं ही, उससे जूझ कर उबरने के संघर्ष और अनाहत जिजीविषा की महागाथा भी.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+



## ब्रीफ खबरें

### ताइवान ओपनः डीपी मनु ने भाला फेंक का स्वर्ण जीता

**नयी दिल्ली ।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइपे में 81.58 मीटर थ्रो के साथ ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता. एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने अपने आखिरी प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया. ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता है. इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक भी मिलते हैं. मनु ने 78.32 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की, जबकि उनका दूसरा प्रयास 76.80 मीटर का रहा.इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास में भाले को 80.59 मीटर और 81.52 मीटर दूर फेंककर अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया.

### टीम की हार के बाद रो पड़े रोनाल्डो

**जेद्दा।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए.रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे. यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई.अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता. दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया.

उद्घाटन मैच में अमेरिका और कनाडा के बीच भिड़ंत

# टी-20 विश्वकप : आज से शुरू होगी बादशाहत की जंग

**खास बातें**

- भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे शुरू होगा मैच
- भारत का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से होगा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

टी-20 विश्व कप के नौवें संस्करण को शुरू होने में अब बस कुछ घंटे का समय बचा है. भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे मेजबान अमेरिका और कनाडा के बीच मैच से इस टूर्नामेंट की शुरुआत हो जाएगी. भारतीय टीम की नजर दूसरी बार चैंपियन बनने पर है. टीम इंडिया ने 2007 में उद्घाटन संस्करण में यह खिताब अपने नाम किया था। इसके 17 साल बीत गए, लेकिन टीम एक भी बार टी-20 विश्व कप का खिताब नहीं जीत पाई. हालांकि, 2014 में भारतीय टीम फाइनल में और 2016-2022 में सेमीफाइनल में जरूर पहुंची, लेकिन खिताब नहीं जीत पाई. अब रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से काफी उम्मीदें हैं।इस साल टी-20 विश्व कप के मैच वेस्टइंडीज और अमेरिका के नौ स्थानों पर खेले जाएंगे. इनमें वेस्टइंडीज के छह और अमेरिका के तीन स्थान हैं. यह अब तक का सबसे बड़ा टी-20 विश्व कप है और कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं.इंग्लैंड की टीम डिफेंडिंग चैंपियन है। उसने 2022 में पाकिस्तान को हराकर खिताब अपने नाम किया था.



**टी20 विश्व कप 2024 में भारत का शेड्यूल**

**5 जून**
भारत बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क

**9 जून**
भारत बनाम पाकिस्तान, न्यूयॉर्क

**12 जून**
भारत बनाम अमेरिका, न्यूयॉर्क

**15 जून**
भारत बनाम कनाडा, फ्लोरिडा

### फाइनल मैच 29 को बारबाडोस में

विश्व कप का उद्घाटन मैच दो जून (भारतीय समयानुसार) को डैलस के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में कनाडा और अमेरिका के बीच आयोजित होगा। वहीं, फाइनल मैच 29 जून को बारबाडोस के केनसिंगटन ओवल मैदान पर खेला जाएगा.

### टी-20 विश्व कप का फॉर्मेट

- पहले दौर में 20 टीमें पांच-पांच टीमों के ग्रुप में मैच खेलेंगी. भारत को ग्रुप-ए में रखा गया है.
- हर एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई करेंगी.
- सुपर-8 राउंड में आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो ग्रुप में बांटा जाएगा.
- सुपर-8 राउंड में हर एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी.
- दो सेमीफाइनल के विजेता 29 जून को टी-20 विश्व कप 2024 के फाइनल में भिड़ेंगे.

### नासाउ में 9 जून को भारत-पाकिस्तान की महाभिड़ंत

न्यूयॉर्क के नासाउ क्रिकेट स्टेडियम में ही 9 जून को भारत का चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भी आमना-सामना होना है. इस मैच के दौरान आतंकी संगठन आईएसआईएस ने हमले की धमकी दी है. आतंकी धमकी को देखते हुए स्टेडियम के साथ ही न्यूयॉर्क शहर में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं.

टी20 विश्व कप में आज के मैच

# कनाडा के खिलाफ मुकाबले में अमेरिका का पलड़ा भारी

**एजेंसी। डलास**

अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में हाल में आईसीसी की पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को हराने वाली मेजबान टीम जीत की दावेदार होगी. यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा. आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं. टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम कुछ हैरानी भरे नतीजे हासिल कर सकती है. अमेरिका ने टूर्नामेंट की तैयारियों में पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को 2-1 से हराकर साबित कर दिया कि उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता. हाल में अमेरिका ने कनाडा को 4-0 से हराया था. न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और 2015 विश्व कप फाइनल खेलने वाले कोरी एंडरसन भी टीम में हैं जिसकी अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल करेंगे.

गुजरात के आणंद में जन्में मोनांक आयु स्तर के क्रिकेट में अपनी घरेलू टीम के लिए खेले थे जिसके बाद वह 2016 में अमेरिका में बस गये. वह 2018 विश्व टी20 अमेरिका क्वालीफायर में छह पारियों में 208 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे और 2019 में उन्होंने अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था.टीम में मुंबई के पूर्व और राजस्थान रॉयल्स के बायें हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह और दिल्ली के पूर्व और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज मिलिंद कुमार भी शामिल हैं. उनकी टीम में सौरभ नेत्रावलकर भी शामिल हैं जो अमेरिका के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं. बल्लेबाजी आल राउंडर नितीश कुमार ने 2012 से 2019 तक कनाडा के लिए 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, लेकिन अब वह अमेरिकी जर्सी में दिखायी देंगे. उन्होंने इस साल अप्रैल में कनाडा के खिलाफ अमेरिका की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय पर्दापण किया.कनाडा के पास स्पिनर साद बिन जफर का अपार अनुभव है. कनाडा की टीम में केवल चार खिलाड़ी ही 30 से कम उम्र के हैं.





**टीमें**

**अमेरिकाः** मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स (उपकप्तान), एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर और शायन जहांगीर.

**कनाडाः** साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, रविंदरपाल सिंह, नवनीत धालीवाल, कलीम सना, दिलोन हेलीगर, जेरेमी गॉर्डन, निखिल दत्ता, परगट सिंह, निकोलस किरटन, रेयानखान पठान, जुनैद सिद्दीकी, दिलप्रीत बाजवा, श्रेयस मोव्वा और ऋषिव जोशी.

मैच भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा.

# फ्रेंच ओपन : स्वियातेक, अल्काराज सिनर ने अपने-अपने मैच जीते

**एजेंसी। पेरिस**

स्टेफानोस सिटसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्काराज़, यानिक सिनर और इगा स्वियातेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया. सिटसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया. उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया. इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया. ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा. दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज़ ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई. अल्कराज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे.



# मैं किसी को अधिक सीख देने की कोशिश नहीं करताः बुमराह

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक माने जाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों को बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते . जब उनसे पूछा जाता है तभी मदद करते हैं. क्योंकि वह उन पर किसी तरह का बोझ नहीं डालना चाहते हैं . भारत के लिए टी20 विश्व कप के अभियान में 30 वर्षीय बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी. माना जा रहा है कि वह मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह जैसे कम अनुभवी तेज गेंदबाजों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएंगे. बुमराह ने टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट से कहा,' आप बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते. यह कुछ ऐसा है जो मैंने सीखा है. जब भी कोई मेरे के पास मदद के लिए आता है तो मैं उसे सवाल पूछने देता हूं क्योंकि मैं बहुत अधिक जानकारी देना अच्छा नहीं समझता हूं.'



चमके ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या और अर्शदीप

# वॉर्म अप मैच में भारत ने बांग्लादेश को 62 रन से हराया

**एजेंसी ।न्यूयॉर्क**

ऋषभ पंत की फिफ्टी के बाद हार्दिक पंड्या की तूफानी बैटिंग और अर्शदीप सिंह की दमदार गेंदबाजी से भारत ने टी-20 विश्व कप के वार्म अप मैच में बांग्लादेश को 62 रन से हरा दिया. मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था. टीम इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 182 रन का स्कोर खड़ा किया था. इसके जवाब में बांग्लादेश 8 विकेट खोकर 20 ओवर में 120 रन बनाकर सिमट गई.लक्ष्य का बचाव करने उतरी टीम इंडिया के लिए अर्शदीप सिंह ने कमाल की गेंदबाजी की. अर्शदीप ने पहले ही ओवर में टीम इंडिया को विकेट दिलाने का काम किया. अर्शदीप ने पारी में 3 ओवर की गेंदबाजी की जिसमें उन्होंने सिर्फ 12 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए. अर्शदीप सिंह के अलावा जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद सिराज और अक्सर पटेल के खाते में एक-एक विकेट आया. वहीं आखिरी ओवर करने आए शिवम ने भी बांग्लादेश के निचले क्रम के दो बल्लेबाजों को आउट किया.

**08** विकेट खोकर 20 ओवर में 120 रन बनाकर सिमट गई




# वेस्टइंडीज की निगाहें पीएनजी के खिलाफ मजबूत शुरुआत पर

**एजेंसी। जॉर्जटाउन (गुयाना)**

ईडन गार्डन्स में कार्लोस ब्रेथवेट के चार छक्कों से दूसरा टी20 विश्व खिताब जीतने के आठ से ज्यादा साल बाद वेस्टइंडीज की टीम रविवार को यहां जब नौवें चरण में घरेलू मैदान पर पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत से शुरूआत कर मजबूती हासिल करने की होगी.ब्रेथवेट ने तब बेन स्टोक्स पर अंतिम ओवर में लगातार चार छक्के जड़े थे जिससे वेस्टइंडीज दो बार टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी. इससे पहले उन्होंने 2012 में खिताब जीता था. लेकिन इसके बाद टीम बदलाव के दौर में खुद को संभाल नहीं सकी और उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा. 2021 में उन्हें पांच में से चार मैच में हार मिली जिससे टीम सुपर 12 से बाहर हो गई.इसके बाद तो हालत और खराब हो गये और आस्ट्रेलिया में 2022 चरण में वेस्टइंडीज कमजोर स्कॉटलैंड और आयरलैंड से हारकर मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर सकी. कोलकाता में ईडन गार्डन्स में पिछला खिताब जीते हुए 2982 दिन हो गये हैं और अब जब टूर्नामेंट उनकी सरजमीं पर हो रहा है तो वे ट्राफी जीतने के लिए बेताब होंगे.

दो बार टी20 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान डेरेन सैमी अब कोच के तौर पर टीम के साथ हैं और रोवमैन पॉवेल की अगुआई वाली टीम ने अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया पर जीत हासिल कर अपने इरादे पहले ही जाहिर कर दिये.लेकिन आस्ट्रेलिया की टीम अपने पूरे खिलाड़ियों के साथ नहीं खेल रही थी और इस मैच में टीम के केवल नौ खिलाड़ी ही खेल सके थे.निकोलस पूरन मध्यक्रम में अहम भूमिका निभायेंगे लेकिन वेस्टइंडीज की टीम में पॉवेल, आंद्रे रसेल, शिमरोन हेटमायर, शेरफाने रदरफोर्ड और रोमारियो शेपर्ड जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं जिससे वह मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप वाली टीम में से एक है. हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा खिताब दिलाने के बाद रसेल गेंद और बल्ले दोनों में शानदार फॉर्म में हैं. वेस्टइंडीज इस तरह घरेलू सरजमीं पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बनना चाहेगी.टीम ने चोटिल और अनुभवी जेसन होल्डर की जगह तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय को उतारा है जो वेस्टइंडीज ए के नेपाल के हालिया दौरे में सर्वाधिक विकेट झटकने वाले गेंदबाज रहे.वहीं असादुल्ला वाला की अगुआई वाली पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) 2021 के बाद दूसरी बार इस टूर्नामेंट में खेलेगी, उसने जुलाई 2023 में पूर्वी एशिया पैसिफिक क्षेत्रीय फाइनल के जरिये अपना स्थान पक्का किया.




**टीमें इस प्रकार हैं**

**वेस्टइंडीजः** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसफ (उपकप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेस, शिमरोन हेटमायर, शाई होप, अकील हुसैन, शमर जोसफ, ब्रैंडन किंग, ओबेद मैककॉय, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड.

**पापुआ न्यू गिनीः** असादुल्ला वाला (कप्तान), एली नाओ, चाड सोपर, सीजे अमिनी, हिला वेरे, हिरी हिरी, जैक गार्डनर, जॉन कारिको, काबुआ वागी मोरिया, किपलिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वनुआ, सेमा कामिया, सेसे बाउ और टोनी उरा.

पूर्व कप्तान सह बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद पर भारतीय के पक्ष में

# गंभीर ने अगर आवेदन किया है तो वह अच्छे कोच साबित होंगे : गांगुली

**एजेंसी। मुंबई**

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद पर किसी भारतीय को नियुक्त करने का समर्थन करते हुए शनिवार को कहा कि अगर गौतम गंभीर ने इसके लिए आवेदन किया है तो वह अच्छे कोच साबित होंगे, क्योंकि हाल में समाप्त हुए आईपीएल में जीत की उनकी भूख और जुनून स्पष्ट नजर आया.

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वह राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय कोच नियुक्त करने के पक्षधर हैं क्योंकि देश में प्रतिभा की कमी नहीं है. गांगुली ने कहा, ''मैं भारतीय कोच रखने के पक्ष में हूं क्योंकि हमारे देश में अपार प्रतिभा है. हमारे देश में बेहद कुशल खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बहुमूल्य योगदान दिया है और उन्हें व्यवस्था का हिस्सा होना चाहिए.' गांगुली से पूछा गया कि क्या कोच पद की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर इस भूमिका के लिए उपयुक्त व्यक्ति होंगे, उन्होंने कहा, ''क्या उन्होंने (गंभीर) आवेदन किया है. क्योंकि पहले उन्हें आवेदन करना होगा और फिर उसी के बाद वह यह पद हासिल कर पाएंगे. मुझे लगता है कि 27 मई आवेदन की अंतिम तिथि थी.' उन्होंने कहा, 'जाहिर है, बीसीसीआई के पास इसे (समय सीमा) बढ़ाने का अधिकार है. अगर वह (गंभीर) आवेदन करते हैं और अगर वह चाहते हैं, तो वह बहुत अच्छे उम्मीदवार होंगे.' भारत की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे पूर्व बल्लेबाज गंभीर के मार्गदर्शक रहते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने हाल में 10 साल बाद आईपीएल का खिताब जीता था.



### गंभीर को भारतीय टीम के कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे

गांगुली ने कहा, 'अगर गंभीर ने आवेदन किया है तो आपने देखा होगा कि इस साल केकेआर के लिए उन्होंने किस तरह से काम किया. आप उनकी जीत की भूख और जुनून देख सकते थे. अगर उन्होंने आवेदन किया है और बोर्ड उन्हें यह पद सौंपने का फैसला करता है तो मुझे खुशी होगी. मेरा मानना है कि वह इस पद के लिए अच्छे उम्मीदवार हैं.' गंभीर को भारतीय कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है. वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ टी20 विश्व कप के बाद अपना पद छोड़ देंगे. बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भी हाल में संकेत दिए थे कि भारतीय कोच को प्राथमिकता दी जाएगी. शाह ने कहा था,'' राष्ट्रीय टीम के लिए उपयुक्त कोच ढूंढने की गहन प्रक्रिया है. हम ऐसे व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिन्हें भारतीय क्रिकेट संरचना की अच्छी समझ हो और जो इससे गुजरकर आगे बढ़े हों.'

### भारतीय टीम विश्व कप का प्रबल दावेदार

गांगुली ने इसके साथ ही कहा कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जा रहे टी20 विश्व कप में भारत खिताब का प्रबल दावेदार है. उन्होंने कहा,''भारत के पास विश्व कप जीतने का बहुत अच्छा मौका है. भारत को एक टी20 टीम की तरह खेलना होगा. इस टीम में काफी प्रतिभा है.' गांगुली ने कहा,''भारतीय बल्लेबाजों को बेखौफ होकर खेलना चाहिए. (यह) एक ऐसी टीम है जिसमें (विराट) कोहली, रोहित (शर्मा), सूर्या (सूर्यकुमार यादव), (ऋषभ) पंत, (शिवम) दुबे, (हार्दिक) पंड्या, (रविंद्र) जडेजा, अक्षर (पटेल), (जसप्रीत) बुमराह, संजू (सैमसन) जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं.' उन्होंने कहा,'' इसलिए मैं कहता हूं कि प्रत्येक खिलाड़ी भारत को जीत दिलाने की क्षमता रखता है तथा बेखौफ होकर खेलने से ही वह ऐसा कर सकते हैं. भारत को अतिरिक्त बल्लेबाज के साथ खेलना चाहिए और पहली गेंद से ही आक्रामक रवैया अपनाना चाहिए.''गांगुली ने कहा, ''विराट और रोहित को पारी की शुरुआत करनी चाहिए. विराट आईपीएल में शानदार फॉर्म में था. वह महान खिलाड़ी है.'

# यूट्यूबर जेक पॉल से माइक टायसन का मुकाबला स्थगित

**एजेंसी। लंदन**

माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल के खिलाफ रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा. पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया. मैच को इसकेटायसन जब पिछले रविवार को मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे, तो उन्हें चिकित्सा उपचार की जरूरत पड़ी थी. चक्कर आने की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था. 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था.

आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो-अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है. इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है, जिसके बढ़ने से उन्हें फ्लाइट में समस्याएं आई थीं.

बयान में कहा गया- माइक टायसन को सलाह है कि वह अगले कुछ हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग करें और फिर जब मन करे तब पूरी फिटनेस ट्रेनिंग के लिए लौटें. माइक और जेक दोनों इस बात से सहमत हैं कि यह सुनिश्चित करना उचित है कि दोनों एथलीट इस महत्वपूर्ण मैच के लिए तैयार हैं या नहीं.

आयोजकों ने कहा- एथलीट्स का स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम माइक को जरूरी समय लेने में पूरी तरह से समर्थन करते हैं ताकि वह उस स्तर पर प्रदर्शन कर सकें जिसकी वह खुद से अपेक्षा करते हैं. बयान में कहा गया है कि मुकाबले की नई तारीख की घोषणा सात जून तक की जाएगी.



▼ ब्रीफ खबरें

### कोढ़ा थाना क्षेत्र से साइबर ठग गिरफ्तार

**कटिहार ।** पुलिस ने कोढ़ा थाना क्षेत्र से एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया. ठग गेड़ाबारी स्थित पान दुकान से पटना साइबर शाखा का एसपी बनकर बिहार के साथ झारखंड, प बंगाल व राजस्थान में घटना को अंजाम देता था. गिरफ्तार युवक की पहचान कोढ़ा के जुराबगंज निवासी शम्स तबरेज के रूप में हुई है. कटिहार एसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि साइबर थाना को ठग के दो मोबाइल नंबर उपलब्ध कराये गये थे. मोबाइल नंबर के बारे में दूसरे राज्य से और गृह मंत्रालय के पोर्टल से भी ठगी व झांसा देने की शिकायत आ रही थी.

### बीडीओ के वाहन से दो महिला एएसआई घायल

**कैमूर ।** बीडीओ की गाड़ी ने बॉर्डर चेकपोस्ट पर तैनात महिला एएसआई और सिपाही को टक्कर मार दी. मामला जिले के चैनपुर का है. उत्पाद पुलिस ने चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) चंद्रभूषण गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया. बताया जा रहा है कि बीडीओ साहब शराब के नशे में थे. चेकपोस्ट पर गाड़ी रोकने के लिए उत्पाद पुलिस द्वारा इशारा किया गया. लेकिन, नशे में बीडीओ गाड़ी नहीं रोक पाए और चेकपोस्ट पर तैनात एएसआई लवली कुमारी और सिपाही आरती कुमारी को टक्कर मार दी. इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं. आरोपी को कोर्ट से 50 हजार के निजी मुचलके पर जमानत मिल गई है.

### नौवाडीह से पैदल हज के लिए निकला युवक

**पूर्वी चंपारण।** लोग हज करने के लिए मक्का हवाई जहाज से जाते हैं, लेकिन जिले से एक युवक मक्का पैदल ही निकल पड़ा है. सुगौली नगर के नौवाडीह गांव का युवक सुल्तान बेग शुक्रवार को मस्जिद से जुम्मे की नमाज के बाद सऊदी अरब के लिए पैदल रवाना हुआ. उसने बताया की मेरी दिली ख्वाहिश थी कि हज कर भारत से सऊदी अरब पैदल जाऊं. सुल्तान ने बताया कि आगे का रास्ता भी ऊपर वाले ने चाहा तो बिल्कुल आसान होगा. मेरी यात्रा सुगौली से होते कई राज्यों से गुजर कर बाघा बॉर्डर से पाकिस्तान, ईरान, इराक, कुवैत होते हुए सऊदी अरब अगले नौ से दस महीने में यात्रा पूरी करूंगा.

## अपर मुख्य सचिव केके पाठक फिर अपने फैसले को लेकर सुर्खियों में हैं

# 886 शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटा

**संवाददाता । पटना**



**कड़ा फैसला**

- 10 माह में शिक्षकों पर की गई कार्रवाई का आंकड़ा जारी
- कोताही करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई चलती रहेगी

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक फिर अपने फैसले को लेकर सुर्खियों में हैं. वैसे तो पाठक ने लंबी छुट्टी का आवेदन दे दिया है. वे तीन जून से 30 जून तक वह अवकाश पर रहेंगे. लेकिन उसके पहले लिया फैसला चर्चा में है. इसकी हर तरफ चर्चा है. वहां 886 शिक्षकों का एक दिन का वेतन एसीएस के निर्देशानुसार काट लिया गया है. जिसकी राशि करीब 13 लाख है. शिक्षा विभाग में इससे हड़कंप मच गया है. बिहार के शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए केके पाठक को याद किया जाएगा. पिछले एक साल से अपने काम को लेकर पाठक बहुत चर्चा में हैं. हालांकि कुछ निर्णय के कारण उनकी काफी आलोचना भी हुई. अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग का प्रभार लेते ही पाठक अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चा में आ गए. फिर उनका डंडा उन शिक्षकों पर चला. जिन्होंने अपनी ड्यूटी निभाने में कोताही बरती. विभाग ने पिछले 10 माह में शिक्षकों पर की गई कार्रवाई का आंकड़ा जारी किया है. जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2023 से लेकर मई 2024 तक 10 महीने में विभाग ने 886 शिक्षकों पर कार्रवाई हुई. इनके वेतन से कुल 13 लाख रुपये काटे गए. विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान स्कूल से गायब पाए गए शिक्षकों पर यह कार्रवाई हुई. इनका एक-एक दिन का वेतन काटा गया. हालांकि वेतन कटौती का यह आंकड़ा पिछले माह की अपेक्षा अब कम हुआ है. डीपीएम अनुराग कुमार ने बताया कि अप्रैल माह में जहां 240 शिक्षकों का वेतन काटा गया, वहीं मई में 29 तारीख तक करीब 150 शिक्षकों पर यह कार्रवाई की गई. कहा जा रहा है कि निरीक्षण का दौर जारी रहेगा और सेवा में कोताही करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई चलती रहेगी.

# दोष सिद्धि के बाद कोर्ट से भागा दुष्कर्म आरोपी

**संवाददाता । मुजफ्फरपुर**

**पॉक्सो कोर्ट**

- कस्टडी में लेने का आदेश होते ही आरोपी फरार हो गया
- पकड़ने के लिए गरहां और बोचहां थाने को दिया निर्देश

कोर्ट में दोष सिद्धि के बाद दुष्कर्म आरोपी को जब तक पुलिस कस्टडी में लेती तब तक वह भाग निकला. रिश्ते की नाबालिग बहन से दुष्कर्म के आरोपी बोचहां इलाके के सुनील महतो पर शुक्रवार को विशेष पॉक्सो कोर्ट-एक में दोष सिद्ध हुआ था. दोष सिद्धि के बाद उसे कस्टडी में लेने का आदेश दिया गया. यह आदेश सुनते ही आरोपी से कूदकर निकला और फरार हो गया. वह पहले से जमानत पर था, इसलिए उसके साथ पुलिस नहीं थी.

कोर्ट से निकलते ही बाहर उसका साथी बाइक लेकर खड़ा था. बाइक पर बैठकर वह फरार हो गया. उसका मोबाइल चालू था. पुलिस ने उसका लोकेशन लिया. तब पता चला कि वह बाइक से बोचहां की ओर भाग रहा है. उसे पकड़ने के लिए गरहां और बोचहां थाने की पुलिस को वरीय पुलिस अधिकारियों ने निर्देश दिया. हालांकि उसे दोनों थाने की पुलिस घेर नहीं पाई.

विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना 9 दिसंबर 2013 की है. पीड़िता के बयान पर बोचहां थाना में 27 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई थी. इसमें पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि नौ दिसंबर की रात करीब बारह बजे सुनील अपने स्कॉर्पियो चालक चकअब्दुल गांव निवासी रंजीत पासवान को लेकर घर में घुस गया. उसने चाकू की नोंक पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. इसके बाद धमकी दी कि इसकी चर्चा किसी से की तो हत्या कर देंगे. डर से पीड़िता ने किसी से कुछ नहीं कहा. इसके बाद फिर 24 मार्च 2014 की रात में सुनील घर में घुस गया और मुंह दबाकर ले जा रहा था. तभी पीड़िता की मां जग गई. लेकिन पीड़िता के मां को मारकर सुनील फरार हो गया. पीड़िता ने आरोप लगाया कि दुष्कर्म में वह गर्भवती हो गई थी. वहीं पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है. देर रात तक सुनील को पकड़ने के लिए पुलिस बोचहां इलाके में छापेमारी करती रही.

## गया के महकार में वोट डालने के बाद पूर्व सीएम जीतन राम मांझी बोले

# हमलोग जनतंत्र में विश्वास करते हैं

**बोले मांझी**

- जहानाबाद सीट पर चार भाग में भूमिहारों का वोट बंटेगा
- इंडी गठबंधन वाले बोलेंगे कि ईवीएम में गड़बड़ी थी

**संवाददाता । गया**



मतदान कर बाहर निकलते जीतन राम मांझी व मंत्री संतोष कुमार सुमन.

बिहार में लोकसभा के चुनाव के अंतिम चरण में आठ सीटों पर मतदान हुआ. जहां चुनाव में प्रत्याशी अपने क्षेत्र में लोगों के बीच मतदान किये, वहीं जहानाबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान हुआ. बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने मंत्री संतोष कुमार सुमन के साथ मतदान किया. जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गया के महकार स्थित अपने गांव में मध्य विद्यालय महकार के बूथ संख्या 38 पर संतोष कुमार सुमन अपने सभी परिवार के साथ मतदान करने पहुंचे.

पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने वोट डालने के बाद कहा कि देखिए कहा जाता है कि अंत भला तो सब भला इसलिए आज का जो मतदान हुआ, बहुत इम्पोर्टेड है. हमलोग जनतंत्र में विश्वास करते हैं. हम कह सकते हैं कि भारत की डेमोक्रेसी जड़ पकड़ती जा रही है. उन्होंने यह भी कहा कि इसीलिए हमलोग सब उत्साहित होकर अपना मतदान कर रहे हैं. जीतन राम ने कहा कि हमें जानकारी है कि हमलोग बहुमत से बहुत आगे बढ़ गए हैं और इस चरण में भी आगे रहेंगे. 400 के पार होंगे 406 रहे या 410 रहेगा.

इसी आंकड़ें पर हमलोग रहेंगे. बिहार में पिछली बार 39 सीट पर रहे थे. इस बार 40 की 40 सीट जीतेंगे. यही परिस्थिति है. जहानाबाद लोकसभा चुनाव पर कहा कि यहां चार भाग में भूमिहारों का वोट बंटेगा. तीन प्रत्याशी है और चौथा जदयू है. स्ट्रॉन्ग रूम पर नजर बनाए रखने की राहुल गांधी की अपील पर उन्होंने कहा कि यही हमलोग पहले से कह रहे थे. कर्नाटक में चुनाव जीते तो ईवीएम और स्ट्रॉन्ग रूम सब कुछ ठीक था. अब पहले ही हार मान लिए हैं. इंडी गठबंधन वाले अंत में यही बोलेंगे कि ईवीएम में गड़बड़ी थी. इसलिए दिक्कत हुई. तो वैसे ही स्ट्रॉन्ग रूम के बारे में कह रहे हैं, इसका मतलब साफ है कि उनलोग मान गए हैं कि हार गए हैं. एनडीए 400 के पार करने पर उन्होंने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव है. राष्ट्रीय मुद्दा है.

यह लोकल चुनाव नहीं है. विपक्षियों के पास कोई मुद्दा नहीं है. हिंदुस्तान की आर्थिक व्यवस्था पांचवें स्थान पर आ गई है. तो भारत 2027 तक तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा. वार्षिक आय बढ़ेगी तो बेरोजगारी दूर होगी. शाहबाज सरकार की दलील पर मांझी ने कहा कि यह कोई नया मामला नहीं है. पीओके आज का नहीं है विदेश मंत्री की बातें विभिन्न सभाओं में सुनेंगे. एक महीना पहले से यह बातें चल रही हैं, जिस दिन टारगेट फिक्स हुआ है 400 सीट लेना है.

उसका मतलब ही यही है. इसके अलावे और भी राष्ट्रीय मुद्दा है. हम नहीं बता रहे हैं, ऐसे पांच से छह मुद्दे हैं, जिसे लेना है. इसके लिए ज्यादा बहुमत की जरूरत है. इसलिए पीएम ने 400 पार का नारा दिया है. मांझी ने आगे कहा कि वहां के लोग चाहते हैं कि हमलोग भारत में मिलें. पाकिस्तान में आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी है. सब वहां से ऊब चुके हैं. पीओके भारत में आ जाएगा तो ठीक होगा.

### यह देश बनाने का चुनाव है: तेजस्वी



पटना के वेटरनरी कॉलेज मतदान केंद्र पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव शनिवार को व्हीलचेयर पर मतदान करने पहुंचे. इस दौरान उनके साथ बड़े भाई पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव भी थे. वोट डालने के बाद तेजस्वी यादव ने मीडिया से बात की. उन्होंने कहा कि यह देश बनाने का चुनाव है. देश के संविधान की हिफाजत की घड़ी आई है. बिहार का मिजाज टनाटन टनाटन है. इस बार लोग महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर वोट कर रहे हैं. तेजस्वी यादव ने एग्जिट पोल पर कहा कि किसके एग्जिट पोल का भरोसा किया जाए? हम चार जून का इंतजार करेंगे. हमें पूरा भरोसा है चार जून को ''इंडिया'' गठबंधन की सरकार आ रही है. हम चार जून को सरकार बना रहे हैं. एनडीए जल्द ही जाने वाला है. नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि मैं बिहार और देश की जनता से अपील करता हूं कि वे भारी संख्या में मतदान करें. संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र को खत्म करने वालों और बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाने वालों के खिलाफ वोट करें. वहीं, पीएम मोदी के कन्याकुमारी दौरा पर उन्होंने निशाना साधते हुए इसे फोटो शूट करार दिया. इस दौरान मतदान केंद्र पर पहुंचे तेज प्रताप यादव ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी फेल है और आज से ये साबित हो जाएगा.

# दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत



घटनास्थल पर पड़ा दुर्घटनाग्रस्त ट्रक.

**संवाददाता । किशनगंज**

सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत हो गई. घटना शनिवार को विशनपुर एनएच 327 ई अररिया बहादुरगंज मुख्य पथ अंतर्गत कोचाधामन प्रखंड के चौपड़ाबाख़री चौक के समीप हुई. भीषण दुर्घटना में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई और एक चालक बुरी तरह घायल हो गया.

जानकारी के अनुसार शनिवार की अहले सुबह लगभग तीन बजे के करीब में बहादुरगंज से अररिया के तरफ जा रही ट्रक, जिस पर पेपर का रोल लदा हुआ था, इस ट्रक की टक्कर बहादुरगंज की तरफ जा रही ट्रक से सीधी और भीषण टक्कर हो गई. जिससे दो ट्रक के चालक बुरी तरह जख्मी हो गए. घटना में पेपर रोल लदी ट्रक के चालक 45 वर्षीय रिंकू कुमार साकिन, रीतौल थाना कायमगंज, जिला फरुखाबाद, यूपी की मौके पर ही मौत हो गई. दूसरे ट्रक का चालक बुरी तरह जख्मी हो गया. ट्रक में अचानक आग लग गई और पेपर रोल लदा ट्रक बुरी तरह जल कर खाक हो गया. आगलगी की इस घटना में दूसरे ट्रक का अगला हिस्सा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. ट्रक दुर्घटना व ट्रक में लगी आग की सूचना मिलते ही कोचाधामन थानाध्यक्ष राजा अहले सुबह घटना स्थल पर पहुंचे. दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर बुलाकर धू धू कर जल रही ट्रक की आग को बुझाया. तब तक देर हो चुकी थी. ट्रक तथा ट्रक में लदा पेपर रोल पूरी तरह जल कर राख हो गया. आगलगी की इस घटना में लाखों रुपया के पेपर रोल जल कर खाक हो गए. इस दौरान सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया. कोचाधामन थानाध्यक्ष राजा ने सड़क निर्माण कार्य कर रही जीआर इंफ्राटेक कम्पनी के कर्मी अनिल कुमार यादव व उनके दल के सहयोग से क्रेन से दोनों दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सड़क से साइड कर आवगमन को बहाल कराया.

**कारोबार**

### कच्चे तेल पर लाभ कर 5,200 रुपये प्रति टन

**नयी दिल्ली ।** सरकार ने शनिवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 5,700 रुपये से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया. यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है. डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है. एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दरें एक जून से प्रभावी हैं. भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था.

### टोयोटा किर्लोस्कर की बिक्री 24 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने शनिवार को बताया कि मई में उसकी कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 25,273 इकाई रही. कंपनी की घरेलू बिक्री समीक्षाधीन माह में 23,959 इकाई रही, जबकि निर्यात 1,314 इकाई रहा. वाहन कंपनी ने मई 2023 में अपने डीलरों को 20,410 इकाइयां भेजी थीं. टीकेएम के उपाध्यक्ष सबरी मनोहर ने कहा कि हमारे सतत ग्राहक केंद्रित नजरिये ने हमें अपने ग्राहकों की विविध जरूरतों को समझकर श्रृंखला की पेशकश कर आगे बने रहने के लिए प्रेरित किया है.

### कंपनियों को अफवाह की पुष्टि करनी होगी

**नयी दिल्ली ।** बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों को एक जून से अपने संबंध में मुख्यधारा के मीडिया में आने वाली किसी भी बाजार अफवाह की पुष्टि या खंडन करना होगा. यह नियम एक दिसंबर से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए लागू होगा. सेबी के नियमों के तहत, इन कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बताई गई किसी भी असामान्य घटना या सूचना की पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर करना होगा. एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा कि इस कदम से ऐसी सूचना लीक होने से रोकी जा सकेगी, जो किसी खास कॉरपोरेट कार्यवाही में मूल्यांकन को प्रभावित करेगी.

## जेपी प्रोजेक्ट में निवेश करने वाले 20,000 खरीदारों की फ्लैट पाने की उम्मीदें जगीं

# फिर शुरू होगा जेपी का निर्माण कार्य

**मिलेगा घर**

- यीडा को 1,335 करोड़ भुगतान करने को कहा गया था
- समिति में सुरक्षा व आईआरपी के अधिकारी शामिल हैं

**भाषा । नयी दिल्ली**



### यीडा ने सुरक्षा ग्रुप से 1,689 करोड़ की मांग की थी

सुरक्षा ने अप्रैल में इस बारे में समाधान योजना एनसीएलटी को दी थी. इसके मुताबिक किसानों के लिए बढ़े हुए मुआवजे के रूप में 1,216 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा. कंपनी ने 90 दिनों में राशि का 10%, पहले वर्ष के अंत तक 15% और अगले तीन वर्षों के लिए सालाना 25% भुगतान करने का प्रस्ताव रखा है. हालांकि, एनसीएलएटी ने कंपनी को अन्य सिक्योर्ड क्रेडिटर्स को किए गए भुगतानों के मुताबिक 118.3 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान करने को कहा. यीडा ने किसानों के मुआवजे के लिए सुरक्षा ग्रुप से 1,689 करोड़ रुपये की मांग की थी. घाटे की भरपाई अथॉरिटी अपने खजाने से करेगी. सिंह ने कहा कि इस पर निर्णय अगली बोर्ड बैठक में लिया जाएगा. बता दें कि जेपी इन्फ्राटेक के खिलाफ दिवाला समाधान प्रक्रिया अगस्त, 2017 में शुरू हुई थी.

सालों पहले जिन लोगों ने जेपी इन्फ्राटेक (जेइ) में घर खरीदने के लिए पैसे लगाए थे, उनका सपना पूरा हो सकता है. यानी कि निर्माण कार्य फिर से शुरू हो सकता है. मिली जानकारी के अनुसार मुंबई का सुरक्षा ग्रुप अगले सप्ताह एक बैठक के बाद कर्ज में डूबी जेपी इन्फ्राटेक का अधिग्रहण कर सकता है.

दरअसल जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड के लिए सुरक्षा ग्रुप की समाधान योजना को पिछले हफ्ते एनसीएलएटी ने मंजूरी दे दी थी. इससे जेपी की नोएडा के विश टाउन और अन्य स्थानों पर रुके नौ प्रोजेक्ट्स पर फिर से निर्माण कार्य शुरू हो सकता है. इससे जेपी के हजारों होमबायर्स को फायदा होगा. इससे 15-20 साल पहले जेपी के प्रोजेक्ट में निवेश करने वाले 20,000 खरीदारों की फ्लैट पाने की उम्मीदें फिर से जगी हैं. अब तक जेपी इन्फ्राटेक के दैनिक कामकाज का प्रबंधन एक कार्यान्वयन और निगरानी समिति कर रही है. एनसीएलटी द्वारा गठित इस समिति में सुरक्षा, जेआईएल, घर खरीदने वाले और एक आईआरपी के अधिकारी शामिल हैं. यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी (यीडा) के सीईओ अरुण वीर सिंह ने कहा कि सुरक्षा ग्रुप ने हमें औपचारिक रूप से यह जानकारी दी है कि वह जेपी इन्फ्राटेक को टेक ओवर करने की सूचना दी है. निगरानी कमेटी की बैठक मंगलवार को होनी है. अधिग्रहण के बारे में घोषणा जल्द ही की जाएगी. इससे रुकी हुई परियोजनाओं पर निर्माण शुरू करने का रास्ता साफ हो जाएगा. यमुना एक्सप्रेसवे के पास उस जमीन का प्रशासनिक नियंत्रण है जिस पर जेपी के कुछ प्रोजेक्ट हैं.

उन्होंने कहा कि सुरक्षा कंपनी के अधिकारी शुक्रवार को हमारे साथ एक और बैठक करेंगे, जिसमें इस बात पर चर्चा की जाएगी कि वे किसानों को मुआवजा कैसे और कब देने की योजना बना रहे हैं. कंपनी से पैसे मिलने के बाद हम ग्रामीणों के बीच राशि का वितरण शुरू कर देंगे. 24 मई को समाधान योजना को मंजूरी देते हुए एनसीएलएटी ने सुरक्षा को किसानों के मुआवजे के रूप में अगले चार साल में में यमुना अथॉरिटी को 1,335 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा था. वैसे एनसीएलटी ने जेपी इन्फ्राटेक के समाधान पेशेवर की तरफ से लगाई गई अर्जी पर पिछले साल 22 नवंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखा था.

इस याचिका में कंपनी की विभिन्न लंबित परियोजनाओं के तहत 20,000 फ्लैट के निर्माण की सुरक्षा समूह को अनुमति देने की अपील की गई थी. इस पर अपना फैसला सुनाते हुए न्यायाधिकरण ने कहा कि हमारे पास सुरक्षा रियल्टी लिमिटेड और लक्षदीप इन्वेस्टमेंट्स एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से पेश समाधान योजना को अनुमति देने के सिवाय कोई विकल्प नहीं है.

### महिंद्रा की बिक्री बढ़ कर 71,682 इकाई पर

**नयी दिल्ली ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) की वाहन बिक्री मई में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 71,682 इकाई रही है. पिछले साल समान माह में कंपनी ने वितरकों को 61,415 वाहनों की आपूर्ति की थी. मुंबई मुख्यालय वाली कंपनी एमएंडएम ने शनिवार को बयान में कहा कि घरेलू बाजार में यात्री वाहन खंड में उसकी बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 43,218 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 32,886 इकाई थी. कंपनी का वाहन निर्यात मई में दो प्रतिशत बढ़कर 2,671 इकाई रहा, जो पिछले साल इसी महीने में 2,616 इकाई था. महिंद्रा के कृषि उपकरण खंड (एफईएस) में ट्रैक्टरों की बिक्री मई में नौ प्रतिशत बढ़कर 37,109 इकाई रही, जो मई, 2023 में 34,126 इकाई थी. एमएंडएम के एफईएस खंड के अध्यक्ष हेमंत सिक्का ने कहा कि केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय पर आगमन और सामान्य से अधिक मानसून के पूर्वानुमान के कारण किसानों की भावनाओं में सुधार हुआ है.

- कंपनी का वाहन निर्यात मई में दो प्रतिशत बढ़कर 2,671 इकाई रहा, जो पिछले साल इसी महीने में 2,616 इकाई था

**न्यूज अपडेट**

### विमान ईंधन की कीमत में 6.5 प्रतिशत की कटौती

**नयी दिल्ली ।** विमान (जेट) ईंधन या एटीएफ के दाम में शनिवार को 6.5 प्रतिशत की कटौती की गयी वहीं होटल एवं रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर पर 69 रुपये की कमी की गयी. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में गिरावट के मद्देनजर ऐसा किया गया है. तेल विपणन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर (6.5 प्रतिशत) घटकर 94,969.01 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई. इससे पहले एक मई को इसकी कीमत में 749.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 0.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि की गई थी. मुंबई में एटीएफ दर 95,173.70 रुपये प्रति किलोलीटर से घटकर 88,834.27 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई. स्थानीय करों के आधार पर हर राज्य में कीमतें अलग-अलग होती हैं. इसके साथ ही तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 69 रुपये घटाकर 1,676 रुपये कर दी.

### हुंदै मोटर इंडिया की बिक्री मई में सात प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की वाहन बिक्री मई में सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 63,551 इकाई रही है. पिछले साल समान माह में कंपनी ने 59,601 वाहनों की बिक्री की थी. कंपनी की घरेलू थोक बिक्री मई में एक प्रतिशत बढ़कर 49,151 इकाई हो गई, जो पिछले साल मई में 48,601 इकाई थी. कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि वाहन निर्यात मई में 31 प्रतिशत बढ़कर 14,400 इकाई हो गया, जो पिछले साल मई में 11,000 इकाई था. एचएमआईएल के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा कि हमने अपने श्रीपेरंबदूर कारखाने में नियमित द्विवार्षिक रखरखाव के चलते एक सप्ताह तक कारखाना बंद होने के बावजूद मई, 2024 में एक स्वस्थ बिक्री बनाए रखी है. उन्होंने कहा कि वृद्धि में सबसे ज्यादा योगदान स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) खंड का बना हुआ है.

### एमजी मोटर इंडिया की बिक्री मई में 5 प्रतिशत घटी

**नयी दिल्ली ।** एमजी मोटर इंडिया की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत गिरकर 4,769 इकाई रह गई है. कंपनी ने पिछले साल मई में 5,006 वाहनों की बिक्री की थी. वाहन कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि पिछले महीने इसे इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली. कंपनी ने कहा कि पिछले महीने कंपनी की कुल वाहन बिक्री में इस खंड की हिस्सेदारी 36 प्रतिशत रही.

### टाटा मोटर्स की बिक्री 2% बढ़कर 76,766 इकाई रही

**नयी दिल्ली ।** टाटा मोटर्स की वाहन बिक्री मई में सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़कर 76,766 इकाई रही है. पिछले साल समान माह में कंपनी ने वितरकों को 74,973 वाहनों की आपूर्ति की थी. टाटा मोटर्स ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि घरेलू बाजार में उसकी बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 75,173 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 73,448 इकाई थी. घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन समेत कुल यात्री वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 47,075 इकाई रही है, जो पिछले साल मई में 45,984 इकाई थी. कंपनी के कुल वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी मई में दो प्रतिशत बढ़कर 29,691 इकाई रही है, जो पिछले साल इसी महीने में 28,989 इकाई थी.

### मारुति सुजुकी की बिक्री मई में दो प्रतिशत घट गई

**नयी दिल्ली ।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की वाहन बिक्री मई में सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 1,74,551 इकाई रही है. पिछले साल समान माह में कंपनी ने वितरकों को 1,78,083 वाहनों की आपूर्ति की थी. एमएसआई ने शनिवार को बयान में कहा कि घरेलू बाजार में यात्री वाहन खंड में उसकी बिक्री कुछ बढ़कर 1,44,002 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 1,43,708 इकाई थी. कंपनी की ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री मई में घटकर 9,902 इकाई रही, जो पिछले साल मई में 12,236 इकाई थी.

## ब्लूमबर्ग इंडेक्स — अडाणी का नेटवर्थ 111 अरब डॉलर और मुकेश अंबानी का 109 अरब डॉलर है

# एशिया के सबसे अमीर शख्स बने गौतम अडाणी

**भाषा । नयी दिल्ली**



**अडाणी अंबानी**

- दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं अडाणी
- अमीरों की लिस्ट में 12वें नंबर पर हैं मुकेश अंबानी

अमीरों की सूची में अब गौतम अडाणी एशिया के सबसे बड़े रईस बन गए हैं. उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक शुक्रवार को अडाणी की नेटवर्थ में 5.45 अरब डॉलर की तेजी आई. इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 111 अरब डॉलर पहुंच गई है.

वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें और एशिया में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं. दूसरी ओर मुकेश अंबानी 109 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 12वें और एशिया में दूसरे नंबर पर हैं. अडाणी शुक्रवार को सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अरबपति रहे. इस साल उनकी नेटवर्थ में 26.8 अरब डॉलर की तेजी आई है.

पिछले साल जनवरी में हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप के शेयरों में काफी गिरावट आई थी. लेकिन उन्होंने काफी हद तक इसकी भरपाई कर ली है.

अडाणी ग्रुप के शेयरों में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को काफी तेजी रही. कारोबार के दौरान इनमें 14 फीसदी तक तेजी आई. ग्रुप की होल्डिंग कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर सात फीसदी तेजी के साथ 3416.75 रुपये पर बंद हुआ. अडाणी पोर्ट्स का शेयर भी चार फीसदी तेजी के साथ 1,440 रुपये पर बंद हुआ. अडाणी पावर में कारोबार के दौरान 14 फीसदी तेजी रही और यह अंत में नौ फीसदी तेजी के साथ 759.80 रुपये पर बंद हुआ. इसी तरह अडाणी टोटल गैस का शेयर भी नौ फीसदी की तेजी के साथ 1,044.50 रुपये पर पहुंच गया. अडाणी विल्मर में तीन फीसदी और अडानी ग्रीन एनर्जी तथा अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में दो फीसदी तेजी रही. एनडीटीवी में आठ फीसदी, अंबूजा सीमेंट और एसीसी में दो फीसदी तेजी रही. अमेरिका के माइकल डेल की नेटवर्थ में शुक्रवार को सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली. डेल ने 11.7 अरब डॉलर गंवाए और इसके साथ ही वह अमीरों की लिस्ट में 11वें से 13वें नंबर पर फिसल गए. दुनिया के दस टॉप अरबपतियों में से आठ की नेटवर्थ में शुक्रवार को तेजी रही. इस लिस्ट में फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 207 अरब डॉलर के साथ पहले नंबर पर बने हुए हैं. एलन मस्क (203 अरब डॉलर) दूसरे और जेफ बेजोस (199 अरब डॉलर) तीसरे नंबर पर हैं. मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग (166 अरब डॉलर) के साथ चौथे, लैरी पेज (153 अरब डॉलर) पांचवें, बिल गेट्स (152 अरब डॉलर) छठे, सर्गेई ब्रिन (145 अरब डॉलर) सातवें, स्टीव बालमर (144 अरब डॉलर) आठवें, वॉरेन बफे (137 अरब डॉलर) नौवें और लैरी एलिसन (132 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं.

## ब्रीफ खबरें

### दो बसों की टक्कर, तीन की मौत, 40 घायल हुए

**मोडासा।** गुजरात के अरवल्ली जिले में शनिवार को राज्य परिवहन की एक बस ने पहले एक मोटरसाइकिल को और उसके बाद तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. यह दुर्घटना सुबह करीब 11 बजे सकारिया गांव के पास राज्य राजमार्ग पर हुई. उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन की बस के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया.

### कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में आग लगी

**नयी दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में कश्मीरी गेट मेट्रो थाने में देर रात आग लग गयी. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि देर रात करीब 12:45 बजे आग लगने के बारे में एक कॉल आयी, जिसके बाद 12 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गयीं. उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन थाने का एक हिस्सा आग में क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें मालखाना भी शामिल है.

### मिशेल ओबामा की मां मारिया का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की मां मारियां शील्ड्स रॉबिन्सन का निधन हो गया. वे 86 वर्ष की थीं. वे अपने दामाद बराक ओबामा के राष्ट्रपति चुने जाने पर उनके परिवार के साथ व्हाइट हाउस में ही रही थीं. व्हाइट हाउस अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय है. मिशेल ओबामा और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक बयान जारी कर रॉबिन्सन के निधन की जानकारी दी. रॉबिन्सन के पति का निधन पहले हो चुका है.

### इंडिगो की उड़ान को आपात स्थिति में उतारा

**मुंबई।** विमानन कंपनी इंडिगो की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां पूर्ण आपात स्थिति में उतारा गया. उड़ान में 172 लोग सवार थे. एक सूत्र ने बताया कि विमान सुबह करीब 8.45 बजे उतरा और यात्रियों को सीढ़ी का इस्तेमाल करके विमान से उतारा गया. इंडिगो के विमान में बम की धमकी मिलने की एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है. इससे पहले 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की एक उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी.

**सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा चुनाव संपन्न आम और खास ने वोट देकर देश के भविष्य को गढ़ने में अपनी भागीदारी निभाई**


**लाहौल और स्पीति:** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र, ताशीगंग, लाहौल और स्पीति में मतदान करने के लिए जा रहे लोग.


बिलासपुर में जेपी नड्डा.


गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ


कोलकाता में ममता बनर्जी.


कोलकाता में नुसरत जहां.


हमीरपुर में अनुराग ठाकुर.


गोरखपुर में रवि किशन.


मंडी में कंगना रनाउत.


पटना में शत्रुघ्न सिन्हा.


जालंधर में हरभजन सिंह.


कोलकाता में मिथुन चक्रवर्ती.

### दिल्ली के सीएम को राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली

# अरविंद केजरीवाल को आज वापस जाना होगा तिहाड़ जेल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को दो जून को तिहाड़ जेल में सरेंडर करना होगा. खबर है कि राउज एवेन्यू के स्पेशल कोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली है. कोर्ट उनकी अंतरिम बेल की याचिका पर फैसला पांच जून को सुनायेगा. सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 10 मई को चुनाव प्रचार के लिए 21 दिनों की अंतरिम जमानत दी थी. उनकी जमानत दो जून को खत्म हो रही है.

**केजरीवाल कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं :** उन्होंने स्पेशल कोर्ट के समक्ष दलील दी कि शुक्रवार को केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि वह दो जून को सरेंडर करेंगे. उन्होंने यह नहीं कहा कि वो कोर्ट के आदेश का इंतजार करेंगे. आरोप लगाया कि वह ऐसे बयान देकर कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद राउज एवेन्यू के स्पेशल कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने कहा कि 5 जून को अंतरिम जमानत पर फैसला सुनाया जायेगा.

**कोर्ट अंतरिम बेल की याचिका पर फैसला पांच को सुनाएगा**


नयी दिल्ली में अभिवादन करते अरविंद केजरीवाल.

**ईडी ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत बढ़ाने का विरोध किया**

जान लें कि केजरीवाल ने अपनी खराब सेहत और मेडिकल टेस्ट का हवाला देते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट में अंतरिम जमानत बढ़ाने की गुहार लगाई थी. शनिवार को उनकी याचिका पर कोर्ट में सुनवाई हुई. ईडी ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत बढ़ाने का विरोध किया. कोर्ट में केजरीवाल की ओर से एन हरिहरन और ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू पेश हुए. इस क्रम में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ऑनलाइन जुड़े.

**ईडी ने कोर्ट में रखे अपने दावे, किया विरोध :** वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केजरीवाल के अंतरिम जमानत आवेदन का शनिवार को विरोध किया. ईडी ने अदालत में दावा किया कि केजरीवाल ने तथ्यों को छिपाया एवं अपने स्वास्थ्य सहित कई मामलों पर गलत बयान दिये. उसकी ओर पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत में कहा कि केजरीवाल ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में भ्रामक दावा किया कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे.


केजरीवाल ने स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत की अवधि एक सप्ताह बढ़ाने का अनुरोध किया है. उनके वकील ने अदालत में कहा कि अरविंद केजरीवाल बीमार हैं और उन्हें उपचार की जरूरत है.

इसपर ईडी ने कहा कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत की पूरी अवधि में प्रचार किया और अब वह अचानक दावा कर रहे हैं कि वह बीमार हैं. उसने अदालत से कहा कि यदि किसी चिकित्सकीय परीक्षण की जरूरत होगी तो वह जेल के अंदर कराया जाएगा तथा आवश्यकता होने पर केजरीवाल को एम्स या अन्य अस्पताल में ले जाया जाएगा.

# पीएम ने साधना पूरी की, कहा- जीवन का हर पल देश के लिए

**भाषा। कन्याकुमारी (तमिलनाडु)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की. मोदी ने बाहर आकर संदेश दिया- फिर से ये संकल्प दोहराता हूं कि मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है. मोदी ने कहा यह साधना अविस्मरणीय क्षणों में से एक रही. इस दौरान अलौकिक और अद्भुत ऊर्जा का अनुभव किया. ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया, जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई. वह नौका सेवा द्वारा प्रतिमा परिसर पहुंचे और बाद में नौका सेवा का इस्तेमाल करते हुए तट पर पहुंचे. स्मारक पर अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय 'सूर्य अर्घ्य' दिया. 'सूर्य अर्घ्य' आध्यात्मिक अभ्यास से जुड़ी एक परंपरा है, जिसमें भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है. ध्यान लगाते समय मोदी भगवा वस्त्र पहने हुए थे. प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी.


कन्याकुमारी में शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी.

## पाक में आईईडी विस्फोट में चार सैनिकों की मौत, तीन घायल

**भाषा। पेशावर**

पाकिस्तान के अशांत उत्तरपश्चिम क्षेत्र में एक आईईडी विस्फोट में सेना के कम से कम चार जवान मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. यह घटना शुक्रवार देर शाम हुई जब सुरक्षाबल देश के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के सरा बंग्ला और तारखानन इलाके में गश्त कर रहे थे. पुलिस ने बताया कि आईईडी से किए गए विस्फोट में पाकिस्तानी सेना के कम से कम चार जवानों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए. घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया.

घटना के बाद सुरक्षाबलों को मौके पर भेजा गया और उन्होंने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी. विस्फोट में शामिल दोषियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान चलाया गया है. अभी किसी समूह ने विस्फोट की जिम्मेदार नहीं ली है.

### भेड़ वितरण योजना घोटाले में दो अधिकारी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पूर्ववर्ती भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार के दौरान भेड़ वितरण योजना में कथित अनियमितताओं के संबंध में तत्कालीन पशुपालन मंत्री के पूर्व विशेष कार्य अधिकारी और एक अन्य अधिकारी को गिरफ्तार किया है. एसीबी ने कहा कि तेलंगाना राज्य पशुधन विकास एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सबावत रामचंदर व गुंडामाराजू कल्याण कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है.

## केरल कांग्रेस ने महात्मा गांधी पर मोदी के बयान की निंदा की

**भाषा। तिरुवनंतपुरम**

केरल कांग्रेस ने महात्मा गांधी के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया टिप्पणी को शनिवार को अत्यधिक निंदनीय करार दिया और कहा कि यह राष्ट्रपिता का अपमान करने के समान है. वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने मांग की कि मोदी अपना बयान वापस लें और लोगों से माफी मांगें. प्रधानमंत्री ने हाल ही में एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा था कि दुनिया को महात्मा गांधी के बारे में तब तक पता नहीं था, जब तक फिल्म गांधी नहीं बनी थी.

राज्य विधानसभा में पूर्व नेता विपक्ष चेन्निथला ने दावा किया कि देश में गांधी के प्रति अनादर दिखाया जा रहा है. कांग्रेस नेता ने कहा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में नरेंद्र मोदी का बयान बेहद निंदनीय है. क्या गांधी को दुनिया भर में पहचान गांधी फिल्म बनने के बाद मिली? दुनिया में आप जहां भी जाएंगे, आपको गांधी की एक प्रतिमा या उनके नाम पर एक सड़क मिल जाएगी. महात्मा गांधी को छोड़कर दुनिया में किसी और को समर्पित इतने सारे स्मारक नहीं हैं. उन्होंने जो कहा वह वास्तव में गांधी जी के प्रति अनादर दिखाता है.

**खास बातें**

- कांग्रेस ने पीएम मोदी को माफी मांगने के लिए कहा
- केरल कांग्रेस ने कहा- पीएम मोदी अपने शब्द वापस लें

## 'पोर्श' कार दुर्घटना: नाबालिग की मां गिरफ्तार

**भाषा। पुणे**

पुणे पुलिस ने 'पोर्श' कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है. इस बात की पुष्टि हो गयी है कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे. उसकी मां को आज एक अदालत में पेश किया जा सकता है. शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना की जांच में यह पता चला है कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत में कहा था कि किशोर के रक्त के नमूने एक महिला के रक्त के नमूने से बदले गए थे. पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को 'पोर्श' कार के 17 वर्षीय चालक ने मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित रूप से टक्कर मार दी थी जिससे दोनों की मौत हो गयी थी. पुलिस ने दावा किया कि आरोपी नशे की हालत में कार चला रहा था. मामले के 17 वर्षीय आरोपी को एक सुधार गृह में भेज दिया गया जबकि उसके पिता व रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्र अग्रवाल को परिवार के वाहन चालक का कथित तौर पर अपहरण करने और उस पर हादसे की जिम्मेदारी लेने का दबाव बनाने के लिए गिरफ्तार किया गया है.


पुणे में पोर्श कार हादसे में आरोपी की मां से होगी पूछताछ.

शुक्रवार को एक अदालत ने नाबालिग के पिता और दादा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गयी थी. पुलिस ने यह दिखाने के लिए नाबालिग के रक्त नमूने बदलने के आरोप में ससून जनरल हॉस्पिटल के फॉरेंसिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. अजय तावड़े, चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और कर्मचारी अतुल घाटकाम्बले को गिरफ्तार किया है कि आरोपी दुर्घटना के वक्त नशे की हालत में नहीं था.

पुलिस के अनुसार, शराब की जांच के लिए नमूने एकत्रित किए जाने के दौरान विशाल अग्रवाल और गिरफ्तार चिकित्सकों में से एक डॉ. अजय तावड़े के बीच फोन पर कई बार बातचीत हुई थी. पुलिस ने रक्त नमूनों की कथित तौर पर अदला-बदली के संबंध में विशाल अग्रवाल की हिरासत के लिए शुक्रवार को एक अर्जी दायर की. इस बीच, किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) ने पुलिस को पोर्श दुर्घटना में कथित तौर पर शामिल नाबालिग से पूछताछ करने की अनुमति दे दी है. किशोर न्याय अधिनियम के तहत किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में की जानी होती है.

### दक्षिण-पश्चिम मॉनसून और प्रबल हुआ

## केरल के कई इलाकों में भारी बारिश, अलर्ट जारी हुआ

**भाषा। तिरुवनंतपुरम**

केरल में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के जल्द दस्तक देने के दो दिन बाद राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश होने से भूस्खलन, पेड़ों के उखड़ने और जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई. कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम के कुछ हिस्सों में शुक्रवार रात से भारी बारिश हो रही है. शुक्रवार की रात पहाड़ी जिले इडुक्की के अंदरूनी इलाकों में स्थित पूचपरा और कोलप्परा इलाकों में भूस्खलन और पेड़ों के उखड़ने की सूचना है. स्थानीय लोगों ने बताया कि भूस्खलन से कुछ मकान और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन किसी की जान जाने की खबर नहीं है. भूस्खलन के संभावित खतरे के कारण थोडुपुझा-पुलियानमाला राज्य राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध लगा दिया गया है. इडुक्की में मलंकारा बांध के पांच द्वार खोले जाने के बाद जिला अधिकारियों ने थोडुपुझा और मुवत्तुपुझा नदियों के किनारे रहने वालों को सावधानी बरतने की सलाह दी है. पड़ोसी कोट्टायम जिले के विभिन्न भागों में भारी बारिश के मद्देनजर मीनाचल और मणिमाला नदियों के निकट रहने वाले लोगों से भी सतर्क रहने का आग्रह किया गया है. शुक्रवार की शाम से कोट्टायम के कई हिस्सों में लगातार कई घंटों तक हुई बारिश के कारण जलभराव हो गया और यातायात बाधित हो गया.

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात को वडावथूर क्षेत्र में 100 मिमी बारिश हुई.

**अनोखा प्रयास**

### मशीन घ्राण में प्रगति, जिसे डिजीटल गंध भी कहा जाता है

# कंप्यूटर को सूंघने की क्षमता मिलेगी, एआई कर रहा हल

**एजेंसी। एन आर्बर (अमेरिका)**

100 साल से भी अधिक पहले, अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने नेशनल ज्योग्राफिक के पाठकों से कुछ साहसिक और नया करने के लिए कहा था - एक नया विज्ञान खोजने के लिए. उन्होंने कहा था कि ध्वनि और प्रकाश के मापन पर आधारित विज्ञान पहले से ही अस्तित्व में है. लेकिन गंध का कोई विज्ञान नहीं था. बेल ने अपने पाठकों से गंध मापने के लिए कहा. आज, अधिकांश लोगों की जेब में स्मार्टफोन ध्वनि और प्रकाश के विज्ञान पर आधारित प्रभावशाली अंतर्निहित क्षमताएं प्रदान करते हैं: आवाज सहायक, चेहरे की पहचान और फोटो वृद्धि. इनकी तुलना में गंध का विज्ञान कहीं नहीं है. लेकिन अब यह स्थिति बदल रही है, क्योंकि मशीन घ्राण में प्रगति, जिसे डिजीटल गंध भी कहा जाता है, आखिरकार बेल के आह्वान का जवाब दे रही है.



- एक नया विज्ञान खोजने का साहसिक प्रयास
- मशीन घ्राण क्रिया पर टीम ने किया काम

गंध की मानवीय भावना की जटिलता के कारण मशीनी घ्राण पर अनुसंधान को एक विकट चुनौती का सामना करना पड़ता है. जबकि मानव दृष्टि मुख्य रूप से रेटिना में रिसेप्टर कोशिकाओं - छड़ें और तीन प्रकार के शंकु - पर निर्भर करती है, नाक में लगभग 400 प्रकार की रिसेप्टर कोशिकाओं के माध्यम से गंध का अनुभव होता है. मशीन घ्राण क्रिया सेंसर से शुरू होती है जो हवा में अणुओं का पता लगाती है और उनकी पहचान करती है. ये सेंसर आपकी नाक में मौजूद रिसेप्टर्स के समान ही उद्देश्य पूरा करते हैं.

**अलेक्जेंडर विल्त्स्को के नेतृत्व में एक गूगल अनुसंधान टीम काम कर रही**

2019 तक, सबसे बड़े डेटासेट ड्रीम चुनौती में 500 से कम अणुओं से बढ़कर लगभग 5,000 अणुओं तक पहुंच गए थे. अलेक्जेंडर विल्त्स्को के नेतृत्व में एक गूगल अनुसंधान टीम अंततः मशीन घ्राण में गहन शिक्षण क्रांति लाने में सक्षम रही. ग्राफ न्यूरल नेटवर्क नामक एक प्रकार की गहन शिक्षा पर आधारित उनके मॉडल ने मशीन घ्राण में अत्याधुनिक परिणाम स्थापित किए. विल्त्स्को अब ओस्मो के संस्थापक और सीईओ हैं, जिसका मिशन कंप्यूटरों को गंध की क्षमता देना है. हाल ही में, विल्टस्को और उनकी टीम ने प्रमुख गंध मानचित्र बनाने के लिए एक ग्राफ न्यूरल नेटवर्क का उपयोग किया, जहां अवधारणात्मक रूप से समान गंधों को असमान गंधों की तुलना में एक-दूसरे के करीब रखा जाता है.

लेकिन लोगों के लिए उपयोगी होने के लिए, मशीन घ्राण को एक कदम आगे जाने की जरूरत है. सिस्टम को यह जानने की जरूरत है कि एक निश्चित अणु या अणुओं के समूह की गंध मनुष्य को कैसी लगती है.

### सलमान खान पर हमले की साजिश रचने का आरोप

# बिश्नोई गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**भाषा। मुंबई**

नवी मुंबई पुलिस ने अभिनेता सलमान खान पर हमले की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. सलमान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हाल ही में हुई गोलीबारी की पृष्ठभूमि में यह गिरफ्तारी हुई है. अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि सलमान के पनवेल स्थित फार्म हाउस में उनपर हमला करने की साजिश रची गयी है, जिसके बाद नवी मुंबई पुलिस ने पिछले महीने जांच शुरू की थी.

पुलिस ने बताया कि चारों गिरफ्तार आरोपी जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के संपर्क में थे तथा उन्होंने बिश्नोई भाइयों के इशारे पर फार्महाउस एवं उन स्थानों की रेकी की थी, जहां सलमान काम करते हैं. नवी मुंबई पुलिस ने अपनी प्राथमिकी में लॉरेंस बिश्नोई और अनमोल बिश्नोई समेत 17 व्यक्तियों को नामजद किया है.


लॉरेंस बिश्नोई व सलमान खान.

चारों गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनंजय तापेसिंह उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नाहवी, वास्पी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के तौर पर की गयी है. अधिकारी ने बताया कि इन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी और 506 व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है.

लॉरेंस बिश्नोई अभी गुजरात के अहमदाबाद की साबरमती केंद्रीय कारागार में बंद है, जबकि ऐसा माना जाता है कि अनमोल बिश्नोई अमेरिका या कनाडा में है. गौरतलब है कि 14 अप्रैल को मोटरसाइकिल पर आए लोगों ने मुंबई के बांद्रा में सलमान के गैलेक्सी स्थित अपार्टमेंट के बाहर कई गोलियां चलायी थीं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)